हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



## रोहित की कप्तानी में टूटा बैजबॉल का घमंड, 500 विकेट से चूकने के बावजूद...

Page 10 देश



## अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान, किराड़ी क्षेत्र में 10 नए स्कूल बनाने की घोषणा

कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • मंगलवार • 06 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 58 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 63, 220 | ₹72,200 |

## आज का इतिहास

- 1950 : प्रथम कैबिनेट सचिव एन.आर. पिल्लै को भारत में नियुक्त किया गया
- 1959 : अन्ना चांडी भारत में उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली महिला न्यायाधीश बनी।

## न्यूज बाइट्स

### आयोग ने चुनाव कार्य में बच्चों को न लगाने के निर्देश दिए

**नईदिल्ली (ए.)।** निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को साफ-साफ निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार के काम में बच्चों का इस्तेमाल न करें। आयोग ने कहा कि इस मामले में कोई भी अवहेलना 'रत्ती भर भी स्वीकार्य नहीं होगी। आयोग ने सोमवार को इस बारे में राजनीतिक दलों, चुनाव में प्रत्याशियों और निर्वाचन मशीनरी को कड़े निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि इस मामले में लोगों को बाल श्रमिक (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 और इसमें 2016 में किए गए संशोधनों का कड़ाई से पालन करना होगा।

### लावारिस पड़े 2500 करोड़ के खाताधारकों को खोज रही राज्य सरकार

**पटना (नि.सं.)।** अधिकांश लोग अपनी गाढ़ी कमाई बैंकों में रखते हैं। लेकिन किसी वजह से बैंकों में खाता खुलवाने के बाद भूल जाते हैं। यहाँ तक की वे बैंकों में जमा पैसे भी निकालना भूल जाते हैं। यहीं नहीं राज्य की सरकारें भी बैंक में रखा पैसा भूल जाती है। इस तरह बैंकों में करोड़ों रूपये लावारिस पड़े रहते हैं। बिहार की बात करें तो यहाँ के बैंकों में आम लोगों के लगभग ढ़ाई हज़ार करोड़ रूपये लावारिस हालत में पड़े हुए हैं। जिनके खाताधारक या उनके नॉमिनी को राज्य सरकार खोजने में जुटा है। किसी का अता-पता नहीं मिलने पर अगले वित्तीय वर्ष यानी एक अप्रैल, 2024 के बाद से इस राशि को जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में ट्रांसफर कर दिया जायेगा। बैंकिंग नियामक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इस संबंध में सभी बैंकों को दिशा-निर्देश जारी किया है। वहीं बिहार सरकार की बात करें तो करीब 275 करोड़ राज्य सरकार के विभिन्न खातों में पड़ी हुई है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बटन दबाकर लघु उद्यमी योजना का किया शुभारंभ

# 94 लाख गरीब परिवारों को मिलेगी 2-2 लाख रुपये की मदद, 20 फरवरी तक आवेदन की अंतिम तिथि

निज संवाददाता | पटना

बिहार लघु उद्यमी योजना का लोकार्पण सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी समेत विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंडरिक समेत पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम नीतीश ने बटन दबाकर लघु उद्यमी योजना की शुरुआत की। साथ ही बुकलेट भी लॉन्च की। जिसमें योजना से जुड़ी तमाम जानकारियों विस्तृत रूप में बताई गई हैं।

बिहार लघु उद्यमी योजना के लिए आवेदन आज से शुरू हो जाएंगे। और 20 फरवरी आवेदन की आखिरी तारीख होगी। उद्योग विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। जिसके दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस योजना का इसका लाभ सभी वर्ग के गरीबों को मिलेगा। राज्य में हुई जाति आधारित गणना में 94 लाख ऐसे परिवार मिले हैं, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है। इन्हीं परिवारों के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत हर परिवार के एक सदस्य को दो लाख रुपये दिए जाएंगे। बिहार लघु उद्यमी योजना का लाभ उठाने के लिए लाभुक को राज्य का निवासी होना जरूरी है। साथ ही उसके परिवार की मासिक आय 6 हजार रुपये से कम हो। आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि दस्तावेज के जरिए योग्य लाभार्थी इस योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इस योजना का लोकार्पण होने के बाद आज से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले साल बिहार में हुई जाति गणना में सामने आया कि राज्य में 94 लाख परिवार ऐसे हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। उनके परिवार की मासिक आय 6 हजार रुपये से कम है। इसमें हर वर्ग के परिवार शामिल हैं। नीतीश सरकार इनके लिए योजना लेकर आई, जिसका नाम लघु उद्यमी योजना दिया गया है। इसके तहत हर गरीब परिवार के एक सदस्य को दो लाख रुपये की मदद की जाएगी। इससे वह कोई भी रोजगार शुरू कर सकेंगे। यह योजना उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व में दावा किया कि इस योजना से अगले पांच साल के भीतर राज्य से गरीबी दूर हो जाएगी। इस योजना का लाभ पांच साल के भीतर सभी 94 लाख परिवारों को दिया जाएगा।



### कौन से लोग इस योजना का ले सकेंगे लाभ

इस योजना का लाभ वे लोग उठा सकेंगे जिनके परिवार की कुल आय छह हजार रुपये प्रति माह से कम है। सरकार द्वारा हाल ही में कराई गई जाति आधारित जनगणना के बाद इस योजना के क्रियान्वयन में उन सभी गरीब परिवारों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है जिनकी वार्षिक आय 72 हजार रुपये से कम है। सरकार राज्य के सभी गरीब परिवारों के कम से कम एक सदस्य को 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करेगी ताकि लाभार्थी कोई छोटा व्यवसाय शुरू कर सके।

### स्वरोजगार के लिए 62 उद्योग सूचीबद्ध

जानकारी के अनुसार इस योजना में फिलहाल 62 प्रकार के उद्योग शामिल किए गये हैं जिनमें से मुख्य रूप से लकड़ी आधारित खिलौने, बर्तन निर्माण, फर्नीचर निर्माण तथा मरम्मत कार्य, कपड़ा निर्माण, बुनाई, हस्तशिल्प, हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी, खाद्य प्रसंस्करण, सब्जी व फल प्रसंस्करण, सैलून, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल, टीवी, इलेक्ट्रोनिक रिपेयर, कपड़े धोने की लौंड्री, राशन किराना, मेडिकल स्टोर, ईंट भट्ठा, सीमेंट, कंक्रीट निर्माण आदि शामिल हैं ।

### योजना संचालन के लिए बनेगी जिलास्तरीय कमिटी

जानकारी के अनुसार इस योजना के जिला स्तर पर संचालन के लिए जिला स्तरीय कमेटी भी बनायी जायेगी जिसके अध्यक्ष संबंधित जिले के जिलाधिकारी होंगे। इस कमेटी में सदस्य सचिव के रूप में जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक के अलावा उप विकास आयुक्त, कल्याण पदाधिकारी तथा श्रम अधीक्षक की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कमेटी को यह भी अधिकार दिये गये हैं कि क्षेत्र के आधार पर उद्योगों की संभावनाओं को देखते हुए जारी किये गये चिन्हित उद्योगों में फेर बदल कर सके। यह कमेटी क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए सरकार द्वारा जारी की गयी उद्योग की सूचि में संबंधित उद्यम को जोड़ सकती है साथ ही जो रोजगार जारी सूची के अनुरूप नहीं है उसे हटाने का भी अधिकार संबंधित कमेटी को प्रदान किये गये हैं।

### तीन किश्तों में दी जाएगी राशि

2 लाख रुपये की यह सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाएगी। इनमें से आवेदन की मंजूरी के बाद व्यवसाय स्थापित करने या शुरू करने के लिए पहली किस्त के रूप में 50,000 रुपये की राशि दी जाएगी, इसके बाद दूसरी किस्त 75,000 रुपये की राशि होगी जिसका उपयोग आवश्यक उपकरण और मशीनरी खरीदने के लिए किया जाएगा। शेष राशि अंतिम किश्त के रूप में 75,000 रुपये इकाई के संचालन के लिए लाभुक को प्रदान किये जायेंगे। वहीं योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा और लाभार्थियों का चयन रैंडमली किया जाएगा।

## नीतीश कैबिनेट की अहम बैठक आज

**पटना(नि.सं.)।** बिहार कैबिनेट की अहम बैठक मंगलवार, आज होने जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक सुबह साढ़े 11 बजे सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लग सकती है। बता दें कि दो दिन पहले नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों के बीच हुए विभागों के बंटवारे के बाद कैबिनेट की पहली बैठक होने जा रही है। गौरतलब है कि बजट सत्र को ध्यान में रखते हुए नीतीश सरकार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।

## इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन बना विश्व का सबसे बड़ा नेचुरोपैथी संगठन

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र के संगठन इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन (आईएनओ) को "बिगेस्ट नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन इन द वर्ल्ड" से सम्मानित से किया गया है। आईएनओ ने सोमवार को यहां बताया कि वियतनाम की आर्थिक राजधनी हो चि मिह्न शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान प्रदान किया गया। संगठन के प्रमुख ने बताया कि आईएनओ पिछले 25 वर्ष से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेचुरोपैथी का प्रचार-प्रसार और समग्र विकास के लिए प्रयासरत है। वियतनाम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के 20वें वार्षिक समारोह के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वियतनाम के केंद्रीय मंत्री तथा इंडो-वियतनाम मेडिकल बोर्ड के निदेशक डॉ. बिश्वरूप रॉय चौधरी ने सूर्या फाउंडेशन के उपाध्यक्ष तथा इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अंनत बिरादार को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर हिंदी भाषा में विशेष योगदान हेतु राज्यसभा सांसद रामचंद्र जाँगड़ा को भी सम्मानित किया गया।



लोकसभा में पेश हुआ लोक परीक्षा विधेयक 2024

# पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी पर लगेगी लगाम

एजेंसी | नई दिल्ली

चाहे केंद्र हो या राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाएं या मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रवेश परीक्षाएं, लगभग सभी में कभी न कभी पेपर लीक या परीक्षा के दौरान नकल या कोई अन्य गड़बड़ी के मामले सामने आते रहे हैं। इनके चलते कई बार तो पूरी परीक्षा ही कैंसिल करनी पड़ती है, जिससे सभी स्टूडेंट्स को परेशानी होती है। इन परिस्थितियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार अब एक नया कानून लाने की तैयारी कर रही है।

इस दिशा कदम उठाते हुए सोमवार को संसद में लोक परीक्षा विधेयक 2024 प्रस्तुत किया गया। इस विधेयक को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जीतेंद्र सिंह पहले निचले सदन लोकसभा में प्रस्तुत किया। लोकसभा में पास होने के बाद इसे उच्च सदन राज्य सभा में प्रस्तुत किया जाएगा। दोनों सदनों में पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और अनुमति मिलने के बाद यह कानून लागू हो जाएगा। माना जा रहा है कि जल्द ही होने वाले लोकसभा चुनावों तथा जून तक होने वाले विभिन्न भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं के मद्देनजर इस लोक परीक्षा विधेयक को संसद के इसी सत्र में पास किया जा सकता है।



### क्या है लोक परीक्षा विधेयक?

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में 31 जनवरी 2024 को संसद में दिए गए अपने अभिभाषण में कहा था कि सरकार द्वारा विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक 2024 को लोकसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस विधेयक के कानून बनने के बाद इसके दायरे में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे (रेलवे भर्ती बोर्ड, आरआरबी), बैंकिंग (आईबीपीएस, एसबीआई आदि) भर्ती परीक्षाओं के साथ-साथ मेडिकल (एनईईटी यूजी/पीजी), इंजीनियरिंग आदि), विश्वविद्यालय यूजी/पीजी प्रवेश परीक्षा आदि प्रवेश परीक्षाएं भी आएंगी। लोक परीक्षा (कदाचार रोकथाम) विधेयक 2024 में परीक्षा में गड़बड़ी से लेकर पेपर लीक की घटनाओं के लिए कड़े कानून बनाए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस विधेयक में पेपर लीक के मामले में दोषियों पर एक करोड़ रुपये के जुर्माने और दस साल की सजा का प्रावधान है।

## फ्लोर टेस्ट से पहले पीएम से मिलेंगे नीतीश कुमार



**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को नई दिल्ली जाएंगे। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कुछ और केंद्रीय मंत्रियों से उनकी मुलाकात होगी। राजग के साथ मिलकर सरकार गठन के बाद मुख्यमंत्री पहली बार दिल्ली जा रहे हैं। वह आठ फरवरी को पटना लौट आएंगे। 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में सरकार के विश्वास मत के प्रस्ताव से पहले मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बीच की मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी को टेलीफोन पर नीतीश कुमार को बधाई दी थी। उसी दिन नई सरकार का शपथ ग्रहण हुआ था। वैसे तो जदयू के सूत्र यात्रा को औपचारिक बता रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि नीतीश कुमार इस मुलाकात के दौरान बिहार से जुड़ी कुछ जरूरी मांगों को प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए मुख्यमंत्री ने मोदी की प्रशंसा की थी।

## चलेगी चंपाई सरकार, निकली बहुमत के पार



निज संवाददाता | रांची

झारखंड में नवगठित चंपाई सोरेन सरकार ने बहुमत परीक्षण पास कर लिया है। सोमवार को विधानसभा में हुए बहुमत परीक्षण में कुल 47 विधायकों ने सरकार के पक्ष में मतदान किया, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। झारखंड विधानसभा में कुल 81 सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 41 है। सरयू राय तटस्थ रहे, जबकि निर्दलीय अमित यादव विधानसभा नहीं पहुंचे थे। कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए गए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने भी बहुमत परीक्षण में हिस्सा लिया। उन्होंने विश्वास मत पर चर्चा में भी हिस्सा लिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आक्रामक अंदाज में बरसे। झारखंड विधानसभा में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के 47 विधायक हैं और इसे सीपीआईएमएल (एल) के एक विधायक का बाहर से समर्थन प्राप्त है। वहीं, भाजपा के पास 26 विधायक हैं। आजसू के तीन और एनसीपी के एक विधायक हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन को आशंका थी कि भाजपा उनके विधायकों की 'खरीद-फरोख्त' का प्रयास कर सकती है, ऐसे में दो फरवरी को दो उड़ानों से करीब 38 विधायक कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद चले गए थे। विधायकों को रविवार शाम रांची वापस लाया गया। मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किए जाने के बाद झामुमो विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने 2 फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम अधिनियम) से संबंधित मामलों की सुनवाई वाली एक विशेष अदालत ने हेमंत सोरेन को विश्वास मत प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी।

# संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला

एजेंसी | नई दिल्ली

संजय जाजू ने आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। वह तेलंगाना कैडर से 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। श्री जाजू के कार्यभार संभालने पर निवर्तमान सचिव श्री अपूर्व चंद्रा तथा मंत्रालय और विभिन्न मीडिया इकाइयों के अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव का प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले श्री जाजू 2018 से 2023 तक भारत सरकार में अपर सचिव रह चुके हैं। वह अक्टूबर 2014 से मार्च 2018 तक राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के निदेशक के रूप में सेवारत रह चुके है। वह मई 2011 से अक्टूबर 2014 तक आंध्र प्रदेश सरकार (इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और संचार विभाग) के सचिव के रूप में कार्यरत रह चुके हैं।



26 जिलों में यलो अलर्ट

# पटना समेत कई शहरों में बारिश, अगले 3 दिन छाएंगे बादल, 7.6 डिग्री तापमान के साथ गया सबसे ठंडा रहा

निज संवाददाता | पटना

बिहार में रविवार रात से ही कई शहरों में मौसम का मिजाज बदला है। पटना, अररिया, सीवान, भोजपुर, नालंदा, कटिहार, बक्सर, दरभंगा, जहानाबाद, हाजीपुर और शेखपुरा में रात से रुक-रुककर बूंदाबांदी जारी है। इन जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं और बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 26 जिलों में बारिश, वज्रपात और मेघगर्जन को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें पटना, भोजपुर, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद शामिल हैं। इसके अलावा गया सीवान, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बक्सर, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय और नवादा के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रविवार की शाम होते-होते राजधानी सहित वाल्मीकि नगर और जीरादेई में हल्की बारिश हुई। देर रात में सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सीवान सहित कई शहरों में बूंदाबांदी हुई। मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अब पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में समुद्र तल से औसतन 5.8 किमी ऊपर स्थित है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के उत्तरी भाग के एक-दो स्थानों, दक्षिण पश्चिम एवं दक्षिण मध्य भाग के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है।



### अगले कुछ दिनों तक कैसा रहेगा मौसम

विभाग के अनुसार प्रदेश की अधिकतर जिलों में अगले दो से तीन दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। वहीं इसके बाद मौसम साफ होने पर न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिलेगी और ठंड का भी एहसास होगा।

### कहां कितना दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान

पिछले 24 घंटे के दौरान 7.6 डिग्री सेल्सियस के साथ गया जिला सबसे ठंडा रहा। वही सर्वाधिक अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद का रहा। पटना का न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सोने-चांदी के दुकान से पांच लाख की चोरी

**सीतामढ़ी(नि.सं.)।** सीतामढ़ी के पुपरी में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने एक ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाया है। चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखे करीब 5 लाख के सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिया है। उक्त चोरी की घटना पुपरी थाना क्षेत्र के भोला चौक स्थित मछली मार्केट के पास की है। जहां मां कुन्ती ज्वेलर्स नामक दुकान में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। हाल ही में पुपरी के डीएसपी और थानाध्यक्ष की बदली हुई है। इसके बाद नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी हो गई है। इसके बाद पुपरी में लगातार आपराधिक घटना बढ़ने लगी है। खास बात तो यह है कि जिस जगह पर घटना को अंजाम दिया गया है, वहां से 300 मीटर दूरी पर रेलवे गुमटी है। करीब 500 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी भी है। बावजूद चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुपरी एसडीपीओ अतुन दत्ता ने ज्वाइन करने के बाद एक दिन पहले ही रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश जारी किया था। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को प्रत्येक दिन की तरह दुकानदार अशोक साह अपने दुकान को बंद करने बाद घर चले गए।



## संक्षिप्त समाचार

### मिशन परिवार विकास अभियान के तहत सारथी रथ रवाना



**नवादा**। मिशन परिवार विकास अभियान 5 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रचार प्रसार करने के लिए श्री आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी एवं डॉ0 रामकुमार प्रसाद सिविल सर्जन नवादा के द्वारा सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय नवादा से रवाना कियें। 05 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक सारथी रथ जिले के सभी प्रखंडों से दूर दराज गांवों एवं वंचित वर्ग समूह वाले गांव में तथा जहां जन्म दर अधिक हो उस गांव में कार्य योजना के अनुसार पांच दिवस तक प्रचार प्रसार का कार्य करेगी। 05 फरवरी 2024 से दंपति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आशा घर-घर जाकर योग्य दंपतियों से उनके अस्थाई और अस्थाई साधनों को 12 से 24 फरवरी 2024 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के लिए सूचीबद्ध करके महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी कराएंगी और जिले को प्राप्त लक्ष्य 01 हजार 618 महिला एवं पुरुष नसबंदी में 90 पुरुषों के लक्ष्य को सत प्रतिशत प्राप्त करेंगे*। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, शहरी स्वास्थ्य सलाहकार राजीव कुमार, पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडे एवं सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक टीए जाफरी एवं प्रखंड सामुदायिक उतप्रेरक धनपत प्रसाद आदि अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### जिले के टॉप-10 कुख्यात अपराधी एवं 10 हजार रुपए इनामी राशि वाले नीतीश कुमार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवादा**। जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र में बीते 22 अप्रैल 2023 को रात्रि करीब नौ बजे जफरा रेल पुल के पास अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा सड़क को अवरुद्ध कर हथियार का भय दिखाकर एवं मारपीट कर दो व्यक्तियों से करीब 16 हजार रुपए नगद, सोने का चेन, बजरंगबली का लॉकेट, तीन मोबाइल एवं जीविका का बैग सहित आवश्यक कागजात की लूट पाट घटना को अंजाम दिया गया था। इस बावत नारदीगंज थाना कांड संख्या 139/23 दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से 11 मई को आप्राथमिक अभियुक्त जितेंद्र केवट, चंदू केवट, विशाल कुमार औक कामेश्वर केवट जहानाबाद से गिरफ्तार किया था। अजीत पासवान को बेला जिला गया से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था । जिसमें अजीत पासवान और विशाल कुमार के पास लूट की दो मोबाइल एवं चार हजार बरामद हुआ था । उक्त अपराधिक अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के अन्य एक प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार उर्फ भोला केवट को नारदीगंज थाना में रिमांड किया गया है। प्राथमिक अभियुक्त श्याम केवट और कामेश्वर केवट को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका था। लूटकांड के एक मात्र फरार अभियुक्त नीतीश कुमार बाढ़ जिला पटना जो करीब नौ माह से फरार चल रहा था पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### चलती ट्रेन से उतरने के दौरान अज्ञात युवक की मौत

**नवादा**। नगर के दो नम्बर रेलवे गुमटी के पास चलती ट्रेन से उतरने के चक्कर में अज्ञात युवक की मौत ट्रेन के नीचे आने से हो गयी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि गया से नवादा की ओर आ रही मेमू ट्रेन से रेलवे गुमटी नम्बर दो के पास युवक उतरने का प्रयास कर रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे चला गया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने पहचान कराने का हरसंभव प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सका। सदर अस्पताल मेंपोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है.

### पिछले सप्ताह कुल 214 गिरफ्तारियां-एसपी

**नवादा**। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (29 जनवरी 2024 से 04 फरवरी 2024 तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं. हत्या में 07, लूट में 02, अनुसूचित जाति/जनजाति में 02, हत्या के प्रयास में 50, पुलिस पर हमला में 05, पोक्सो में 01 मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 11, अन्य गंभीर आरोप में 27 एवं अन्य गिरफ्तारी 109 कुल 214 गिरफ्तारियां की गई हैं। सात दिनों के अन्दर बरामदगी अन्तर्गत 490.3 लीटर देशी शराब, 19.2 लीटर विदेशी शराब, वाहन अन्तर्गत मोटरसाईकिल 04 एवं ट्रैक्टर 14, वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राषि 03 लाख 25 हजार रू0 बरामद किया गया। अन्य बरामदगी अन्तर्गत- मोबाईल 02, कस्टमर डाटा सीट 05, अपहृता 04, अपहृत 01, तसला 03, चुलाई मशीन 01, गैस चुल्हा 01, गैस सिलेंडर 05, भट्टी विनष्ट 03, महुआ घोल विनष्ट 1000 लीटर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने हेतू लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### बरौनी नगर परिषद के चहुमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिले चेयरमैन- संजीव कुमार

**बेगूसराय**। पद प्रतिष्ठा मिलने के बाद अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना आवश्यक है। इस उद्देश्य से बरौनी नगर परिषद के मुख्य पार्षद( चेयरमैन) क्षेत्र के विकास हेतु मुख्यमंत्री बिहार सरकार श्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर विभिन्न प्रकार के विकास मूलक कार्य की स्वीकृति हेतु पटना में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें आवेदन दिया है। जिसमें बरौनी जंक्शन के पश्चिमी गुमती संख्या-7वी पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण कराने के संबंध में दिए गए आवेदन में कहा है कि उक्त गुमटी पर ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण नगर परिषद बरौनी दो भागों में बांटा हुआ है, और अगर किसी प्रकार की अप्रिय घटना गुमटी के दूसरे भाग में घट जाती है तो, स्थानीय थाना का वाहन घटनास्थल पर पहुंचने में घटो विलंब से पहुंच पाती है। जिस कारण दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की इलाज सही समय पर नहीं हो पाती है। और इलाज के बगैर उसकी जान जाने का खतरा बना रहता है। वही बाजार के लोग भी भगवान भरोसे जीते हैं। क्योंकि इस पर से उस पार जाने में घंटो इंतजार करना पड़ता है, इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अगर किसी बिमारी से ग्रस्त होकर इलाज कराने के लिए इस पार से उस पार इलाज के लिए जाना चहे तो उन्हें इलाज के लिए डॉक्टर के पास जाने में घंटोविलंब हो जाता है। ओवर ब्रिज बन जाने से लगभग क्षेत्र के लाखों लोगों को सहूलियत होगी। ऐसे ज्ञात हुआ है कि केंद्र के रेलवे विभाग ने इसकी स्वीकृति बहुत पहले ही दे चुकी है। वही दुलरवा धाम पोखर के जिन्नौद्धार एवं सौंदर्जी करण का निर्माण कार्य हेतु भेजे गए प्रकलण का तकनीकी अनुमोदन मिलने के बाद प्रकलण का प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए आवंटन उपलब्ध कराने के लिए स्वीकृति प्रदान करें। वही नवगठित बरौनी परिषद के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालो चंपा जगती फुलवरिया तीन को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का भी अनुरोध किया।

## 18 शिक्षकों की मदद से बच्चों के भविष्य को बनाया जा रहा उज्जवल

# अंबेडकर आवासीय विद्यालय में नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी को

निज संवाददाता। रजौली

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित 10+2 आवासीय अंबेडकर विद्यालय में कक्षा एक का नामांकन शुरू है।इसमें इच्छुक महादलित परिवार के बच्चों का नामांकन 15 फरवरी तक किया जाना है।विद्यालय के प्रधानध्यापक राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में अबतक नामांकित बच्चों की कुल संख्या 403 है।बच्चों के लिए जीविका दीदी द्वारा रसोइया का संचालन भी किया जा रहा है।प्रत्येक दिन सुबह के 8:30 बजे से लेकर 9 बजे तक नाश्ता दिया जाता है।जिसके बाद सभी बच्चों को एकत्रित करके आज का विचार,आज का शब्द एवं हिन्दी व अंग्रेजी के समाचार पत्र का अध्ययन कर जरूरी बातों पर चर्चा किया जाता है।जिसके बाद सभी बच्चे अपने-अपने वर्ग में चले जाते




हैं।प्रधानध्यापक ने कहा कि पहले मात्र 6 शिक्षकों की मदद से बच्चों को पठन-पाठन कार्य कराया जा रहा था।वहीं बीपीएससी से 12 नए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति विद्यालय में की गई है।जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता भी काफी बढ़ गई है।साथ ही कहा कि बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए खेल-कूद एवं संगीत के अलावे स्मार्ट क्लास आदि की भी व्यवस्था है।उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय परिसर में एक नया भवन बनकर तैयार है।किंतु संवेदक द्वारा अब तक विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द नहीं किया गया है।प्रधानध्यापक ने कहा कि विद्यालय में बने नए भवन मिल जाने के बाद छात्रों को अधिक सुविधा मिलने की उम्मीद जताई है।प्रधानध्यापक ने कहा कि बीपीएससी से प्रतिनियुक्त सभी शिक्षकों के रहने-सहने की व्यवस्था विद्यालय परिसर में ही की गई है।साथ ही कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को दोपहर एवं रात्रि को सुनिश्चित समय में भोजन दिया जाता है।प्रधानध्यापक ने कहा कि इस विद्यालय में पढ़कर दर्जनों बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अपने साथ-साथ अपने परिजनों और विद्यालयों का नाम रौशन किये हैं।उन्हें यह विश्वास है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक संख्या में बच्चे सफलता को प्राप्त करेंगे।

## शराब कारोबारियों एवं अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के विरुद्ध चलेगा विशेष अभियान

निज संवाददाता। रजौली

पूरे जिले में थानाध्यक्षों के तबादले के बाद रजौली थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में इंस्पेक्टर राजेश कुमार का पदस्थापना किया गया है।पदभार ग्रहण करने के बाद थाने में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों से रु-ब-रु हुए।इसके बाद उन्होंने सबके साथ एक बैठक की।उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश का अक्षरशः पालन किया जाएगा।पुलिस की समाज में अहम भूमिका है।पुलिस की कार्य प्रणाली से आम आदमी का जीवन जुड़ा होता है।ऐसे में पुलिस से आम जन की अपेक्षाएं बहुत हैं।जरूरत है कि पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय बना रहे।समाज में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस दिन-रात कार्य कर रही है।साथ ही कहा कि थाना क्षेत्र में बिहार मद्दनिषेध को लेकर विशेष टीम बनाकर जंगली एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में छापेमारी की जाएगी।साथ ही क्राइम कंट्रोल एवं ससमय काण्डों का निष्पादन उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने कहा कि इसको लेकर



पदस्थापित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।साथ ही बताया कि किसी भी परिस्थिति में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वहीं वाहन दुर्घटनाओं के मामलों में अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए।वहीं आम लोगों से अपील किया है कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# इलेक्ट्रो होमियोपैथी विश्व की पहली चिकित्सा पद्धति है :डॉ शर्मा

निज संवाददाता। बेगूसराय

इलेक्ट्रो होम्योपैथी विश्व की पहली चिकित्सा पद्धति है जिसकी सभी औषधियाँ बिल्कुल हर्बल और हानिरहित है । जीवित प्राणियों के शरीर के अंदर मौजूद लिम्फ और ब्लड को प्यूरीफाय कर समस्त रोगों को समूल नष्ट करने की अपार क्षमता रखती है । इस चिकित्सा पद्धति महत्ता को देखते हुए राजस्थान सरकार नें 2018 में ही शासकीय मान्यता दे दी लेकिन बिहार में इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की जा रही है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है उक्त बातें जनतांत्रिक लोकहित पार्टी के तत्वावधान में इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के द्वारा राजस्थान की तरह बिहार में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी को शासकीय मान्यता की माँग को लेकर बेगूसराय समाहरणालय परिसर में जनतांत्रिक लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राम उदय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में बोलते हुए आई एम




ए ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुभाष कुमार विद्यार्थी नें कहा । इस अवसर पर डॉ राकेश मोहन नें कहा कि वर्तमान में समाज में अधिकांश व्यक्ति फैटी लिवर का रोगी हो जाता है तो मॉडर्न साइन्स में उसकी अलग अलग दवाई होती है लेकिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सिद्धांत के अनुसार ऐसी व्यवस्था की जाती है कि लिवर में फैट जमा ही न हो उसका मेटाबोलिज्म किया जाता है जिसके इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधि की प्रामाणिकता के लिए काफी शासकीय बाधाएँ आ रही है । आम लोगों को इस चिकित्सा पद्धति से सहज और सुलभ ढँग से उपलब्ध हो इसके लिए शासकीय मान्यता आवश्यक है । इस अवसर पर आई डी सी , भारत सरकार के प्रोपजलिस्ट सह आई एम ए ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ एस आर पंडित नें कहा कि राजस्थान की तरह बिहार में सरकार अतिशीघ्र शासकीय मान्यता दे इसके लिए हम चिकित्सकों का धरना अनवरत जारी रहेगा । इस अवसर पर डॉ हरिबोल यादव , डॉ अमित कुमार , डॉ पुष्पराज कुमार , डॉ सुरेंद्र कुमार , डॉ केशर , डॉ धर्मेन्द्र कुमार , डॉ गौरी शंकर पंडित , डॉ महासेन महाराणा , डॉ राजकुमार चौधरी , डॉ उमेश कुमार , डॉ अनिल कुमार ,लालन कुमार रंजन , सकलदेव पासवान , निशात अंजुम आदि धरना में उपस्थित होकर बिहार सरकार से जल्द से जल्द इलेक्ट्रो होम्योपैथी को शासकीय मान्यता देने की माँग की ।

# 180 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता। रजौली

सोमवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम रजौली थाना क्षेत्र के मंझला सेम की नहर पर से 180 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद विभाग के एसआई पिंटू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई सन्नी कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि मंझला सेम की नहर पर शराब बिक्री के लिए पैकिंग किया जा रहा है।सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करने हेतु टीम गठित किया गया एवं छापेमारी की गई।इस छापेमारी में उत्पाद विभाग की टीम को सफलता मिली है।इस दौरान तीन बोरे में प्लास्टिक की थैलियां में देसी महुआ शराब प्लास्टिक की थैली से भरा हुआ मिला है।जिसे उत्पाद पुलिस ने जब्त कर लिया है।शराब की कुल मात्रा 180 लीटर के करीब है।साथ ही एक धंधेबाज को भी पुलिस गिरफ्तार कर लिया गया।धंधेबाज की पहचान सिरदला

## समेकित जांच चौकी से 23 शराबी धराए



थाना क्षेत्र के एकंबा गांव निवासी कुलदीप प्रसाद यादव के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है।साथ ही कहा कि सोमवार को शराब धंधेबाज के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत न्यायिक हिरासत सुरक्षा में जेल भेज दिया गया।इसके अलावा समेकित जांच चौकी पर रविवार की देर शाम से लेकर सोमवार की सुबह तक विभिन्न वाहनों में शराब के नशे में सफर करने वाले 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया।हिरासत में लिए गए सभी लोगों के शराब पीने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन द्वारा जांच के उपरांत हुई।इसके बाद सभी शराबियों को दंडाधिकारी के समक्ष नवादा में पेश किया गया जहां से नियमानुकूल जुर्माने की राशि वसूल करने के बाद सभी शराब पीने वालों को मुक्त कर दिया गया।

# अमित शाह ने नीतीश कुमार के लिए दरवाजे तो बंद कर चुके थे लेकिन कुंडी लगाना भूल गए : प्रशांत किशोर

निज संवाददाता। पटना

जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि नीतीश जी पलटूराम हैं ये तो बिहार का पूरा बच्चा-बच्चा जानता है, लेकिन अभी कुछ दिन पहले जो हुआ उससे ये भी पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह भी उतने ही बड़े पलटूराम हैं। बिहार में आज से कुछ महीने पहले अमित शाह ने एक रैली में लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि बिहार का एक-एक आदमी कान खोल कर सुन लें नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। लेकिन मौजूदा समय में मजाक



क्या हो रहा है? मजाक यह हो रहा है कि अमित शाह ने दरवाजा तो ठीक बंद किया पर कुंडी लगाना भूल गए। फिर पलट कर नीतीश कुमार के साथ चले गए।

*तेजस्वी जब विपक्ष में होते हैं तो उनको शराब में माफियागिरी दिखने लगती है, लेकिन जैसे ही नीतीश के साथ उप-मुख्यमंत्री बनते हैं तो उन्हें अपना राजनीतिक गुरु बना लेते हैं: प्रशांत किशोर*

नीतीश कुमार RJD से पलट कर भाजपा के साथ गए हैं तो भाजपा वाले भी तो उनके साथ गए हैं। यही हाल RJD के नेता तेजस्वी यादव का है। तेजस्वी यादव साल भर पहले नीतीश कुमार को पलटूराम बता रहे थे पर जैसे ही नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को उप-मुख्यमंत्री बनाया तो तेजस्वी नीतीश को विकास का मसीहा बताने लगे।

जब विपक्ष में थे तो शराब में उनको माफियागिरी दिख रही थी पर ठीक जैसे ही उनको उप-मुख्यमंत्री बनाया गया तो नीतीश कुमार में उनको अपना राजनीतिक गुरु दिखने लगा। तो सिर्फ नीतीश कुमार पलटूराम नहीं हैं। नीतीश कुमार सिर्फ पलटूराम के सरदार हैं, बाकी सभी नेता भी उतने ही बड़े पलटूराम हैं।

# सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन

निज संवाददाता। बेगूसराय

प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड परिसर मैदान में प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी चित्रलेखा के श्रीमुख से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ को लेकर सोमवार को गाजे बाजे के साथ 1100 कन्याओं ने भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली। कलश शोभा यात्रा के लिए कन्याएं बसौना घाट स्थित बुढी गंडक नदी के तट पर कलश में जल लेकर शाहपुर, कोदवरिया, धर्मपुर चौक पूरे चेरियाबरियारपुर गांव का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचीं। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने सबों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं सुबह से ही रुक रुक कर हो रही वारिश के बाबजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हो रहा था।इससे पूर्व नदी के तट पर कलश शोभा



यात्रा के मुख्य यजमान सुजीत कुमार अग्रहरी उर्फ पप्पू अग्रहरि ने सपत्नीक विधि विधान के साथ संकल्प लिया। मौके पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समिति के अध्यक्ष शंभूशरण शर्मा, उपाध्यक्ष निरंजन सिंह, सचिव सह कोषाध्यक्ष रामदेव पोद्दार, संयोजक अभय चौधरी, उप सचिव रामकुमार सिंह, पंचायत के मुखिया रविनेश कुमार राही उर्फ रविश सिन्हा, सरपंच महेंद्र राय, जदयू नेता पंकज सिंह, डा वीरेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे। बताते चलें कि मंगलवार से देवी चित्रलेखा जी के द्वारा सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा का श्रवण कर सकेंगे।

## समाजसेवी हेमन्त कुमार द्वारा यमुना भगत स्टेडियम में कम्बल वितरण

निज संवाददाता। बेगुसराय

समाजसेवी हेमन्त कुमार द्वारा तेघड़ा प्रखंड के विभिन पंचायतों में गरीबों के बीच कम्बल वितरण अनवरत शुरू इसी कड़ी में तेघड़ा प्रखंड मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष सह बेगूसराय जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राज वाटर पार्क गौरा बरौनी एवं मुजफ्फरपुर के संस्थापक श्री हेमंत कुमार शर्मा जी के सौजन्य से पंचायत बरौनी 1 यमुना भगत स्टेडियम एवं बरौनी 2 घाटकिंडी दुर्गा स्थान के प्रांगण में हजारों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया एवं हेमंत कुमार शर्मा जी के द्वारा इन दोनों पंचायत में 11-11 लड़की की सामूहिक विवाह करवाने की घोषणा किया गया।। इसके पूर्व आलापुर पकठौल,चिल्हाय पंचायत में 25, 25 गरीब परिवार की बच्चियों की सामूहिक विवाह की घोषणा कर चुके है। बताते चले हेमन्त कुमार द्वारा प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में कम्बल वितरण वर्षो से किया जा रहा है।फुटबॉल कोच श्री मुन्ना जी के द्वारा समाजसेवी हेमंत कुमार शर्मा जी को पाग और चादर देकर सम्मानित किया गया।। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लिए बरौनी एक पंचायत के पूर्व उप मुखिया कन्हैया कुमार सामाजिक कार्यकर्ता शांडिल्य साहिल पंचायत समिति सदस्य पंकज जी, बरौनी 1 के सरपंच जी, दिलावर जी, गौरव जी, मोना, पंकज जी,गुड्डू जी मौजूद थे।तो दूसरी तरफ अधारपुर काली माता मंदिर प्रांगण में कम्बल वितरण किया5 साथ ही साथ इस पंचायत के 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह में कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। अधारपुर में मोके मुखिया प्रतिनिधि चंद्रभूषण सिंह उर्फ बोधु सिंह,पंचायत समिति सदस्य गोलों देवी शहीत अन्य उपस्थित थे।

# जनतांत्रिक लोकहित पार्टी के तत्वधान में धरना का किया गया आयोजन

निज संवाददाता। बेगूसराय

इलेक्ट्रो होम्योपैथी विश्व की पहली चिकित्सा पद्धति है जिसकी सभी औषधियाँ बिल्कुल हर्बल और हानिरहित है । जीवित प्राणियों के शरीर के अंदर मौजूद लिम्फ और ब्लड को प्यूरीफाय कर समस्त रोगों को समूल नष्ट करने की अपार क्षमता रखती है । इस चिकित्सा पद्धति महत्ता को देखते हुए राजस्थान सरकार नें 2018 में ही शासकीय मान्यता दे दी लेकिन बिहार में इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की जा रही है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है उक्त बातें जनतांत्रिक लोकहित पार्टी के तत्वावधान में इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के द्वारा राजस्थान की तरह बिहार में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी को शासकीय मान्यता की माँग को लेकर बेगूसराय समाहरणालय परिसर में जनतांत्रिक लोकहित पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राम उदय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में




बोलते हुए आई एम ए ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुभाष कुमार विद्यार्थी नें कहा । इस अवसर पर डॉ राकेश मोहन नें कहा कि वर्तमान में समाज में अधिकांश व्यक्ति फैटी लिवर का रोगी हो जाता है तो मॉडर्न साइन्स में उसकी अलग अलग दवाई होती है लेकिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सिद्धांत के अनुसार ऐसी व्यवस्था की जाती है कि लिवर में फैट जमा ही न हो उसका मेटाबोलिज्म किया जाता है जिसके इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधि की प्रामाणिकता के लिए काफी शासकीय बाधाएँ आ रही है । आम लोगों को इस चिकित्सा पद्धति से सहज और सुलभ ढँग से उपलब्ध हो इसके लिए शासकीय मान्यता आवश्यक है । इस अवसर पर आई डी सी , भारत सरकार के प्रोपजलिस्ट सह आई एम ए ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ एस आर पंडित नें कहा कि राजस्थान की तरह बिहार में सरकार अतिशीघ्र शासकीय मान्यता दे इसके लिए हम चिकित्सकों का धरना अनवरत जारी रहेगा । इस अवसर पर डॉ हरिबोल यादव , डॉ अमित कुमार , डॉ पुष्पराज कुमार , डॉ सुरेंद्र कुमार , डॉ केशर , डॉ धर्मेन्द्र कुमार , डॉ गौरी शंकर पंडित , डॉ महासेन महाराणा , डॉ राजकुमार चौधरी , डॉ उमेश कुमार , डॉ अनिल कुमार ,लालन कुमार रंजन , सकलदेव पासवान , निशात अंजुम आदि धरना में उपस्थित होकर बिहार सरकार से जल्द से जल्द इलेक्ट्रो होम्योपैथी को शासकीय मान्यता देने की माँग की ।

चोरों ने जेवर, पायल, कपड़े, बर्तन समेत कई चीजें चुराईं

# बंद घर से 10 लाख के सामान की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। 10 लाख रुपए की समान की चोरी की है। घटना नगर थाना क्षेत्र के इराकी मोहल्ले की है, जहां संतोष कुमार नामक व्यक्ति अपना घर बंद कर अपना गांव चलाया चला गया था। सोमवार की सुबह गांव से लौटा तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घर में रखे सोने के जेवरात, पायल, चेन, कान की बाली, बर्तन, कपड़े लगभग 10 लाख रुपए का सामान चोरों ने चुरा लिया है। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। शहर में लगातार चोरों द्वारा बंद घरों को निशाना बनाया जा रहा है। संतोष कुमार का कहना है कि इसी मोहल्ले का एक चोर है जो लगातार चोरी की घटना को अंजाम देता है। संतोष कुमार द्वारा उसी मोहल्ले के रहने वाले एक एक व्यक्ति पर चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इस घटना में कौन-कौन लोग शामिल हैं लेकिन जिस तरह से शहर में लगातार चोरी की घटना हो रही है इस शहरवासियों भयभीत नजर आ रहे हैं।



# पूर्व शिक्षा मंत्री एवं डीएम ने सुखदेव प्रसाद वर्मा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री और समाजवादी बहुमुखी प्रतिभा के धनी सुखदेव प्रसाद वर्मा की 33वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत सुगांव में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इसका प्रारंभ सर्वप्रथम भजन कीर्तन और निर्गुण गीत के साथ किया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री शिक्षा विभाग, बिहार सरकार और सुखदेव प्रसाद वर्मा के सुपुत्र कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा सुखदेव प्रसाद वर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभा को संबोधित करते हुए सुखदेव प्रसाद वर्मा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को एक नई दिशा दी। देश की आजादी के लिए अंग्रजों की यातनाएं झेलते हुए देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने नई पीढी के लोगों को इनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के प्रति समर्पण भाव से काम करने का आवाहन किया। वर्मा विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। उन्होंने सुगांव के लोगों को सौभाग्यशाली मानते हुए कहा कि इस धरती पर जन्म लेने वाले वर्मा जैसे देशभक्त, समाजवादी नेता को शत-शत नमन किया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्मा का जन्म जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत सुगांव गांव में 10 अप्रैल, 1916 को हुआ था। इन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अत्यंत उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्कूली शिक्षा गांव में ही प्राप्त कर गांव से ही समाज सेवा की शुरुआत कर दी थी। शिक्षा का प्रचार प्रसार करने के लिए सरकारी शिक्षक की नौकरी करते हुए बिहार शिक्षक संघ कार्यकारिणी के सदस्य बने। इसके बाद उन्होंने शिक्षक की नौकरी छोड़कर राजनीति में अपना कदम रखा। भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने भूमिगत होकर कार्य किया।

# नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार, 100 के तीन और 50 के 12 नोट बरामद

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)**। सासाराम नगर थाना क्षेत्र के नेहरू पार्क के पास से सोमवार को पुलिस ने नकली नोट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। नकली नोट के साथ गिरफ्तार हुआ युवक सदर प्रखंड क्षेत्र के मोकर गांव निवासी हरिद्वार सिंह का बेटा राहुल कुमार(25) बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक के पास 100 रुपए के 3 पीस और 50 रुपए के बारह नोट मिले हैं। युवक के पास से कुल नकली नोट के रूप में 900 रुपए बरामद हुए है। जानकारी के अनुसार युवक को नकली नोट के माध्यम से बाजार में स्थित एक दुकान पर खरीदारी करने का प्रयास कर रहा था। दुकानदार द्वारा सूचना देने के बाद पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद गिरफ्तार युवक को जेल भेजा जाएगा। बाजार में नकली नोट खपाने की कवायद से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस पूछताछ के माध्यम से यह जानने का प्रयास कर रही है कि नकली नोट उसके पास कहां से आएं।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र के बरांव गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। नोखा थाना की पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मृतका की पहचान बरांव गांव के उदय साह की पत्नी लक्ष्मीना देवी (43 साल) के रूप में हुई है। पारिवारिक विवाद के कारण वह तनाव में रहती थी, रविवार रात उसने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। मुखिया के द्वारा नोखा थाने की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची नोखा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृतका की दो बेटियां और एक बेटा है। बेटी पूजा कुमारी 23 साल की शादी हो चुकी है, जबकि नेहा कुमारी 18 साल एवं अभिषेक कुमार 15 साल के अभी पढ़ाई करते है। मां की मौत से बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। बरांव गांव में भी घटना को लेकर चर्चा है। नोखा के प्रभारी थानाध्यक्ष सूर्य भूषण प्रसाद ने बताया कि बरांव गांव में महिला के खुदकुशी की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच चल रही है। मामले में अभी कोई आवेदन प्राप्त नहीं है।



## मारपीट में दो लोग घायल

**मोहनिया (कैमूर) (नि.सं.)**। कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के एक गांव में लड़की से छेड़खानी करने के मामले को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चलाने, भाला और गड़ासा से मारने का गंभीर आरोप लगाया है, जहां दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंचकर दोनों घायल को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ले गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख उपचार चल रहा था। फिलहाल दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी मिलते ही मोहनिया थाना और मोहनिया डीएसपी अस्पताल पहुंचकर घायलों का फर्द बयान लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। पुलिस के मुताबिक फायरिंग से संबंधित अभी तक किसी भी प्रकार का साक्ष्य नहीं मिला है।

# नोखा प्रखंड में अगलगी से पीड़ित परिवारों के बीच प्रशासन द्वारा बांटी गई राहत की सामग्री

निज संवाददाता

**नोखा (रोहतास)**। रोहतास के नोखा प्रखण्ड के बरांव पंचायत के बिसुनपुरा के मुसहर टोला में अगलगी से पीड़ित परिवारों के बीच प्रशासन द्वारा राहत सामग्री बांटी गई। सीओ सुमन कुमार ने सोमवार को बताया कि पीड़ित परिवारों से आवेदन लिया जा रहा है। अगलगी से हुए क्षति का आकलन लिया जा रहा है, आकलन के बाद एक-दो दिन में क्षतिपूर्ति की जाएगी। तबतक प्रशासन द्वारा मुखिया के माध्यम से पीड़ित परिवारों को तिरपाल, प्लास्टिक, कंबल एवं अनाज उपलब्ध करा दिया गया है, जल्दी ही आपदा प्रबंधन के तहत आकलन कर क्षतिपूर्ति की जाएगी। ज्ञात हो कि रविवार को बरांव पंचायत के बिसुनपुरा के मुसहर टोला में आग लग गई। कच्चे घर और फूस की छत होने के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते एक दर्जन से अधिक घरों को अपने चपेट में ले लिया। यद्यपि आग लगने के किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं क्योंकि सभी तुरंत घर छोड़ बाहर निकल गए। लेकिन अगलगी से घर और उसमें रखे सामान, कपड़े, नकदी, पैसे सब जल गए। मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि बब्लू गुप्ता ने बताया कि आग लगी में एक दर्जन से अधिक मकान जले है।

सूचना पर नोखा अंचल की राजस्व पदाधिकारी अनुपमा कुमारी पहुंची और नोखा सीओ सुमन कुमार पहुंचे थे। सीओ के निर्देश के अलोक में पीड़ित परिवारों को तिरपाल, प्लास्टिक, कंबल एवं अनाज उपलब्ध करा दिया गया है। पीड़ित परिवारों सेक आवेदन ले प्रशासन को भेजा जा रहा है।



# तालाब के विवाद में फायरिंग पुलिस को मिला दो खोखा



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम नगर थाना क्षेत्र के करगहर चौक के सामने पेट्रोल पंप के पास स्थित तालाब के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए हैं। इसी कड़ी में फायरिंग की बात सामने आई है। एसपी विनीत कुमार ने सोमवार को जानकारी दी कि चार फरवरी 2024 की रात लगभग 9.30 बजे सासाराम नगर थाना को कचहरी के पास पेट्रोल पंप के पीछे दो पक्षों के बीच फायरिंग की सूचना मिली है। सूचना के सत्यापन के लिए नगर थाना की गश्ती घटनास्थल पर पहुंची, फिर नगर थानाध्यक्ष और एसडीपीओ सासाराम घटनास्थल पहुंचे। स्थानीय लोगों से पूछताछ के क्रम में यह बात बताई गई कि दोनों पक्षों द्वारा तालाब के विवाद के कारण यह घटना हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। नगर थाना में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आसपास सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी के निर्देश पर सोमवार को पुलिस टीम ने आसपास के भवनों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए पहुंची। सासाराम कचहरी के पास स्थित इस तालाब को लेकर दो पक्षों में तनाव की बात पहले भी सामने आई है। बताते हैं कि तालाब को लेकर न्यायालय में एक टाइटल सूट स्वत्व वाद भी चल रहा है।

# वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण कैंप का आयोजन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। सड़क सुरक्षा माह के क्रम में सोमवार को वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर ने बस चालकों को गाड़ी चलाने के तरीके बताए। मौके पर इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी चालकों को बस सावधानी के साथ चलानी चाहिए, क्योंकि उनके हाथ में सैकड़ों की जान होती है। कहा कि यदि चालक थोड़ी भी लापरवाही कर दे तो काफी लोगों की जान जा सकती है। बस चालकों को बताया गया कि यातायात के नियमों का पालन करेंगे तो कभी दुर्घटना नहीं होगी। कहा कि बस चालकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाए। इसके अलावा बस चालकों से कहा गया कि चालकों को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की भी जांच करानी चाहिए। उनको आंखों की जांच हमेशा कराती रहनी चाहिए। बस मालिकों से अपील की गई कि वह बसों की फिटनेस की भी समय.समय पर जांच कराते रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रैफिक संबंधित विभिन्न सिंगलों की भी जानकारियां दी गई। सड़क सुरक्षा माह के क्रम में चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जागरूकता रैली भी निकाली गई। डीटीओ ने बताया कि मंगलवार को स्कूल-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बताया कि इस क्रम में 14 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।




**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

**PR No. -309836 dated 25.10.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्याः- **287/2023-24** दिनांक :- 03.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-14/2023-24 | रमना | 1 | कुन्द्राही टोला (टी03) से हरीदाग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.000 कि०मी०) | 1055.810 | दस करोड़ पचपन लाख ईक्कासी हजार रू० मात्र | 15 महीना |
| | | नगर उंटारी | 2 | टी04 से कोलझीकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.650 कि०मी०) | | | |
| | | रमना | 3 | एल022 (कर्णपुरा) से रोहीला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.650 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–**07.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–**20.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**21.02.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

**PR 317907 Rural Work Department(23-24)#D**


# संझौली में बेटा और बेटी के साथ मां भी दे रही इंटरमीडिएट की परीक्षा

निज संवाददाता

**संझौली (रोहतास)**। रोहतास जिले में अभी स्नातक पार्ट एक और इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है। इन परीक्षाओं में एक मां भी अपने बेटे और बेटी के साथ शामिल होकर बेजोड़ सामाजिक मिसाल पेश कर रही हैं। मां, बेटी और बेटे की यह आकर्षक जोड़ी रोहतास जिले के संझौली प्रखंड की सुसाड़ी गांव की है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक खंड एक की परीक्षा में सुसाडी के पूर्व सरपंच उत्तम कुमार की 18 साल की बेटी तनवी पटेल कॉलेज बिक्रमगंज परीक्षा केंद्र में शामिल है। वहीं, इंटरमीडिएट की परीक्षा में तनवी की मां प्रतिमा कुमारी भी 17 वर्षीय बेटे रिषभ के साथ दे रहीं है। हालांकि मां बेटे का परीक्षा केंद्र और विषय अलग अलग हैं। मां इंटर कला की परीक्षा में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय डिलियां (डेहरी ऑन सोन) में परीक्षार्थी हैं, जबकि बेटा का परीक्षा केंद्र सासाराम के संत अन्ना विद्यालय है। गांव में लोगों में इनकी खूब चर्चा है। प्रतिमा पूछती हैं, क्या शिक्षित होना गुनाह हैं। बेटी और बेटे के साथ परीक्षा देने में आखिर दिक्कत क्या है। क्या अपनी संतानों के साथ साथ मां नहीं पढ़ सकती? प्रतिमा की शादी 2003 में सुसाडी के उत्तम कुमार के साथ हुई थी। पति पूर्व सरपंच भी रह चुके हैं और सामाजिक सरोकार से जुड़े हैं।




**कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(जिला कृषि कार्यालय, लातेहार)**

**आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि मेला, कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं प्रचार–प्रसार की योजना अन्तर्गत दिनांक 09.02.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से जिला खेल स्टेडियम, लातेहार के प्रांगण में "जिला स्तरीय कृषि मेला–सह–प्रदर्शनी" का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में प्रगतिशील कृषकों के द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट सब्जी, फल, फूल एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शनी लगाया जाएगा एवं उत्कृष्ट उत्पादों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

अतः सभी किसान भाईयों/बन्धुओं/माननीय त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि को किसान मेला–सह–प्रदर्शनी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

निवेदकः
जिला कृषि पदाधिकारी,लातेहार

**PR 317922 Agriculture(23-24).D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।
दिनांक–03.02.2024

1.कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /36/23-24 | सुशीगंज से बे रगाई तक पथ निर्माण कार्य । (3.310कि0मी0) | 458.421 लाख | चार करोड़ अंठावन लाख बैयालीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /37/23-24 | कचनपुर पंचायत में रामविलास पासवान के घर से भिखन यादव के घर होते हुए करूपा तक पथ निर्माण कार्य । (3.20कि0मी0) | 371.099 लाख | तीन करोड़ एक्हतर लाख नौ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 23.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज ।

PR 317878 Rural Development(23-24)D

## संक्षिप्त समाचार

### वेदांता एकेडमी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**गया।** शहर के चंदौती स्थित वेदांता एकेडमी जूनियर ब्रांच में रविवार को जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट में श्रीचंद, ज्ञान रंजन, नयन एवं अन्य प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं कबड्डी, मार्च पास्ट, सारी ड्रिल, स्पून रेस, 100 व 50 मीटर रिले रेस, चेयर रेस प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से नन्हें छात्रों ने अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाजरथ अकादमी के पूर्व पीटी शिक्षक टी. चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को मेडल, प्रामण-पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

### निशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर में 175 मरीजों का इलाज

**गया।** शहर के माड़नपुर बाइपास में संचालित आकाश वर्ल्ड स्कूल परिसर में रविवार को निशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक सह आरएलजेडी के युवा जिलाध्यक्ष आकाश दयाल, वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. उमेश प्रसाद, मैटी होमियो रिसर्च के निदेशक डॉ. दिनेश सिह, डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, आयोजक डॉ. अंजू कुमारी ने संयुक्त रुप से डॉ. हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि होमियोपैथिक सबसे बेहतर चिकित्सा पद्धति है।

### टिकारी पुलिस ने अंग्रेजी शराब की खेप की जब्त

**टिकारी।** मउ ओपी की पुलिस ने ओपी क्षेत्र से अंग्रेजी शराब की 23 बोतल बरामद की है। ओपी अध्यक्ष राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ओपी क्षेत्र के सुपटा ग्राम स्थित एक दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में अंग्रेजी शराब की कुल 23 बोतल बरामद की गई। जब्त की गई शराब में 21 बोतल 375 एमएल की व दो बोतल 750 एमएल की है। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि दुकान मालिक की पहचान की जा रही है।

### नेजामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ग्रेजुएशन-डे का आयोजन




**गया।** गया-पटना के चाकंद के समीप अवस्थित नेजामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रविवार को ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के नए और पास आउट विद्यार्थियों को उपहार देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मिर्जा गालिब कॉलेज के सचिव शबी आरफीन शमशी मुख्य अतिथि के रूप में जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मोती करीमी, डॉ. जुबैर खां, डॉ. सय्यद फैज, अमीन साहब अधिवक्ता, प्रोफेसर एमए करीमी व प्रो. कहकशां बानो उपस्थित थे। कॉलेज के सचिव शोएब आलम उर्फ अबू अरिबा ने आगंतुओं का स्वागत किया। उन्होंने कॉलेज में नामांकन आदि की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि इस कॉलेज में बीयूएनएस कोर्स में प्रतिवर्ष 40 विद्यार्थियों का नामांकन होता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिनका एमबीबीएस में कम अंक के चलते नामांकन नहीं हो सका, उनका इस कॉलेज में एडमिशन हो सकता है। प्राचार्य प्रो. डॉ. मो. शमशाद ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम



**गया।** शहर के एटी गेट स्थित इंडियन सेंट्रल स्कूल का रविवार को 24वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। विद्यालयस्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम गांधी मैदान में चल रहे पुस्तक मेला के मंच पर आयोजित हुए। विष्णुकांत सहाय, सेवानिवृत जज, झारखंड, एसएसबी के कमांडेंट हरिकृष्ण, प्रो. मनोजरंजन कुमार सिंह, प्रो. विक्रमा सिंह, डॉ. विजय करण व डॉ. अशोक कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ. करण ने अपने उद्बोधन में विद्यालयों के उपलब्धियों की जानकारी दी। नर्सरी के बच्चों ने बमबम भोले गीत और वर्ग दो के बच्चों ने स्कूल चले हम थीम पर नृत्य की प्रस्तुति की। कक्षा चार व पांच के बच्चों ने पिरामिड बनाया। निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने वाले प्रतिभागी बच्चों को भी विद्यालय में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

### हिन्दू नववर्ष के अवसर पर गया आएंगे प्रवीण तोगड़िया




**गया।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व उसके सभी सहयोगी संगठनों की संयुक्त बैठक रविवार को माड़नपुर स्थित आकाश टेक्निकल इंस्टीट्यूट में हुई। जिले के कार्याध्यक्ष मुकेश शर्मा ने इसकी अध्यक्षता की। जिसमें आगामी अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया के हिन्दू नववर्ष के अवसर पर गया प्रवास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रान्त महामंत्री शशिकांत मिश्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तोगड़िया जिले मे चल रहे सेवा कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करेंगे। जिसमें स्वाथ्य शिविर, एक मुठी अनाज मुख्य विषय है। विभाग महामंत्री राम बारीक़ ने बताया कि संगठन के द्वारा डॉ. तोगड़िया जी के गया प्रवास को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बैठक में उपाध्यक्ष राजू भईया, जिला मंत्री मुकेश मिश्र, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विश्वजीत चक्रवर्ती, रतन गायब, सौरभ सिंह, नितिन उपाध्याय, मधु शर्मा आदि शामिल हुए।

# बारिश ने बिगाड़ी शहर की सूरत

## कीचड़ से पैदल चलना हुआ दूभर, लोग बोले- अभी ये तो बरसात में क्या होगा हाल





**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में रविवार की रात से हो रही रिमझिम बारिश ने बिहार शरीफ शहर की सूरत बिगाड़ दी है। सड़कों पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। कीचड़ के बीच गाड़ियां भी रेंगती दिखी। बिहारशरीफ में स्मार्ट सिटी के तहत कई कार्य किए जा रहे हैं। सड़कों पर मिट्टी जमा रहने के कारण पूरा शहर के कई इलाके में कीचड़ फैल गया। लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में यह हाल है तो बरसात में क्या होगा? रांची रोड के सोगरा कॉलेज से लेकर भरावपर तक बिहार शरीफ का पहला फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इसके कारण जगह-जगह पर पाइलिंग का काम किया गया है। इसकी वजह से मिट्टी सड़कों पर जमा है। बारिश की वजहों से सड़कों पर फिसलन की स्थिति हो गई है। पैदल चलना तो दूर, दो पहिया वाहन चलाने वालों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

**नाला रोड की भी स्थिति खराब:** शहर का नाला रोड अति व्यस्ततम मार्ग में आता है। नाला रोड में ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराया जा रहा है। मिट्टी सड़क के दोनों छोर पर जमा है। इस मार्ग पर भी लोगों को चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों का कहना है कि हल्की सी बारिश ने सड़कों की स्थिति खराब कर दी है। विकास का कार्य इस स्वरूप में ना हो कि लोग पैदल भी ना चल सके। पैदल तो दूर दो पहिया वाहन चालक फिसलन भरे रास्तों पर गिर कर जख्मी हो सकते हैं। वहीं इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने कहा कि उन्हें अपने सेंटर पर पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रास्ते में कीचड़ जमा है, पैदल चलना मुश्किल हो गया है।

**क्या बोले निगम के अधिकारी:** बिहार शरीफ नगर निगम के सिटी मैनेजर विनय रंजन ने बताया कि कंस्ट्रक्शन के कार्य के कारण कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हुई है। निगम के कर्मियों को लगाकर सड़कों से कीचड़ हटाने का काम किया जाएगा। कंस्ट्रक्शन पूर्ण होने के बाद सब ठीक हो जाएगा।

## बगदाद से आए सैयद अली हमूद अल अरबी का हुआ भव्य स्वागत



**गया।** बिहार-झारखंड के 10 दिवसीय भ्रमण के लिए बगदाद शरीफ से गया पहुंचे सैयद अली हमूद अल अरबी का स्वागत गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली एवं संरक्षक मौलाना उमर नूरानी ने किया। मौके पर सैयद अरबी ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा संचालित अभियान में उन्हें शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि 10 दिवसीय बिहार-झारखंड भ्रमण के दौरान वे सभी समुदाय के लोगों के घर जाकर संस्था द्वारा संचालित दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को जागरुक करेंगे।

## फुटपाथी दुकानदारों के लिए कानून लागू करने की मांग

# चार सूत्री मांगों को लेकर किया गया धरना-प्रदर्शन






### 16 फरवरी को हड़ताल सफल बनाने का आह्वान

**निज संवाददाता। नालंदा**

ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के बैनर तले सोमवार को यूनियन के सदस्यों ने जिलाधिकारी के समक्ष 4 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नालंदा के बिहार शरीफ के श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से भाकपा माले के बैनर तले यूनियन के सदस्य पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिलाधिकारी के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के महासचिव पाल बिहार लाल ने कहा कि हमारे फुटपाथी दुकानदारों को पुलिस अमानवीय तरीके से प्रताड़ित कर रही है। उनके साथ मारपीट और जानवरों जैसा सुलूक कर रही है। जबरन उन्हें फुटपाथ से हटा दिया जा रहा है। उनके सामानों को भी नष्ट कर दिया जा रहा है। इसी के विरोध में जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया गया है। हमारी मांग है कि फुटपाथी दुकानदारों के लिए बने कानून लागू किया जाए और कानून के तहत काम किया जाए। फुटपाथी दुकानदारों को वेंडिंग जोन बनाकर दिया जाए, स्थाई जगह दी जाए। बिहार शरीफ नगर निगम में टाउन वेंडिंग कमेटी गठित करवाई जाए। उसके बगैर इन्हें बलपूर्वक खदेड़ा नहीं जाए।

**हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान:** जिला सचिव मनोज यादव ने सभी फुटपाथी दुकानदारों से 16 फरवरी को अपने अपने क्रय-विक्रय के क्रियाकलाप को बंद कर आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष किशोर साव, जिला सचिव मनोज यादव, अजय कुमार, लकी कुमार, दिलीप मलाकर समेत अन्य ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के सदस्य प्रदर्शन में शामिल रहें।

# मामूली विवाद में चाकू बाजी, युवक जख्मी

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में मामूली विवाद में बदमाशों ने रविवार की शाम एक युवक को चाकू मार जख्मी कर दिया। मामला नूरसराय थाना के जगदीशपुर तियारी गांव का है।घायल की पहचान मरसू मांझी का बेटे मंगल मांझी के रूप में हुई है। देर शाम परिजन मरसू मांझी को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जख्मी मंगल मांझी ने बताया कि पूर्व के विवाद को लेकर गांव के लोग रविवार की शाम घर पर आकर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद उनलोगों ने 2 राउंड फायरिंग की। जब वह अपने भाई की खोज में घर से बाहर निकले तो बदमाशों ने सीने और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर बदमाश वहां से भाग खड़ा हुए। घर पर चढ़कर बदमाशों ने छेड़खानी



की भी घटना की है। पीड़ित ईंट भट्ठा पर काम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। दुकान पर सामान खरीदने के दरमियान दोनों पक्ष के बीच विवाद हुआ था। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर चाकूबाजी की घटना हुई है। पुलिस पूरे मामलें की जांच में जुट गई है। अभी तक पीड़ित की तरफ से आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दम धरिए, सब ठीक होगा, चिंता मत कीजिए: रविशंकर

**निज संवाददाता। गया**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के एमपी रवि शंकर सिन्हा ने कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार बिहार में कुशासन, भ्रष्टाचार, लूट और अपराध पर काबू करने लिए बनी है। जब उनसे सवाल हुआ कि सात दिनों से अधिक हो गए हैं। ऐसे में कुशासन, लूट, भष्टाचार और अपराध के खिलाफ उठाए गए कदम भी दिखने चाहिए थे पर वह तो अब तक दिखे। इसपर उन्होंने कहा कि गोलमोल जवाब दिया। कहा कि थोड़ा तो दम धरिए, कमाल कर देते हैं आप साब, सब ठीक होगा, चिंता मत कीजिए। फिर उनसे सवाल हुआ कि सरकार में पहले से सभी अनुभवी हैं फिर भी ऐसा क्यों? उन्होंने कहा सब ठीक हो जाएगा, विशेष जानकारी आने वाले दिनों में गया नगर विधायक प्रेम कुमार शेयर करेंगे। रविशंकर गया में पार्टी के



निर्देश पर कार्यकर्ताओं से मिलने आए थे। ये बातें उन्होंने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि 2020 में हमलोग मिलकर चुनाव लड़े थें। जनता ने मैनडेट हमें दिया था। राजद को नहीं। राजद को विपक्ष में बैठने का मैनडेट मिला था, लेकिन चोर दरवाजे से जनता के मत को चुरा कर आए सरकार बनाया, लेकिन नीतीश कुमार वहां ऊब रहे थे। प्रदेश में अपराध और भष्टाचार सिर चढ़ कर बोल रहा था। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला आए तो ममता छोड़कर चली गई।

# 21 थानों में नए थानेदारों की पोस्टिंग, लोकसभा चुनाव को लेकर लिया गया फैसला

**निज संवाददाता। गया**

लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव-2024 के मद्देनजर में पुलिस मुख्यालय ने क्षेत्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकरियों के ट्रांसफर के बाद थानाध्यक्ष-अंचल पुलिस निरीक्षक के रिक्त पदों पर तैनाती की गई है। जिले के 21 थानों में नए पुलिस अधिकारियों को थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। खास बात यह भी इस बार एसएसपी आशीष भारती ने योग्य पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती के पूर्व इंटरव्यू भी लिया। जिले के 21 थानों में तैनात किए गए पुलिस अधिकारी या तो दूसरे जिले से ट्रांसफर हो कर आए हैं या फिर पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत थे। नए अधिकारियों के ऊपर न केवल लोकसभा चुनाव



सम्पन्न कराने बल्कि कानून व्यवस्था को बेहतर ढंग से पटरी पर बरकरार रखने की जिम्मेदारी होगी। खास बात यह भी है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात किए थानाध्यक्षों को कठिन चुनोतियों से गुजरना होगा। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि शहर के थानों के अलावा जिले के कई महत्वपूर्ण थानों की जिम्मेदारी इंटरव्यू के बाद पुलिस अधिकारियों को दी गई है। योग्य और जिम्मेदार पुलिस अफसर को अहम थानों की जिम्मेदारी दी गई है।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी:** आशीष मिश्रा कोतवाली, शमीम अहमद सिविल लाइंस, जितेंद्र कुमार नीमचक बथानी, प्रशांत कुमार फतेहपुर, अमित कुमार बांके बाजार, अक्षय कुमार गुप्ता, सरभदा आनंद राम धनगई, अर्जुन कुमार बाराचट्टी, वेंकटेश्वर ओझा डुमरिया, इंद्रजीत कुमार शेरघाटी, नरेंद्र प्रसाद विष्णुपद, धर्मेंद्र यादव डेल्हा, धनंजय कुमार खिजरसराय, मुन्ना वर्मा वजीरगंज, अजय कुमार इमामगंज, मुकेश कुमार डोभी, सरफराज गुरुआ, वीरेंद्र पासवान महकार, संजय कुमार चेरकी, संजय कुमार आमस, मनोज कुमार सिंह चाकन्द, धनंजय कुमार सिंह कोच,नियाज अहमद अतरी, नीरज कुमार टनकुप्पा, मुकेश कुमार बेलागंज, पवन कुमार बुनियादगंज, सरोज अख्तर कोठी, वीरेंद्र कुमार सिंह मोहनपुर, रामबचन कुमार पंचानपुर और जितेंद्र कुमार सिंह चंदौती का थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## शाहनवाज ने ओवैसी को गलियों का नेता कहा, नालंदा में पूर्व मंत्री ने दी प्रतिक्रिया, बोले-

# ओवैसी का नाम हमने भड़काऊ भाई जान रखा

**निज संवाददाता। नालंदा**

भाजपा प्रवक्ता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन रविवार को जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के सर्किट हाउस पहुंचे। जहां एनडीए के जिला अध्यक्षों के साथ पीसी हुई। इस दौरान उन्होंने एआईएमआईएम के राष्ट्रिय अध्यक्ष ओवैसी पर निशाना साधा। कहा कि ओवैसी हैदराबाद की गलियों के नेता हैं। बिहार में कुछ सीट जीत गए थे। सारे विधायक छोड़कर चले गए हैं। ओवैसी का बयान भड़काने वाला है। ओवैसी का नाम हमने भड़काऊ भाई जान रखा है। खुद सुरक्षा में रहते हैं, उनके बयान से तनाव हो जाता है। इसलिए कोई भी उनके बयान को सिरियस न लें।

**घुसपैठ करने वाला राजद हुआ बाहर, अब हम मजबूत:** शाहनबाज हुसैन ने कहा कि 2020 में जनता ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को बहुमत दिया था। लेकिन बीच में राजद वाले घुसपैठ कर गए थे। अब वो बाहर हो गए हैं। नीतीश कुमार जी का प्रस्ताव आया,



इसके बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इसे स्वीकार किया और अब हम मजबूत हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के साथ हमलोग 40 के 40 सीटें जीतेंगे। नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद इंडी गठबंधन पूरी की पूरी ध्वस्त हो गई है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि विधानसभा-लोकसभा की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ आज बैठक थी। आज अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम था। हमलोगों के लिए खुशी की बात है कि हमारे नेता लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न मिला है। उसी की खुशी में हमलोगों ने लड्डू बांटा है। भारत रत्न देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं।

**2024 में फिर से आएंगे मोदी:** शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आएंगे मोदी, छाएंगे मोदी, प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी और देश पर फिर राज करेंगे मोदी। इसमें किसी को किंतु परंतु नहीं है। खुद ममता बनर्जी कह रहीं हैं कि कांग्रेस पार्टी 40 सीट से ज्यादा नहीं जीत पाएगी। हमें उसपर भी शक है, कांग्रेस अब तक का सबसे न्यूनतम सीट जीतेगी। अब हम लोग सारे गिले शिकवे दूर कर एक साथ मजबूती के साथ काम करेंगे। बीच में जो भांप वाला प्रदूषण युक्त इंजन लग गया था। वह अब हट गया है, अब बंदे भारत का इंजन लगा है। अब डबल इंजन के जरिए बिहार का तेजी से विकास किया जाएगा। बिहार हर क्षेत्र में आगे हुआ है, लेकिन उद्योग और रोजगार में पीछे हुआ है। ऐसा माहौल बनाया जाएगा, जैसे पहले उद्योग लग रहे थे।

# मगध विवि के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने की गुहार

**निज संवाददाता। गया**

गया मगध विश्वविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गुणवत्ता में विकास के मसले पर छात्र जदयू के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने बिहार के कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से रविवार को पटना में मुलाकात की। छात्र जदयू के यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने बताया कि यह मुलाकात बिहार में उच्च शिक्षा की बेहतरी और बिहार सरकार के छात्रों के प्रति गुणवत्तापूर्ण नीतियों को बिहार के विश्वविद्यालयों में सुचारू रूप में प्रभावी करने के लिए सकारात्मक मुलाकात हुई है। वहीं मगध विश्वविद्यालय के संदर्भ में कुलाधिपति को विभिन्न कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने की गुहार भी लगाई गई।

**कुलाधिपति ने आश्वस्त किया है:** उन्होंने बताया कि रविवार शाम बजे हुई मुलाकात में कुलाधिपति ने आश्वस्त किया है कि छात्र हित और विश्वविद्यालय हित में अतिशीघ्र पूर्ण किया जाएगा। स्मार्ट क्लासरूम, छात्रों के अनुपात में क्लासरूम, प्रयोगशाला और पुस्तकालय में सुधार, टावर लाइट, प्रवेश, परीक्षा और परिणाम छात्रों को ससमय लेना, खेलकूद गतिविधियों को बढ़ाना, शोध की गुणवत्ता और शोधकर्ताओं के लिए विशेष सुविधा मुहैया कराना प्रमुखता में शामिल है। उत्तम कुशवाहा ने कहा कि छात्रों के संघर्षों के बाद मगध विश्वविद्यालय को स्थाई कुलपति मिला है।

# दो समुदाय के बीच तनाव को लेकर थाना में बैठक

## अधिकारियों ने दोनों पक्षों के परिवार को बुलाया, एक पुलिसकर्मी भी हुए हैं सस्पेंड

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर के नया भोजपुर में क्रिकेट के दौरान मारपीट के बाद दो समुदायों में तनाव को समाप्त करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। सोमवार को एसडीएम कुमार पंकज और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने नया भोजपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की। अधिकारियों ने दोनों परिवारों के सदस्यों को बुलाकर समझाकर तनावपूर्ण स्थिति को संतुलित करने का प्रयास किया गया। बता दें कि मारपीट और तनाव जैसा माहौल बनने के कारण नया भोजपुर ओपी प्रभारी को सस्पेंड भी होना पड़ा है। डुमरांव अनुमंडल के एसडीएम कुमार पंकज ने कहा कि यह दो पक्षों की लड़ाई नहीं बल्कि दो परिवारों के बच्चों की आपसी लड़ाई है। दोनों परिवार के गार्जियन इस मामले की तनातनी को खत्म करें। हालांकि यह मामला कानूनी रूप से आगे चलता रहेगा लेकिन सामाजिक रूप से दोनों परिवारों को इसके दुष्प्रभाव को अपने मन से निकाल देना चाहिए। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का भी यह दायित्व है कि आपके क्षेत्र में आपसी तनातनी को संतुलित करने का आप भरसक प्रयास करें। मामला पुलिस के संज्ञान में आता है तो पुलिस कारवाई करेगी ही, लेकिन आप भी समाज में सौहार्द कायम रखने की पहल करें। हालांकि प्रशासन ने यह साफ शब्दों में कह दिया गया है कि मारपीट की घटना में जो भी दोषी होगा, उस पर करवाई की जाएगी। घटना के बाद एसडीएम और एसडीपीओ क्षेत्र का लगातार मुआयना भी कर रहे हैं। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि तनावपूर्ण स्थिति को कंट्रोल कर लिया गया है। आगे यह विवाद न उपजे इसलिए शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें दोनों परिवारों के सदस्य पहुंचे थे। क्रिकेट में दो बच्चों में मारपीट के बाद विवाद उत्पन्न हो गया था। कार्रवाई नहीं करने या इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को नहीं देने के कारण दो बच्चों का मारकर दो गुट में बदल गया, जिसके कारण दूसरी बार मारपीट हुई। एक युवक की हालत सीरियस हो गई है। मामला बक्सर SP के संज्ञान में आया, वैसे ही वो थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए तनावपूर्ण माहौल को सम्मान करने के प्रयास में लग गए हैं।

# अबतक 34 फीसदी निबंधित किसानों ने ही बेचा धान

निज संवाददाता | बक्सर



जिले में धान का बंपर उत्पादन होने के बावजूद जिले में इस बार धान अधिप्राप्ति लक्ष्य से काफी पिछड़ गया है। हालत यह है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य से करीब 72 फीसदी कम धान की खरीदारी हुई है। विभाग के पास धान की खरीदारी करने के लिए मात्र 9 दिनों का ही समय बचा है। ऐसे में लक्ष्य को पूरा करना असंभव सा प्रतीत हो रहा है। बता दें कि जिले के किसानों ने कठिन परिश्रम करके धान का उत्पादन किया कि उनके उपज का उचित मूल्य मिलेगा। सरकार के द्वारा भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान क्रय करने को लेकर तैयारी की गई, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकल सका। किसान अपनी धान बिचौलिए के हाथों बेच चुके हैं। बता दें कि धान बिक्री के लिए 15074 किसानों ने निबंधन कराया है, लेकिन अब तक मात्र 5204 किसानों ने पैक्स सोसाइटियों व व्यापार मंडल के केंद्रों पर धान की बेचा है। यानी 34.52 प्रतिशत किसानों ने सरकार के समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री की है। जे पिछले साल से काफी कम है। ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना असंभव सा लग रहा है। कारण कि किसानों के पास धान नहीं है। इस कारण धान बेचने के लिए किसान पैक्स सोसाइटियों व व्यापार मंडल की केन्द्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। डीएम के द्वारा भी बार बार समिक्षा की गई। पंचायत में धान की बिक्री के लिए प्रचार-प्रसार भी किया गया। वंचित किसानों का निबंधन भी कराया गया। इसके बावजूद पैक्स सोसाइटियों व व्यापार मंडलों में धान बेचने किसान नहीं पहुंचे। पैक्स भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। हालांकि इस बार बाजार भाव बेहतर होने के कारण किसानों ने अपना धान बिचौलियों के हाथों बेची है। धान अधिप्राप्ति के समय से ही बाजार भाव इस बार 2000 रुपए प्रति क्विंटल रहा था। इस माह में तो यह 2100 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। ऐसे में बिना किचकिच के किसानों ने बाजार में धान की बिक्री कर दी। किसानों का कहना है कि यदि सरकार समर्थन मूल्य के अलावे बोनस देती है तो धान क्रय केंद्रों को देते।

## संक्षिप्त समाचार

### कला एवं साहित्य क्षेत्र से राजू कुमार ने पेश की दावेदारी

**आरा।** उदवंतनगर दरियापुर गांव के रहने वाले राजू कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की। राज्यसभा सांसद उम्मीदवार के लिए कला एवं साहित्य क्षेत्र से अपनी दावेदारी पेश की। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को उनके जीवन के उतार-चढ़ाव से जुड़ी लिखित पुस्तक को भेंट किया। दैनिक भास्कर के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि मेरी लिखित पुस्तक एक मसिहा लालू प्रसाद यादव जल्द ही प्रकाशित होगी। अब तक मैं 20 पुस्तकें लिख चुका हूं।

### परिचर्चा: शिक्षा के वर्तमान स्वरूप में शिक्षकों व अभिभावकों की भूमिका

**आरा।** रॉयल इंग्लिश स्कूल, भकुरा में शिक्षा के वर्तमान स्वरूप में शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका पर परिचर्चा हुई। अध्यक्षता शिक्षाविद कृष्ण मोहन पांडेय ने की। निदेशक शिवकुमार राय ने कहा कि आज के परिवेश में आदर्श गुणों से भरपूर एक योग्य छात्र का निर्माण संभव है। जब विद्यालय और छात्र के साथ शिक्षक एवं अभिभावक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन निष्ठापूर्वक करते हैं। प्राचार्य सतीश कुमार राय ने विद्यालय के द्वारा छात्रों के हित में चलाए जा रहे नये कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर भकुरा पंचायत के सरपंच कमलेश पासवान, सत्यनारायण सिंह, विजय कुमार, योगेन्द्र राय, विपिन दास, रामनाथ पाण्डेय, मनोरंजन सिंह, विजान्ती देवी, प्रभावती देवी और चन्दा देवी सहित अन्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रमेश कुमार राय, श्रीकांत सिंह, धीरज सिंह, सुरेश सिंह, रणवीर सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद, शोभलायक प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, कृष्णा चौधरी, नेहा पाण्डेय, जूही सिंह, काजल सिंह, खुशबू सिंह, बिटेश्वर राय और राजू राम सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

### एक्सिस बैंक में 16.69 लाख लूटकांड में एक लुटेरा गिरफ्तार

**आरा।** आरा 6 दिसंबर को आरा शहर के एक्सिस बैंक में 16 लाख 96 हजार 959 रुपये दिनदहाड़े लूटकांड में सारण जिले से इनपुट मिलने पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वैशाली जिले के निवासी इस युवक पर अपने गैंग के साथ बैंक लूट में संलिप्तता का आरोप है। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस-वार्ता में बताया कि तीन फरवरी को सारण जिला के दरियापुर थाना क्षेत्र में पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान वैशाली जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र के ईमादपुर गांव निवासी सन्नी कुमार और वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर निवासी शिवम कुमार को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सन्नी कुमार ने बताया कि वह भोजपुर जिला के आरा शहर में नवादा थाना अंतर्गत एक्सिस बैंक को लूटने में शामिल था। बैंकलूट के सिलसिले में भोजपुर पुलिस की गठित टीम गिरफ्तार सन्नी कुमार से पूछताछ कर रही है। गैंग के अन्य लुटेरों के बारे में पता लग गया है। लूट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को पटना जिला से बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि एक्सिस बैंक लूटकांड में समस्तीपुर, सारण और वैशाली जिले के लगभग आधा दर्जन लुटेरे शामिल थे। वे पटना में पहचान छिपाकर किराएदार के रूप में रहते थे।

### युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्वरूप रहे हैं अजय

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बिहार प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष सह बक्सर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी स्व अजय चौबे के निधन पर शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार सिंह, लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह तथा बक्सर भाजपा जिला प्रभारी संतोष पटेल ने पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि अजय चौबे युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्वरूप रहे हैं। जनता की समस्याओं को किस तरह समाधान कराया जा सकता है, यह अजय चौबे बखूबी जानते थे। लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह ने बताया कि अजय चौबे मेरे प्रेरणा स्वरूप रहे हैं। मेरे राजनीतिक गुरु स्वर्गीय ललन चौबे की मृत्यु के बाद मैं राजनीति में बिल्कुल निराश हो गया था, जबकि अजय चौबे ने ही पुनः पार्टी के कार्य में लगाकर जनता की सेवा का कार्य करने का साहस दिया था। स्व.अजय चौबे के नेतृत्व में बक्सर को बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए तत्कालीन राज्यपाल ए.आर. किदवई के गाड़ी को रोकना या बक्सर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी के बकाया वेतन दिलाने की मांग को लेकर किया गया आंदोलन बक्सर के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। सोमवार को 11 बजे से भाजपा जिला कार्यालय, अहिरौली में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी।

### विजय कुमार सिन्हा के डिप्टी सीएम बनने से होगा विकास

**आरा।** विजय कुमार सिन्हा के सूबे के उप मुख्यमंत्री बनने पर बिहार प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन ने खुशी जताई है। उन्होंने पटना में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात कर और बुके देकर खुशी का इजहार किया है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक आलोक अंजन ने कहा कि विजय कुमार सिन्हा के डिप्टी सीएम बनने से बिहार का विकास होगा। उन्हें सरकार के कृषि, पथ निर्माण, राजस्व एवं भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान एवं भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति एवं युवा, लघु जल-संसाधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण जैसे विभाग का कार्य सौंपा गया है। इससे बिहार की दशा और दशा सुधरेगी। बिहार का चौमुखी विकास होगा। लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे

### रणवीर कुमार ने संभाली गड़हनी थाना का कमान

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी थाना के नए थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने रविवार को पदभार संभाल लिया। कमान संभालते ही कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना प्राथमिकता होगी। कुछ ऐसे भी केश आते हैं जिसको आपसी सहयोग व सहमति से सुलझा लिया जाता है प्रयास होगा। इस मामले में जनप्रतिनिधी,समाजसेवी से भी सुलझाने में सहयोग लिया जायेगा। बता दे कि गड़हनी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता का तबादला अगिआंव बाज़ार हो गया था और उनके जाने के बाद रविवार को नए थानाध्यक्ष के पद पर रणवीर कुमार यहां पदभार संभालने पहुंचे। गड़हनी में शुक्रवार की सुबह एटीएम मशीन काटकर रुपयों की चोरी की गई थी। इस संबंध में नए थानाध्यक्ष ने कहा की मैं तो आज आया ही हूं। मामले को अच्छी तरह से समझ लेता हूं। उस पर जल्द काम किया जाएगा। चोरी की वीडियो को खंगाला गया है। एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया है। वे लोग भी काम कर रहे है। जल्द ही इस घटना का भंडाफोड़ होगा। शुक्रवार के अहले सुबह 3:43 बजे आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर गड़हनी- अगिआंव मोड़ के गोविंद मार्केट में लगे एसबीआई के एटीएम को काट कर 6;70 लाख रुपये ले कर अपराधी फरार हो गए थे। दो दिन बीत गए लेकिन अभी कोई सुराग पुलिस को हाथ नही लगी है।

### भारतीय अटल सेना ने अच्छे कार्य करने वाले को किया सम्मानित

**आरा।** भारतीय अटल सेना द्वारा नागरी प्रचारिणी सभागार में अटल श्री सम्मान समारोह हुआ। अध्यक्षता भारतीय अटल सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित दुबे व संचालन अटल युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया। इस दौरान समाज के हर क्षेत्र से चयनित लोगो को अटल श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी ने किया। भारतीय अटल सेना के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष हरी जी तिवारी ने कहा कि भारतीय अटल सेना अच्छे कार्य करने वाले को सम्मान देने के लिए संकल्पित है। आकांक्षा को भारतीय अटल सेना के अटल कला साहित्य मंच का ब्रांड एंबेसडर का सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस शंभू सिंह, पिरो नगर परिषद के अध्यक्ष किरण उपाध्याय, पूर्व मेयर रूबी तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता कामेश्वर सिंह, भारतीय अटल सेना के संस्थापक सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, ममता पांडेय, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रूपम श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री सुशील पांडेय, उदय आनंद, मायाशंकर चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, अनोज कुमार, प्रदेश महामंत्री प्रमोद ओझा, जिला महामंत्री मिथलेश ओझा, अटल दुर्गा वाहिनी बिहार की अध्यक्षा सीमा तिवारी, देवघर से आई रेणु दुबे, दीपा राजपूत, अटल कला साहित्य मंच की प्रदेश अध्यक्ष एकता मालन, मुकेश चंद्रवंशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# दीवानी मामलों के दिग्गज अधिवक्ता थे कृष्ण बिहारी मिश्र

निज संवाददाता | बक्सर



सिविल कोर्ट स्थित पुस्तकालय भवन में रविवार को दीवानी मामले के दिग्गज अधिवक्ता स्व कृष्ण बिहारी मिश्र का द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बबन ओझा व संचालन महासचिव बिन्देश्वरी प्रसाद पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय ने की। मौके पर मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि स्व मिश्र दीवानी मामले में इतने काबिल वकील थे कि मत कहिए। उनसे हम सबों को काफी कुछ जानने व सीखने का मौका मिला है। वे मधुर व्यवहार और मिलनसार व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। कोर्ट के कैंपस में उनका अधिवक्ताओं के साथ जिस तरह का सहज व्यवहार था उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। स्व मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आईपीएस आनंद मिश्रा, अधिवक्ता नारायणजी दुबे, प्रताप नारायण राय, ओम प्रकाश राय, टुनटुन मिश्र, राकेश चंद्र ओझा, राहुल आनंद, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, मथुरा चौबे, राजू पांडेय समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन स्व मिश्र के पुत्र अधिवक्ता अवनिंद्र नाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम के समापन के बाद सिविल लाइन स्थित स्व मिश्र के आवास पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# 18-36 साल के युवाओं के लिए मौका, 28 पदों पर वैकेंसी, तमिलनाडु-गुजरात में मिलेगी जॉब

निज संवाददाता | बक्सर




बक्सर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। 18 से 36 साल के युवा अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर छह फरवरी को बक्सर के संयुक्त श्रम भवन में पहुंच सकते हैं। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा युवाओं की योग्यता के अनुसार ऑफर लेटर दिया जाएगा। इसके लिए सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चयन की प्रक्रिया की जाएगी। चयनित युवाओं के लिए रोजगार का कार्यस्थल तमिलनाडु और गुजरात बताया गया है। कुल 28 पदों पर युवाओं की रिक्तियां दर्शाई गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में 06 फरवरी को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया है। रोजगार शिविर में वेलकारू इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा भाग लिया जायेगा। जिसकी उम्र सीमा का निर्धारण 18-36 वर्ष किया गया है। कंपनी प्रतिनिधि द्वारा मैट्रिक, आईटीआई और डिप्लोमा योग्यताधारी युवक को जूनियर ऑपरेटर और ट्रेनी ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति की जायेगी। कंपनी ने कुल 28 पदों की रिक्तियां बताई है। वेतन CTC 20000-21900 (इन हैंड 14883-15764) है। इसके आलावा EPF/ ESIC/बोनस ग्रेच्युटी प्रति महीना मिलने की जानकारी दी गई है। कार्यस्थल कोयम्बटूर (तमिलनाडु) एवं वापी (गुजरात) है। जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर ने कहा है कि इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि वे छह फरवरी को जिला नियोजनालय बक्सर में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों जैसे आधार कार्ड, बायोडाटा, मैट्रिक, इंटर एवं आई0टी0आई0/डिप्लोमा के प्रमाण पत्र होना चाहिए। जिला नियोजनालय बक्सर में आकर अवसर का लाभ उठा सकते है। कार्य स्थल पर ही एन0सी0एस0 पर निःशुल्क निबंधन किया जायेगा।

# लुधियाना में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, किशोर की मौके पर मौत

## साथी युवक गंभीर घायल, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता | लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में रविवार रात चंडीगढ़ रोड स्थित सिद्धू ढाबा के पास एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि, बाइक चला रहा 22 वर्षीय अंशु गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अंशु के सिर में चोट लगी है। उसे देर रात सिविल अस्पताल लाया गया। मृतक किशोर की पहचान कुलदीप निवासी जुगियाना के रूप में हुई है। कुलदीप अंशु के साथ कहां जा रहा था, अभी कुछ पता नहीं चल पाया। अंशु के होश में आने के बाद ही पूरा मामला साफ हो पाएगा।

**अंशु 2 दिन पहले बिहार से आया है लुधियाना:** अंशु बिहार के जिला बक्सर के गांव ननन का रहने वाला है। दो दिन पहले ही लुधियाना में रहने वाले अपने रिश्तेदार के पास आया है। अंशु के रिश्तेदारों ने उसके पारिवारिक सदस्यों को सूचित कर दिया है। अंशु गोबिंदगढ़ स्थित अपने रिश्तेदार के पास घूमने के लिए दो दिन पहले ही आया था। वह किसी करीबी का बाइक लेकर निकला था। उसके साथ एक 14 वर्षीय किशोर कुलदीप था। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

**खून से लथपथ घायलों को लोगों ने पहुंचाया अस्पताल:** लोगों ने खून से लथपथ कुलदीप और अंशु को बेसुध हालत में सिविल अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि अंशु ने शराब पी हुई थी और बाइक का नियंत्रण खो बैठा। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है, जबकि कुलदीप का आज संस्कार करवा दिया जाएगा। थाना जमालपुर के अधीन आने वाली चौकी रामपुरा की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भोजपुरिया जन मोर्चा का 3 को होगा संकल्प रैली

निज संवाददाता | आरा

भोजपुरिया जन मोर्चा की बैठक बंधन टोला के प्रभा होटल में रविवार को हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने की।बैठक सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान संगठन की मजबूती के लिए भोजपुर का जिला अध्यक्ष शकील अहमद, रोहतास का जिला अध्यक्ष अयूब खान व बक्सर का जिला अध्यक्ष बिनोद गोड़ को बनाया गया। पार्टी के प्राथमिक सदस्यता ग्रहण के बाद संजय महासेठ को व्यवसायिक प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि जात, धरम एवं सम्प्रदाय से उपर यह पार्टी है। पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से 3 मार्च को वीर कुँवर सिंह स्टेडियम में संकल्प रैली किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ शीलभद्र ने कहा कि जमीनी नेता को ही आरा लोकसभा से पार्टी का टिकट दिया जाएगा। संजय महासेठ ने कहा कि मैं भोजपुरिया जन मोर्चा पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहूँगा। छपरा से पार्टी की घोषित प्रत्याशी आरती साहनी ने कहा कि भोजपुरिया भारत के सर्व समाज की पार्टी है।राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि यह पार्टी मजबूत विपक्ष के रूप में जनता के समक्ष है।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी भीषण आग, चार लाख का सामान राख



निज संवाददाता | आरा

शहर के टाउन थाना के महल चौक स्थित एक दुकान में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। हादसे में चार लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इधर टाउन थाना के रामगढ़िया मीठा कुआं मोहल्ला के रहने वाले दुकान मालिक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुश्तैनी दुकान है। दुकान को वह करीब 40 वर्षों से चलाते हैं। दुकान में वह झाड़ू , रस्सी एवं लगनी सामान थोक एवं खुदरा बिक्री होती है। रविवार की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह उनके बगल के दुकानदार ने फोन कर सूचना दी गई कि उनकी दुकान में आग लग गई है। सूचना पाकर वे लोग फौरन शीश महल चौक स्थित अपने दुकान पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि उनके दुकान में भीषण आग लग गई है और दुकान में रखें लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। दुकान मालिक का कहना है कि लगभग चार लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई है।

## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1065-2023-24 , कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्थानों पर एस एंड टी विभाग के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम एवं अन्य समरूप संस्थापनों के साथ प्रदत्त रिले रूम की एयर-कंडीशनिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 92,04,962/-, **बयाना राशि:** रु. 1,84,100/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1068-2023-24, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/सोनारपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन बारुईपुर साउथ केबिन से बारुईपुर कॉलोनी तक वर्तमान सप्लाई मीटर के स्थानांतरण के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,57,232/-, **बयाना राशि:** रु. 5,200/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1075-2023-24 , कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/सियालदह-I के क्षेत्राधिकार के अधीन सियालदह मंडल के तहत विभिन्न विद्युत सामान्य सेवा के लिए अपेक्षित विविध विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,36,66,833/-, **बयाना राशि:** रु. 2,18,300/-, **क्रम सं. 4, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1076-2023-24, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/चितपुर (सीपी), एसएसई/ई/जी/सोनारपुर, एसएसई/ई/जी/रानाघाट, एसएसई/ई/जी/बारासात और एसएसई/ई/जी/नैहाटी के क्षेत्राधिकार के अधीन सियालदह मंडल के तहत विभिन्न विद्युत सामान्य सेवा के लिए अपेक्षित विविध विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,00,954/-, **बयाना राशि:** रु.2,19,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00 (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि:** 15 माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 2, 3 एवं 4 प्रत्येक 4 हेतु)। **निविदा प्रकाशन की तिथि:** दिनांक 02.02.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.02.2024 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 23.02.2024 को 14.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली की प्रारंभिक तिथि:** दिनांक 09.02.2023, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-366/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(जीएसयू), सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएलईजी-जीएसयू-ओटी-10-2023-24, कार्य का विवरण:** "चितपुर में कोचिंग डिपो के लिए कैटवॉक के साथ संबंधित सुविधाओं सहित वर्तमान पिट लाइन नं. 1, 2, 3 एवं 4 के विस्तार'' के सिलसिले में चितपुर डिपो में अंडर फ्लोर व्हील लेद (यूएफडब्ल्यूएल) में शेड में इलेक्ट्रिकल पावर सप्लाई की व्यवस्था आदि। **निविदा मूल्य:** रु. 63,86,311.20, **बयाना राशि:** रु. 1,27,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 08 माह । **निविदा प्रकाशन की तिथि:** दिनांक 02.02.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.02.2024 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 23.02.2024 को 14.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली की प्रारंभिक तिथि:** दिनांक 09.02.2023, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-367/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-रीहैब-एएसटीई1-पीएस-23, दिनांक: 02.02.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं. एसडीएसटीई-रीहैब-एएसटीई1-पीएस-23** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई/1/हावड़ा एवं एसएसई/पीएस/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के लिए सिग्नलिंग गियरों का पुनरुद्धार एवं सुधार। अनुसूची-एः एएसटीई/1/हावड़ा सेक्शन के क्षेत्राधिकार के अधीन विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के लिए सिग्नलिंग गियरों का पुनरुद्धार। अनुसूची-बीः एसएसई/पीएस/ हावड़ा सेक्शन के क्षेत्राधिकार के अधीन विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के लिए सिग्नलिंग गियरों का पुनरुद्धार। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,77,52,765.74, **बयाना राशि:** रु. 2,38,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **समापन अवधि:** 18 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 02.02.2024 को 12.01 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 15.02.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 29.02.2024 को 15.00 बजे। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-482/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



घर में घुसे हथियार से लैस होकर चार अपराधी

# अपराधियों ने डॉक्टर के परिवार को बंधक बनाकर लूटे साढ़े 22 लाख



- पति-पत्नी एसकेएमसीएच में हैं डॉक्टर
- करीब एक घंटे तक घर से ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के कमरों में रखे सामान को खंगालते रहे चोर

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में रविवार रात एसकेएमसीएच की डॉक्टर के परिवार को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश 20 लाख के आभूषण और 2.5 लाख कैश लूट कर भाग निकले। अलमारी की चाबी के लिए बदमाशों ने डॉ. मनीषा से फोन करवाकर ससुर को घर भी बुलवाया और उन्हें भी बंधक बना लिया। चाबी मिलने के बाद वो कैश और ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। घटना स्थल से महज 20 मीटर की दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी थी, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। अपराधी 4 की संख्या में थे और सभी हथियार लेकर आए थे। घटना सदर थाना इलाके की है। रविवार की रात सदर थाना के भिखनपुरा में डॉ मनीषा भावे अपने बच्चे और सास के साथ घर में थीं। इसी दौरान हथियार से लैस होकर चार अपराधी घर में घुस गए। घर में मौजूद सभी लोगों बंधक बना लिया। उसके लूटपाट करने लगे। अपराधी ने डॉ. मनीषा से गोदरेज की चाबी मांगी, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि चाबी तो ससुर के पास है। इसके बाद बदमाशों ने डॉ. को फोन कर ससुर को बुलाने को कहा। मनीषा ने अपने ससुर प्रेम चंद प्रसाद सिंह को कॉल कर के घर आने को कहा। ससुर ने घर आकर चाबी दी। उसके बाद मनीषा ने बदमाशों को चाबी सौंप दी। उसके बाद अपराधियों ने सभी लोगों को एक कमरे में बैठा दिया। करीब एक घंटे तक घर से ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के कमरों में रखे सामान को खंगालते रहे। डॉक्टर मनीषा भावे ने बताया कि चार अपराधी घर में घुसे थे। सभी हथियार से लैस थे। सभी का चेहरा ढाका हुआ था। दो अपराधी सिर पर गमछा बांधे हुए थे। अपराधियों ने घर में मौजूद लोगों के साथ कोई बदतमीजी नहीं की। करीब 20 लाख रुपए का आभूषण और 2.5 लाख रुपया कैश ले गए हैं। घटना स्थल से महज 20 मीटर की दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। लेकिन पुलिस को लूट की भनक तक नहीं लगी। इसको लेकर परिजन काफी आक्रोशित हैं। घटना के वक्त डॉ मनीषा के पति डॉ. राजीव कृष्णा घर पर नहीं थे। जब अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। तब मनीषा पड़ोसी के मोबाइल से कॉल करके पति को घटना के संबंध में जानकारी दी।

जिसके बाद आनन फानन में राजीव घर पहुंचे। डॉक्टर मनीषा भावे और उनके पति डॉ. राजीव कृष्णा SKMCH में डॉक्टर हैं। डॉक्टर मनीषा भावे गाइनो हैं। वही डॉक्टर राजीव कृष्णा एनेस्थीसिया के डॉक्टर हैं। पूरे मामले पर सदर थाना अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। आस पास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। परिजन को आवेदन देने के लिए बोला गया है। अभी अमाउंट क्लियर नहीं हुआ है।

## लूटी गई छड़ लोडेड ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

निज संवाददाता

**पटना**। पटना-फतुहा एनएच 30 पर दीदारगंज थाना क्षेत्र के रेलवे पुल के नजदीक घात लगाए अपराधियों ने शनिवार की देर शाम चालक को उतारकर छड़ लदा ट्रैक्टर लूट लिया और ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। अपराधी हथियार से लैस थे। अपराधियों के जाने के बाद चालक किसी तरह पड़ोस के गांव में पहुंचा और वहां से फोन कर अपने मालिक को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने छड़ लदे ट्रेलर और इंजन दोनों को अलग अलग जगह से बरामद कर लिया है। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। दीदारगंज पुलिस के अलावा फतुहा और खुसरूपुर पुलिस भी इलाके में छापेमारी कर रही है। हालांकि अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। ट्रैक्टर चालक, ट्रैक्टर टेलर पर छड़ लोड कर फतुहा के पटवारी फैक्ट्री से नौबतपुर आ रहा था। दीदारगंज रेलवे पुल से 100 मीटर पहले अपराधियों ने सड़क पर बाइक खड़ी कर रास्ता रोक दिया। हथियार का भय दिखाकर उसे ट्रैक्टर से उतार दिए और ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। काफी देर बाद वो किसी तरह पड़ोस के गांव में पहुंचा, जहां से फोन कर मालिक को घटना की जानकारी दी।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने 42 लोगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता




**गोपालगंज**। गोपालगंज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर कुल 42 लोगों को शराब पीने और बेचने के मामले में गिरफ्तार किया है। वही, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ उत्पाद विभाग ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई में जुट गई गई। दरअसल, सूबे में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। बावजूद शराब तस्करों और शराब के सेवन करने वालों की कमी नहीं हो रही है। आए दिन उत्पाद विभाग की टीम शराब तस्करों और शराबियों पर नकेल कसती रही है। बावजूद शराब बंदी कानून का डर ना ही शराब तस्करों को है और ना ही शराब के सेवन करने वालों की। हालांकि, उत्पाद विभाग द्वारा ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर सलाखों के पीछे भेजती रही है। एक बार फिर उत्पाद विभाग की टीम ने नोडल रेड के तहत कुल 42 लोगों को जिले में बनाए गए बलथरी चेकपोस्ट समेत विभिन्न चेक पोस्टों के आलावा विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापामारी कर गिरफ्तार किया है। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई में शराब पीने के आरोप में 33 और शराब बेचने के आरोप में 9 यानी कुल 42 आरोपियों की गिरफ्तारी अलग-अलग जगहों से किया गया है। इस संदर्भ में उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि नोडल रेड के तहत कुल 42 लोगों को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर करवाई करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। और ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## रेल टिकट दलाल गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में पर्सनल आईडी से रेल टिकट काटने वालों के खिलाफ रेल पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर रेलवे सुरक्षा बल ने जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र के डुमरी चौक से केशव कौशिक (24) नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 45 हजार रुपए के कुल 34 रेल टिकट जब्त किए गए हैं। केशव मुशहरी थाना क्षेत्र के लडौरा में अपनी दुकान चलाता है। केशव कौशिक मूल रूप से मुशहरी थाना क्षेत्र के डुमरी के वार्ड 15 का रहने वाला है। केशव के मोबाइल से कई अन्य टिकट दलालों के बारे में जानकारी मिली है। जांच के बाद सभी दलालों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने मौके से एक डेल कंपनी का मॉनिटर, डेल कंपनी का सीपीयू, epson कंपनी का प्रिंटर और 1000 रुपया नकद जब्त किया है। केशव ने बताया कि IRCTC के द्वारा अधिकृत अलहिंद कंपनी के यूजर आईडी का इस्तेमाल कर ग्राहकों से टिकट के मूल्य से 300 से 400 रुपया अधिक लेकर रेल टिकट बेचता था। रेल थानेदार ने बताया कि केशव कौशिक को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से कुल 35 रेल ई टिकट बरामद किया गया है। जिसका मूल्य 45 हजार रुपया है।

# काव्य प्रस्तुतियों के जरिये आईटीसी सनराइज़ मसाले ने दिखाया 'स्वाद बिहार का'

निज संवाददाता



**भागलपुर**। आईटीसी लि. के सनराइज़ मसाले ने अपना 'स्वाद बिहार का' कैंपेन को आगे बढ़ाते हुए बिहार के 14 स्पोकन-वर्ड आर्टिस्ट से हाथ मिलाने की घोषणा की है। इस पहल के जरिये, आईटीसी सनराइज़ मसाले द्वारा राज्य की समृद्ध साहित्यिक विरासत का उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए 14 आकर्षक विडियो रिलीज़ किए जाएंगे, जिनमें बिहारी साहित्य के खजाने की झलक देखने मिलेगी। इस पहल से जुड़े स्वास्तिका राजपूत और अंशुमान सिंह जैसे कलाकार स्पोकन-वर्ड पोएट्री के जरिये अपना गहरा भावनात्मक जुड़ाव व्यक्त करते हैं, वहीं प्रियेश सिंह हास्य के माध्यम से क्षेत्रवाद से रूढ़ीवादी मान्यताओं की असलियत बताते हैं। साहिल कुमार बेहतरीन कविताओं के जरिये अपनी कला के सफर का श्रेय बिहार की सांस्कृतिक जड़ों को देते हैं। यह वीडियो सीरीज़ एक ऐसी मिसाल है, जो यह दिखाती है कि 'स्वाद बिहार का' कैंपेन ने स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान किया है। इस मंच के जरिये यह कलाकार बिहार से अपने निजी जुड़ाव के बारे में बताते हैं, अपनी मधुर यादों को ताज़ा करते हुए, अपने गृह जिलों के अनुभव साझा करते हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए, पियूष मिश्रा, बिजनेस हेड, सनराइज़ मसाले ने कहा, "बिहार अपनी समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के लिए मशहूर है। 'स्वाद बिहार का' कैंपेन बिहार की मूल संस्कृति धरोहर का उत्सव है, यह एक ऐसा सफर है जो प्रत्येक बिहारी की आत्मा से जुड़ता है। यहां के प्रतिभाशाली स्पोकन वर्ड आर्टिस्ट्स के साथ हमारी नई साझेदारी बिहार की समृद्ध विरासत का सम्मान करती है और हमारा कैंपेन स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस मंच के जरिये यह कलाकार अपने गृह राज्य के साथ दिल से जुड़े रिश्ते को भी दर्शाएंगे।" इस सीरीज़ के चार वीडियो सनराइज़ मसाले के YouTube, Facebook और Instagram प्लेटफॉर्म पर लाइव हो चुके हैं। सनराइज़ मसाले ने पिछले वर्ष 'स्वाद बिहार का' कैंपेन लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य इस राज्य के साथ एक मज़बूत सांस्कृतिक जुड़ाव स्थापित करना और उपभोक्ताओं को स्थानीय स्वाद की खूबियों वाले प्रोडक्ट पेश करना है। सनराइज़ मसाले के नए पैक्स पर स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई मधुबनी चित्रकारी देखने मिलेगी। यह कला बिहार के मधुबनी जिले के नाम से जानी जाती है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को खुश करने के लिए सनराइज़ ने छठ पूजा के दौरान एक आकर्षक म्यूज़िक वीडियो भी रिलीज़ किया था, जिसके गीत शुभ्रा मिश्रा, निशिता झा, सलोनी भारद्वाज और श्रुति ने गाए हैं। इस म्यूज़िक वीडियो का उद्देश्य छठ महापर्व के दौरान घर वापसी की खुशियां मनाना था। इस वीडियो ने दर्शकों के दिलों को छू लिया और इसे 20 लाख से अधिक बार देखा गया है।

# सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत, एक घायल



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में इंटर के दो छात्र दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। बाइक ड्राइव कर रहे एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे दूसरे छात्र की हालात नाजुक है। घटना बनमनखी थाना क्षेत्र के शिक्षा नगर कब्रिस्तान के पास की है। घटना की सूचना मिलते ही बनमनखी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है। मृतक की पहचान बनमनखी थाना क्षेत्र के आनंदी जानकी महिला कॉलेज से लगे मंदिरा टोला निवासी शंभू सोनकर के बेटे गणेश कुमार (18) के रूप में हुई है। मृतक सुमरित उच्च विद्यालय बनमनखी में इंटर फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। वहीं घायल की पहचान पिंटू कुमार के रूप में हुई है। पड़ोसी संतोष यादव ने बताया कि गणेश कुमार देर रात करीब 11 बजे बाजार से अपने दोस्त के साथ बाइक लिए वापस घर लौट रहा था। बनमनखी थाना के शिक्षा नगर कब्रिस्तान के समीप बीच रास्ते में BR 11X 3473 नम्बर प्लेट वाली सफेद स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि न सिर्फ बाइक के परखच्चे उड़ गए बल्कि बाइक पर बैठे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद स्थानीय मौके पर जुटे और फिर परिजनों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद दोनों को निजी अस्पताल में एडिट करवाया गया। इलाज के दौरान गणेश कुमार की तड़पकर मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठे युवक की हालात नाजुक बनी हुई है। इधर मृतक की मौत की ख़बर जैसी ही उसके परिजनों तक पहुंची, चीख -पुकार मत गया। फिलहाल मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम में जुट गई है।

## दो ट्रक आपस में भिड़े, एक ड्राइवर की मौत टायर चेक करने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में दो ट्रक की टक्कर में एक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक का चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ के फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कवायद कर रही है। दूसरे ट्रक को जब्त कर लिया गया है। दुर्घटना तुर्की ओपी इलाके में हुई है। बताया जाता है कि चालक छपरा से बालू लोड आ रहा था, टायर चेक करने के दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। पटना के बिहटा थाना के पटौलिया निवासी सुरेंद्र कुमार (30) रविवार की रात छपरा जिले से बालू लोड कर सीतामढ़ी जा रहे थे। रास्ते में तुर्की ओपी के पताही गोल पोखर के समीप सुरेंद्र ट्रक को खड़ा कर टायर चेक कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सुरेंद्र की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई। इसी बीच दूसरे ट्रक का चालक गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। तुर्की ओपी और 112 की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर ट्रक को भी जब्त कर लिया। पूरे मामले पर 112 की पुलिसकर्मी नीतेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो ट्रक की भिड़ंत हो गई है। जिस कारण एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने डकैती कांड में 25 साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज जिले के जिला के टॉप 42 अपराधियों में शामिल 15000 का इनामी लाल वारंटी एवं डकैती कांड में 25 वर्षों से फरार बदमाश को पुलिस ने रविवार को हकारपूर गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान विजयीपुर थाना क्षेत्र के सकुरान टेकापुर गांव निवासी मशरखी अंसारी के बेटा शकील अंसारी के रूप में की गई। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दरअसल, इस संदर्भ में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि वर्ष 1999 से डकैती कांड में फरार चल रहा था। पुलिस उसके गिरफ्तारी के लिए वर्षों से छापामारी कर रही थी लेकिन वह पुलिस गिरफ्तार से फरार रहा। वही, पुलिस सालों पुराने केस में फरार चल रहे बदमाशों को चुन-चुनकर गिरफ्तार कर जेल भेज जा रही है। इसी दौरान फरार डकैती कांड का वांछित की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ और विजयीपुर थाना टीम के सहयोग से विजयीपुर थाना क्षेत्र के हकारपूर गांव से शकील अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कई अपराधिक मामलों के फरार दो गिरफ्तार

निज संवाददाता



**शेखपुरा**। शेखपुरा में गुप्त सूचना के आधार पर कोरमा थाना पुलिस ने सदर प्रखंड के मुरारपुर गांव में छापेमारी कर लंबे अरसे से फरार चल रहे दो कुख्यात बदमाशों को पकड़ा है। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थाना के नए थाना अध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी और एएसआई मधुकांत मिश्र ने संयुक्त रूप से किया है। गिरफ्तारों की पहचान मुरारपुर गांव निवासी मौजी राम के पुत्र बिंदो राम और उसी गांव के निवासी केशो राम के बेटे वित्तु राम के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जानलेवा हमले और शराब के मामले में गिरफ्तार फरार आरोपी बिन्दो राम की तलाश पुलिस को वर्ष 2019 से ही थी। इसके विरुद्ध स्थानीय थाना में आधा दर्जन से अधिक कांड दर्ज है। दूसरे गिरफ्तार आरोपी बिट्टू राम की तलाश पुलिस को वर्ष 2020 के एक शराब कारोबार के मामले में थी। उन्होंने बताया कि इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा पूर्व में भी प्रयास किया गया था। लेकिन ये लोग पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो जाया करते थे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बदमाश इलाके का शातिर शराब कारोबारी है। शराब निर्माण कर उसे बेचने के कारोबार बड़े पैमाने पर इलाके में चला रखा है। गिरफ्तार दोनों फरार आरोपियों को पुलिस कड़ी निगरानी में जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चोरों ने की खिड़की तोड़कर पावर हाउस में चोरी

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के पावर हाउस की है। जहां कार्यालय की खिड़की तोड़कर सामान की चोरी की गई है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई। नगर थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चोरों ने विद्युत आपूर्ति प्रशाखा की पुराने बिल्डिंग के कमरा नंबर-16 की बाहरी खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए। बदमाश चार डेस्कटॉप मॉनिटर, एक सीपीयू, तीन प्रिंटर, तीन



यूपीएस खोल कर ले गए। जबकि कई टेबल, तार और कागजों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

सोमवार की सुबह जब स्टॉफ कार्यालय पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। इसके बाद कनीय विद्युत अभियंता राजेश रजक ने थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। विद्युत एसडीओ लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि पुराने बिल्डिंग की खिड़की तोड़कर चोरी की गई है। प्रभारी थाना अध्यक्ष ने बताया कि घटना सूचना मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल तीन युवकों की पुलिस ने बचाई जान, दो युवकों की हालत गंभीर

निज संवाददाता



शेखपुरा। सोमवार को जिले के शेखपुरा-लखीसराय मुख्य सड़क मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रैक्टर और बाइक के बीच टक्कर हो गई हादसे में बाइक स्वर तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए। वही, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर निकल भागने में सफल हो गया। इस दौरान उस रास्ते से जा रहे एक सब इंस्पेक्टर ने सड़क पर पड़े घायलों को देखा जिसके बाद उनके द्वारा उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। बता दे, घटना में बुरी तरह घायल तीनों युवक सड़क पर तड़प रहे थे। तभी शेखपुरा से सिरारी ओपी लौट रहे सब इंस्पेक्टर शिव शंकर कुमार की नजर तीनों घायलों पर पड़ी। फौरन उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की सहायता से घायलों को सड़क से उठाकर इलाज हेतु सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान शेखपुरा नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत लालबाग मौहल्ला निवासी संजीत कुमार, अरविंद कुमार तथा पुल पर मौहल्ला निवासी मो. कैशर के रूप में की गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना में घायल तीनों युवक टेंट हाउस में मजदूरी करता है। घायल तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में पंडाल बनाने हेतु लखीसराय जिला के नदियावां गांव जा रहे थे। तभी भदौंस मोड़ के समीप भदौंस गांव की ओर से तेज गति में आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक में जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिसके कारण घटना घटी।

घटना में घायल 2 युवकों की हालत गंभीर बताई गई है। इस बाबत सिरारी ओपी अध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि घटना के संबंध में लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# गोभी तोड़ने का आरोप में चले लाठी-डंडे, महिला सहित आधा दर्जन घायल



निज संवाददाता

**जमुई**। जमुई टाउन थाना क्षेत्र के नीम नवादा गांव में सोमवार की सुबह खेत से गोभी तोड़ने का आरोप लगाकर मारपीट की घटना हुई। जिसमें एक व्यक्ति का आंख फूट गया। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची 112 पुलिस की टीम पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचा पूरे मामले की छानबीन में जुड़ गई। घायल की पहचान नीम नवादा निवासी अनूप मांझी, झूली मांझी, हीरा मांझी, बादल कुमार के रूप में की गई है। जबकि तेतरी देवी और एक अन्य मामी रूप घायल हो गई। तेतरी देवी का एक बच्चा गांव के ही किशोरी महतो के खेत में लगे गोभी को तोड़ लिया था। जिससे नाराज किशोरी महतो, बाबूलाल महतो, अजीत महतो सहित दर्जनों लोगों द्वारा लाठी डंडे एवं कुदाल और कुल्हाड़ी से व ईट से हमला कर दिया गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जबकि झूली मांझी का एक आंख फूट गया। बाकी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। वही, पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बहनोई ने साला को चाकू मारा, हालत गंभीर

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में एक बार फिर रिश्ता शर्मसार हुआ है, जहां अपने ही बहनोई ने साले को चाकू मार मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे इलाज के लिए बेगूसराय के सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना बीरपुर थाना क्षेत्र की है। घायल युवक की पहचान नावकोठी थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के रहने वाले खालटू पासवान का पुत्र सर्वजीत पासवान के रूप में की गई है। घायल सर्वजीत पासवान की मां अरहुल देवी ने बताया है कि रविवार की देर शाम दीपक पासवान अपनी पत्नी को लेकर ससुराल शेखपुरा आया था। उन्होंने बताया कि पत्नी ने जाने से इनकार कर दिया। इससे दीपक पासवान नाराज हो गया।उन्होंने बताया कि जब पत्नी नहीं जाने लगा तो घर से दीपक पासवान अपने साले को जबरन मोटरसाइकिल मांग कर उसको साथ ले गया। अपने घर पर पहले उसे शराब पिलाया।

शराब पिलाने के बाद पहले सर्वजीत पासवान को लाठी डांटे एवं लोहे की रोड से बेहरमी से पिटाई की। इससे भी मन नहीं भरा तो दीपक पासवान अपने ही साले को चाकू मार मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया है कि मरा समझ कर उसी जगह छोड़ दिया। उन्होंने बताया है कि दीपक पासवान रिश्ते में सर्वजीत का अपना ही बहनोई है। वही घायल अवस्था में वहां का स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना वीरपुर थाना पुलिस को दी। इस मौके पर वीरपुर थाने की पुलिस पहुंचकर घायल अवस्था में सर्वजीत को उसे जगह से उठाकर इलाज के लिए बेगूसराय के सदर में भर्ती कराया, जहां स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना के संबंध में वीरपुर थाना प्रभारी ने बताया बीरपुर में बहनाई के द्वारा अपने ही साला को चाकू मार कर घायल करने का मामला सामने आया है। फिलहाल घायल को बेगूसराय के सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बजट सत्र की बातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के अंतिम संसद सत्र की शुरुआत सुखद और स्वागतयोग्य रही है। बुधवार को सत्र शुरू होने से पहले ही 14 सांसदों का निलंबन वापस लेकर सरकार ने अपनी ओर से सकारात्मक संकेत दे दिए थे। यह भूलना मुश्किल है कि पिछला सत्र विवादों, हंगामों और निलंबनों की वजह से बहुत विवादास्पद रहा था। कुल 132 सांसदों का निलंबन बीते शीतकालीन सत्र के लिए ही हुआ था, जबकि 14 सांसदों के निलंबन के मामले पर सुनवाई चल रही थी। सरकार ने अपनी ओर से पहल करके इन 14 सांसदों के निलंबन को जब वापस लिया है, तो इससे सदन के माहौल में बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि, दो महीने में जब चुनाव होने हों, तब सांसदों पर सियासी दबाव को समझा जा सकता है। सांसद अपने कामकाज का भी लाभ उठाएंगे और अपने प्रति उमड़ने वाली सहानुभूति को भी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। अगर 14 विपक्षी सांसदों का निलंबन कायम रहता, तो इससे उनके प्रति सहानुभूति की ज्यादा संभावना होती। निस्संदेह, पिछले सत्र के विवादों को भुलाकर आगे बढ़ना होगा। वैसे भी चुनाव का समय परस्पर विद्वेष को भूलकर अपने पीछे खड़ी जनशक्ति को सिद्ध करने का होता है। गुरुवार को देश का अंतरिम बजट पेश किया जाना है, अत- किसी तरह के विरोध या विवाद की आशंका को टाले रखना सरकार की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने भी बुधवार को संसद सदस्यों से चर्चा के अवसर का उपयोग करने का आग्रह किया और यह भी कहा कि जिन लोगों को सदन की कार्यवाही में बाधा डालने की आदत हो गई है, उन्हें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। हालांकि, जब देश चुनावी दहलीज पर खड़ा हो, तब आक्रामक सांसदों से आत्मनिरीक्षण की उम्मीद कितनी की जाए? विपक्ष शायद इस बजट सत्र को तभी सहजता से बीत जाने देगा, अगर उसे इसमें सियासी फायदा नजर आएगा। अभी देश में सियासी माहौल में बहुत तल्खी आ गई है और इसकी छाया से 17वीं लोकसभा के चंद शेष दिनों को बचा लेना आसान नहीं है। सत्ता पक्ष आज मजबूत सियासी जमीन पर खड़ा है, जबकि विपक्ष को सकारात्मक रूप से अपनी जमीन मजबूत करने के लिए काम करना है। विपक्ष को सत्ता पक्ष से किसी भी प्रकार की विशेष रियायत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ध्यान रहे, प्रधानमंत्री ने फिर पुरजोर ढंग से नारी शक्ति की सराहना की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भी श्रेय दिया है और आज अंतरिम बजट पेश करने जा रही निर्मला सीतारमण की भी सराहना की है। बुधवार को संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उद्घाटन उद्बोधन तो इसी ओर इशारा कर रहा है। अंतरिम बजट ही सही, सरकार लोगों को लुभाने का आखिरी अवसर भी हाथ से क्यों जाने देगी? राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में नरेंद्र मोदी सरकार की तमाम बड़ी उपलब्धियों को याद किया, तो आश्चर्य नहीं। भारत की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग को भी याद किया और एशियाई खेलों में प्रभावशाली प्रदर्शन की भी चर्चा की।

## आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार

आखिरकार जमीन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया। वे करीब छह महीने से पूछताछ से बचते फिर रहे थे। पूछताछ के लिए सात बार बुलाने के बाद भी वे ईडी के दफ्तर नहीं गए। ईडी ने खुद उनके दफ्तर जाकर पूछताछ की। अभी तक वे यही कह कर बचने का प्रयास कर रहे थे कि आरोपपत्र में उनका नाम नहीं है। मगर वे ईडी के सामने खुद को बेदाग साबित नहीं कर पाए। उनकी गिरफ्तारी से पहले जिस तरह उनके कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश की, उससे फिर यही जाहिर हुआ कि राजनेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप अब दलगत रस्साकशी का विषय बनते गए हैं। जैसे ही एजंसियां किसी नेता के खिलाफ जांच शुरू करती हैं, उसे केंद्र सरकार की साजिश करार देकर एक तरह से संबंधित व्यक्ति को पाक-साफ करार देने की कोशिशें शुरू हो जाती हैं। सोरेन पर सेना के स्वामित्व वाली करीब साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीद में घोटाले और धनशोधन का आरोप है। मंगलवार को दिल्ली में उनके आवास पर हुई छापेमारी में छत्तीस लाख रुपए नगद और एक महंगी बेनामी गाड़ी भी बरामद की गई थी। इस कार्रवाई के बाद सोरेन ने अपने विधायकों की बैठक बुला कर सरकार बचाने की रणनीति बनाने में जुट गए। रांची में ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ करते रहे और उनके कार्यकर्ता उनके घर के बाहर प्रदर्शन करते रहे। यह कोई पहला मामला नहीं है, जब किसी नेता से पूछताछ के समय इस तरह शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक नाटक किया गया। इस तरह अब आम लोगों में भी भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सियासी रंग भर दिया गया है।

## विकसित भारत का रोडमैप और देश की आर्थिक सफलता की कहानी है अंतरिम आम बजट

**(प्रह्लाद सबनानी)**

पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत के नागरिकों ने वित्तीय क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव देखे हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किया गया है कि भारत में सर्वसमावेशी, सर्वांगीण एवं सर्वस्पर्शी विकास हो। देश में खाद्यान की चिंता दूर हुई है। वर्ष 2024 में लोक सभा चुनाव होने जा रहे हैं, अतः केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में भारी भरकम घोषणाओं से बचते हुए दिनांक 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में वोट ओन अकाउंट पेश किया। लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के पश्चात एक बार पुनः वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट वित्त मंत्री महोदया द्वारा लोक सभा में पेश किया जाएगा। इस तरह से परम्परा का निर्वहन ही किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 वर्ष के लिए पेश किए किए गए बजट की मुख्य विशेषता यह है कि पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के बावजूद वित्तीय घाटे को कम करने का सफल प्रयास किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पेश किए गए केंद्रीय बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया था। इसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट में बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था और अब वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। यदि किसी देश में पूंजीगत व्यय की मात्रा बढ़ाई जाती है तो इससे उस देश के लिए आय के साधन भी बढ़ते हैं। यह तथ्य भारत के मामले में भी उजागर होता दिखाई दे रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान लगातार भारी भरकम राशि के पूंजीगत व्यय के कारण अब देश की सकल आय में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है। न केवल अप्रत्यक्ष कर, वस्तु एवं सेवा कर, की औसत मासिक वसूली 1.66 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की हो गई है बल्कि प्रत्यक्ष करों में भी 25 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि दर्ज हो रही है। जिसके चलते केंद्र सरकार को पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के साथ ही वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने में भी सफलता मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से 23.24 लाख करोड़ रुपए की कुल आय अनुमानित है और कुल खर्च 44.90 लाख करोड़ रुपए का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का, 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से कुल आय बढ़कर 30.80 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है तो कुल व्यय 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना है। इस प्रकार वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का, 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय घाटा कम होने का सीधा-सा अर्थ है कि केंद्र सरकार को बाजार से कम ऋण लेने की आवश्यकता होगी क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत खर्च में बढ़ौतरी के चलते आय के साधन बढ़ रहे हैं। इससे भारतीय बैंकों को निजी क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराने हेतु अधिक राशि उपलब्ध होगी। वैसे भी, पिछले दो वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा किए गए भारी भरकम पूंजीगत खर्च के चलते देश के आर्थिक चक्र में जो गति आई है उसके कारण उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है एवं विभिन्न विनिर्माण इकाईयां अपनी उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग करने लगी हैं। इस स्थिति के बाद सामान्यतः विनिर्माण इकाईयों के लिए अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना आवश्यक हो जाता है। अतः अब उद्योग क्षेत्र को अधिक पूंजी की आवश्यकता होगी जिसे बैंकों से ऋण लेकर पूरा किया जा सकता है। अतः केंद्र सरकार अपने संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए अभी से यह प्रयास कर रही है कि उसे स्वयं कम ऋण की आवश्यकता हो ताकि यह राशि उद्योग क्षेत्र को ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जा सके। इस प्रकार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस बजट के माध्यम से पूंजीगत खर्च को बढ़ाने के बावजूद वित्तीय घाटे को कम करने का सफल प्रयास किया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत के नागरिकों ने वित्तीय क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव देखे हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किया गया है कि भारत में सर्वसमावेशी, सर्वांगीण एवं सर्वस्पर्शी विकास हो। देश में खाद्यान की चिंता दूर हुई है। ग्रामीण इलाकों के प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग एक करोड़ नए मकान निर्मित किए गए हैं, हर घर नल योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में घरों तक पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है एवं मातृशक्ति को कुकिंग गैस उपलब्ध कराई गई है। 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं ताकि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे ही इन बैंक खातों के माध्यम से हितग्राहियों के हाथों में पहुंचे। 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 11.8 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए प्रतिवर्ष सम्मान निधि सीधे उनके खातों में जमा की जा रही है। 4 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। फसलों की विभिन्न पैदावार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। कुल मिलाकर, पिछले 10 वर्षों के दौरान 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी रेखा के ऊपर लाने में सफलता मिली है। इससे अब भारतीय नागरिकों की अपेक्षाएं भी बढ़ गई हैं। अतः नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए माननीया वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में घोषणा की है कि एक करोड़ नागरिकों को, जो सोलर पेनल का उपयोग करेंगे, 300 यूनिट बिजली मुफ्त में प्रदान की जाएगी ताकि भारत में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके और पेट्रोल, डीजल एवं कोयले के उपयोग को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ अतिरिक्त नए मकान बनाए जाएंगे ताकि देश के प्रत्येक परिवार के पास अपनी छत उपलब्ध हो सके। आगे आने वाले कुछ वर्षों में लखपति दीदी बनाने के उद्देश्य से 9 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़े जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ताकि मातृशक्ति रोजगार देने वाली बनें। देश में अभी तक एक करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लखपति दीदी बनाया जा चुका है।

> *देश में अधोसंरचना को विकसित करने के उद्देश्य से रेल्वे के तीन नए कोरिडोर बनाए जाने का प्रावधान भी किया गया है। प्रथम, ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा। द्वितीय, पत्तन गलियारा एवं तृतीय अधिक यातायात वाला गलियारा। यह तीन गलियारे पूर्व में ही विकसित किए जा रहे समर्पित माल गलियारे के अतिरिक्त होंगे। इन तीन गलियारों के विकसित होने के बाद देश में रेल्वे की सुविधाओं में और अधिक सुधार होगा।*

## दिल्ली की सेहत सुधारने का वक्त

**(चंद्रकान्त लहारिया, वरिष्ठ चिकित्सक)**

हम में से अधिकांश लोग स्वास्थ्य के महत्व को तभी पहचानते हैं, जब वे बीमार पड़ते हैं या कोई महामारी पांव पसारती है। हालांकि, यदि हम नियमित रूप से अपनी सेहत की जांच करते रहें, तो कई स्वास्थ्य संकटों को टाला जा सकता है या उनका प्रभाव कम किया जा सकता है। अच्छी सेहत के लिए व्यक्तिगत प्रयास की निस्संदेह जरूरत है, लेकिन समाज और राष्ट्र की भूमिका भी काफी अहम है। अच्छे अस्पताल, रहन-सहन के ठीक-ठाक माहौल, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आदि सरकारों का ही दायित्व है, जिससे आम लोगों को अपनी सेहत सुधारने में खासा मदद मिलती है। भारत की राजधानी होने के कारण दिल्ली पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का बड़ा दायित्व है। बेशक, राष्ट्रीय राजधानी के पास सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवाओं का एक अच्छा बुनियादी ढांचा है। यहां सरकारी व निजी अस्पतालों का विशाल नेटवर्क है और मोहल्ला क्लीनिकों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं पर कुछ हद तक ध्यान भी दिया जाता है। इतना ही नहीं, दिल्ली उन राज्यों में से भी एक है, जो अपने बजट का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च करता है। फिर भी, यहां देश के सर्वोत्तम स्वास्थ्य संकेतकों या स्वास्थ्य सेवाओं के होने का दावा नहीं किया जा सकता, जिसका एक बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों और देश भर के लोगों द्वारा यहां उपयोग की जा रही स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं हैं। दिल्ली की स्वास्थ्य स्थिति हमें एहसास कराती है कि स्वास्थ्य केवल बीमारियों के संदर्भ में नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय कारकों से भी निर्धारित होता है। यहां कई अनोखी चुनौतियां हैं। यहां स्वास्थ्य सेवाएं संघ और राज्य सरकारों, शहरी स्थानीय निकाय/नगर निगमों और निजी क्षेत्र सहित कई स्वास्थ्य एजेंसियों द्वारा मुहैया कराई जाती हैं, जिनमें अक्सर सीमित समन्वय होता है। फिर, यहां प्रवासी आबादी और झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों की भी अपनी स्वास्थ्य जरूरतें हैं। उन्हें आमतौर पर निकटतम स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी नहीं होती। यहां तमाम रोगों के अलावा मधुमेह, उच्च रक्तचाप और शहरी जीवन-शैली से जुड़ी अन्य बीमारियों का बढ़ना एक बड़ी चुनौती है। जब कोई ग्रामीण श्रमिक दिल्ली जैसे शहरी परिवेश में आता है, तो यह केवल एक भौतिक बदलाव नहीं होता है। यह नया माहौल उसकी नियमित शारीरिक गतिविधि में भी बदलाव लाता है, और उसे बीमार परिस्थितियों में रहने व खराब आहार से परिचित कराता है। वह प्रदूषण के संपर्क में आता है। धूम्रपान और शराब के सेवन की भी आशंका बढ़ती है। इसलिए, दिल्ली या अन्य प्रमुख शहरों को शहरी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शेष भारत का मार्गदर्शन करने की जरूरत है, जो आने वाले वर्षों में एक बड़ी जरूरत बनकर हमारे सामने खड़ी हो सकती है। हालांकि, दिल्ली ने सरकारी स्कूलों के लिए कार्यात्मक स्कूल स्वास्थ्य सेवाएं होने का दावा किया है, लेकिन उनकी कार्यक्षमता नाममात्र है। स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड रखना सीमित है और सेवाएं सालाना होने वाली स्वास्थ्य जांच तक सीमित हैं। प्रदर्शन और कार्यक्षमता का मूल्यांकन भी सीमित है। इसी तरह, मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर चर्चा तो होती रहती है, पर पर्याप्त कार्रवाई नहीं की जा रही। दिल्ली में ही मानसिक रोगियों की संख्या कम नहीं है। लिहाजा, इस मुद्दे पर सार्वजनिक ध्यान देने की जरूरत है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सार्वजनिक संवाद और समझ को बढ़ाना होगा, क्योंकि जिस तरह लोगों को शारीरिक बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है, उसी तरह मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर भी उनको समान सोच रखनी चाहिए। मानसिक रोगों को अन्य बीमारियों की तरह देखने की समझ लोगों में बढ़ानी होगी। यहां प्रदूषण को भी नजरंदाज नहीं कर सकते। वायु गुणवत्ता सर्दियों में ही नहीं, वर्ष के अन्य महीनों में भी खराब रहती है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

### वृष
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि का दिन है और आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए।

### कर्क
आज का दिन सम्मान से भरा होगा। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। भाग्य भी आपका साथ देगा। दूर की यात्रा पर भी जाना ला सकता है। छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, अतः प्रयत्नशील रहें।

### सिंह
आज आर्थिक लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी और भाग्य का साथ मिलेगा। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता-गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

### मिथुन
आज का दिन भाग्यशाली है और आज आपको नए संपर्क से लाभ होगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्म विश्वास में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज किस्मत का साथ मिलेगा और धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपकी सभी चिंताएं दूर होंगी। कारोबार की चिंताएं दूर होंगी और आपकी परेशानी अधिक होगी। पिछले कई दिनों से आपका व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज किसी विशेष प्रकार की भागदौड़ में आपका दिन बीतेगा और आज उसके नतीजे से आपको लाभ होगा। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें तो आपका दिन अच्छा बीतेगा। इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा।

### मकर
आज बिना वजह की चिंता परेशानी में बीतेगा। कुछ परेशानियां आप अपनी गलतियों की वजह से खड़ी कर लेते हैं। आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

### कुंभ
आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें और मन लगाकर काम करें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय बहुत ही अनुकूल है, भागदौड़ में मन लगेगा।

### धनु
आज आर्थिक परेशानी दूर होंगी और आज किसी प्रकार की चिंता से परेशान होंगे। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज भी वह चिन्ता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति होगी तो कहीं यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

### मीन
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। आपकी नज़र भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है। कोई आपकी झूठी तारीफ करे तो उससे सावधान रहें।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5272

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5271

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5272

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | 9 | | 10 | | |
| | 11 | | | | 12 | | |
| 13 | | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 | 17 |
| | ■ | 18 | | | | ■ | |
| ■ | 19 | | | | ■ | 20 | |
| 21 | | | ■ | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | | | ■ | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस का उपयोग आते हुए वायुयान की दिशा व क्षेत्र को जानने के लिए किया जाता है (3)
4. इस नदी को वृद्ध गंगा कहा है (4)
8. प्रयोजन, अभिप्राय (4)
10. विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना (3)
11. कछाई, चारागाह, तराई (3)
12. किन्हीं दो स्थानों की दूरी तय करने वाली विभक्ति, पर्यंत (2)
13. पश्चिमी अफ्रिका के इस देश के पहले राष्ट्रपति थे डॉ. क्वामें, इस देश की राजधानी अकरा है (2)
14. गढ़, फोर्ट, दुर्ग (2)
16. फैसला, उचित-अनुचित का विवेक, नीति संगत बात (2)
18. श्री गणेश, गणपति, गजानन (4)
19. एक भूमिगत तना जो मसाले और औषधि के उपयोग में होता है (4)
20. दर, निर्ख (2)
21. शक्ति, सामर्थ्य, ताकत (3)
22. शक्ल (3)
23. ननिहाल, माता की पीहर (4)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रसन्ताप्रद, प्रेमकर्ता (2)
2. डाकघर, पोस्ट ऑफिस (4)
3. बिना पकी भोजन सामग्री, रस देने वाला (3)
5. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण(3)
6. दुल्हा-दुल्हिन (4)
7. इस अभिनेत्री ने पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (2)
9. अलग, जुदा, एक तरफ रहा (5)
13. उतनी वस्तु जितनी एक बार में तली या सेंकी जाए (2)
15. काबिल, योग्य (3)
17. ज्यों का त्यों, जैसा का तैसा (4)
18. मलना, दबाना, रगड़ना (4)
19. नमाज की सूचना (3)
20. इस देश का हल्दी उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान है (3)

### वर्ग पहेली 5271 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ह | री | न | ■ | आ | ग | रा |
| र | त | ना | र | ■ | ज | ल | ज |
| सा | ■ | रा | ■ | पू | त | ■ | स्था |
| त | वा | य | फ | ■ | क | मा | न |
| ■ | लि | ■ | ल | ता | ■ | न | ■ |
| | द | म | दा | र | ■ | हा | ल |
| ■ | ■ | ना | य | क | ■ | नि | जी |
| ■ | पि | ना | क | ■ | जौ | ■ | ज |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा वर्कर्स यूनियन चुनाव में संजीव चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील की कामगार यूनियन टाटा वर्कर्स यूनियन चुनाव में संजीव चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए हैं कोषाध्यक्ष के पद पर आमोद दुबे निर्वाचित घोषित किए गए कंपनी परिसर के स्टेलेनियम हाल में मतगणना के दूसरे दिन अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया है।हालांकि को-ऑप्शन का प्रस्ताव गिरने और प्रतिद्वंदी के कमेटी मेंबर चुनाव हारने के बाद संजीव की ताजपोशी तय मानी जा रही थी।यूनियन के सहायक सचिव के 3 पद पर पिछली कमेटी के नीतेश राज, अजय चौधरी जीते तो सरोज सिंह को हार का सामना करना पड़ है श्याम बाबु नए सहायक सचिव बने हैं उपाध्यक्ष के 4 पद पर पुराने तीन चेहरे शाहनवाज आलम, संजय कुमार सिंह और संजीव तिवारी चुनाव जीत गये हैं उपाध्यक्ष के चौथे सीट पर नये चेहरे राजीव चौधरी जीते हैं एकबार फिर महासचिव के पद पर सतीश सिंह और डिप्टी प्रेसिडेंट के पद पर शैलेश कुमार सिंह जीत गये हैं।

### पूर्व विधायक संजीव सिंह की अर्जी कोर्ट में स्वीकार

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों के हत्याकांड की सुनवाई शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की ओर से आवेदन देकर कहा गया कि घटना की तारीख, स्थान व समय पर वह अपने आवास पर सरकारी पांच अंगरक्षकों के साथ बैठे थे। उन सरकारी अंगरक्षकों का बयान पुलिस ने अनुसंधान के दौरान दर्ज किया था, परंतु मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन ने उन सरकारी अंगरक्षकों का बयान अदालत में दर्ज कराने से इनकार कर दिया था। संजीव के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने दलील देते हुए कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अवधेश राय नामक एक व्यक्ति ने पुलिस से यह जानकारी मांगी थी कि विधायक संजीव सिंह के साथ घटना की तिथि व समय को कितने अंगरक्षक तैनात थे और कौन-कौन तैनात थे, जिसके जवाब में सूचना पदाधिकारी एसएसपी एवं प्रचारी प्रवर की ओर से दिए जवाब में बताया गया था कि अंगरक्षकों में हवलदार गंसा कच्छप, पुलिस राजेश कुमार, पुलिस सत्येंद्र सिंह, मुन्ना कुमार सिंह और पुलिस सतीश कुमार की जानकारी उपलब्ध कराई गई थी। अतः इस दस्तावेज को प्रदर्श के रूप में अंकित किया जाए। कोर्ट ने सूचना अधिकार के तहत प्राप्त किए गए दस्तावेज को प्रदर्श के रूप में अंकित कर लिया है। कोर्ट ने बचाव पक्ष को साक्ष्य पेश करने का आदेश दिया है ।

### कामडारा में मनरेगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**कामडारा, एजेंसी।** प्रखंड के रामतोल्या पंचायत में मनरेगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रैली के माध्यम से गांव और टोला में मनरेगा स्लोगन के साथ ग्रामीणों को जागरुक किया गया। यह रैली गांव और टोला से होते हुए पंचायत कार्यालय तक गई। रैली में मुखिया,वार्ड सदस्य,रोजगार सेवक,प्रदान कार्यकर्ता और ग्रामीण ग्रामीणों ने भाग लिया। उधर पंचायत भवन में बैठक करते हुए सौ लोगों ने काम का आवेदन दिया। मौके पर 15 लोगों को नए जॉब कार्ड दिया गया। मौके पर प्रदान के वाटरशेड एक्सपर्ट अमित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की बैठक प्रखंड के सरिता गांव में अध्यक्ष निरल आईन्द की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज को सशक्त और संगठित करने पर चर्चा की गई। मौके पर काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### ये मोह-मोह के धागे गाकर मोनाली ने बांधा समा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** बॉलीवुड की चर्चित पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर ने अपने हिट फिल्मी गीतों से रविवार की रात समा बांध दिया। जब उन्होंने दम लगाके हईसा फिल्म के चर्चित गीत ये मोह-मोह के धागे गुनगुनाना शुरू किया कि लोगों ने देर तक तालियां बाज। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक गीत जैसे संवार लूं, बदरी की दुल्हनियां, लव मी थोड़ा, टच मी, खुदाया खैर जैसे गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मोनाली डोबो में एक बिल्डिंग प्रोजेक्ट की लांचिंग के अवसर पर अपनी टीम के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करने पहुंचीं थीं।

# रामगढ़ में खुली जीप में निकली राहुल गांधी की न्याय यात्रा



**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के रामगढ़ में सोमवार की सुबह करीब 8:15 बजे राहुल गांधी की न्याय यात्रा निकली। शहर के बाजार टांड़ स्थित सिधो कान्हो स्टेडियम में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार की सुबह खुली जीप में सवार राहुल गांधी शहर के बाजार टाड़, गोला रोड, गांधी चौक, मेनरोड होते हुए रांची इरबा की ओर रवाना हुए।

इस दौरान जगह-जगह लोगों ने उनका स्वागत किया। गांधी चौक के समीप स्कूली बच्चे काफी देर से गुलाब फूल लिए उनका इंतजार कर रहे थे। राहुल ने भी बच्चों को निराश नहीं किया। अपनी जीप में बैठाकर उनके साथ काफी बातें की। बच्चे भी राहुल गांधी के साथ काफी उत्साहित दिख रहे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को झारखंड के धनबाद, बोकारो और रामगढ़ में न्याय यात्रा के क्रम में कईसभाओं को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने जहां भाजपा और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया, वहीं आदिवासियों और गरीबों के उत्थान को लेकर भी लोगों से वादे किए।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा केवल कांग्रेस कर सकती है। केंद्र सरकार पब्लिक सेक्टर निजी हाथों में सौंप रही है। दलितों व आदिवासियों के अधिकारों को छीन रही है। बोकारो स्टील फैक्ट्री प्लांट को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है। चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने को केंद्र सरकार यह कर रही है।

बोकारो में यात्रा के दौरान गोधर में राहुल ने कोयला मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानने की कोशिश की। राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में पेसा और जमीन अधिग्रहण कानून बनाया। वादा किया कि उनकी सरकार बनी तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की 24 घंटे गारंटी रहेगी।

आरएसएस और भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि देश में नफरत फैलाई जा रही। इस नफरत के बाजार में कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान खोली है। हमने लोगों को न्याय दिलाने के लिए ही भारत जोड़ो यात्रा में न्याय शब्द जोड़ा है। राहुल ने कहा कि जीएसटी व नोटबंदी से बेरोजगारी बढ़ी है। साथ ही कहा कि भाजपा ने युवाओं का भविष्य खराब कर दिया है।

### राहुल गांधी ने चलाई 200 किलो कोयले से लदी साइकिल

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत रामगढ़ पहुंचे हुए हैं। इस दौरान वह रामगढ़ चुट्टू पालू घाटी स्थिति फांसी स्थल भी पहुंचे। यहां क्रांतिकारी टिकैत उमरांव सिंह व शेख भिखारी को फांसी दी गई थी। राहुल गांधी ने इस दौरान दोनों को श्रद्धांजलि दी। इसी कड़ी में उन्होंने घाटी में साइकिल पर कोयला लाद कर ले जा रहे लोगों से बात की और कोयला लदी साइकिल को भी थोड़ी दूर खींचा।

**कोयला ढोने वाले युवाओं के भार को राहुल ने किया महसूस :** उन्होंने कहा कि साइकिल पर 200-200 किलो कोयला लेकर रोज़ 30-40 किलोमीटर चलने वाले इन युवाओं की आय नाम मात्र है। बिना इनके साथ चले, इनके भार को महसूस किए, इनकी समस्याओं को नहीं समझा जा सकता। इन युवा श्रमिकों की जीवनगाड़ी धीमी पड़ी, तो भारत निर्माण का पहिया भी थम जाएगा।



### आत्मा परमात्मा से बिछड़ी हुई, इसलिए दुखी है : बाबा परमजीत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में राधा स्वामी सत्संग (तरण तारन) पंजाब के संत बाबा परमजीत सिंह जी महाराज का सत्संग एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में रविवार को आयोजित हुआ। बाबा जी ने गुरुग्रंथ साहब से पंचम पातशाही श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज की बाणी की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है और परमात्मा से बिछड़ी हुई है, इसीलिए दुखी है। परमात्मा से यह तभी मिल सकती, यदि इसे कोई पूर्ण सद्गुरु मिले और परमात्मा से मिलने की राह बताए। इसके लिए हमें गुरु पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए। उनसे प्रेम होना चाहिए। बिना प्रेम और विश्वास के हम सतगुरु का प्यार नहीं पा सकते। और जब तक सतगुरु दया नहीं करेंगे, नाम दान के बक्शीश नहीं करेंगे और उनके द्वारा बताये गए विधि से हम उस नाम का जाप नहीं करेंगे, तब तक हम परमात्मा से मिलने के काबिल नहीं बन सकते। क्योंकि हमारे अंदर बहुत से विकार भरे पड़े हैं। इनमें काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार मुख्य है। ये विकार तभी दूर होंगे जब हम संत सद्गुरु से दीक्षा लेकर उनके बताए हुए तरीके के अनुसार भजन और सुमिरण करेंगे। महाराज जी ने विशेष रूप से प्रेम पर बहुत ज़ोर दिया।

## पूर्व सैनिकों का सम्मान व रोजगार संगठन की प्राथमिकता : विनय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका नियोजन है, ताकि उनकी जीवन शैली समाज के साथ गतिमान रह सके। हम सबको मिलकर एक सशक्त सैनिक संगठन बनाना है, जिससे सैन्य हितों की रक्षा के साथ-साथ उनको स्तरीय रोजगार मिल सके। ये बातें एग्रिको में आयोजित सैन्य सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहीं। इस दौरान इसीएचएस की व्यवस्था और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चाईबासा के क्रिया कलापों और गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। संगठन गीत उमेश शर्मा ने प्रस्तुत किया। इसके बाद परिचय सत्र शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। गत माह के कार्यक्रम समीक्षा और आय व्यय का विवरण दीपक शर्मा ने प्रस्तुत किया। आगे के कार्यक्रम की योजना और नीति पर राजीव कुमार सिंह और मनोज कुमार सिंह ने अपनी बात रखी। मंजुला ने मातृशक्ति को पूर्व सैनिकों की सुविधा के बारे में जानकारी देने का प्रस्ताव रखा। जबकि इस बैठक में अतिथि के रूप में संगठन मंत्री सिद्धार्थ सिंह शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन हवालदार मनोज कुमार सिंह ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के स्मरण और शहीदों एवं शहीद परिवार को नमन के साथ हुआ। अंत में भारत माता की जय और पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिंदाबाद के उद्घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सैन्य सम्मेलन में सत्येंद्र सिंह, विश्वजीत, सत्यप्रकाश, संजीव कुमार सिंह, पवन कुमार, बीबी सिंह, दीपक शर्मा, वरुण कुमार, जितेन्द्र सिंह सहित 35 पूर्व सैनिक शामिल हुए।



## मुखी समाज का पहला युवा महोत्सव आयोजित



**जमशेदपुर, एजेंसी।** मुखी व घासी समाज की यूथ कमेटी का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव सह मिलन समारोह 2024 गोपाल मैदान में रविवार को संपन्न हुआ। आरंभ में मुख्य अतिथि टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के चीफ सह सीइओ सौरव राय एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया। साथ ही परंपरा के अनुरूप इष्ट देवता की आराधना के उपरांत देशभक्ति गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने समाज के प्रति मुखी समाज के त्याग और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए समाज में उनके महत्व पर प्रकाश डाला और इस पहले आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ मनमोहन गीत-संगीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा सरायकेला का मशहूर छऊ नृत्य, रांची की सरगम की टीम, नागपुरी सिंगर पंकज राय, नागपुरी एक्टर रमन गुप्ता की दमदार प्रस्तुति का लोगों ने खूब आनंद उठाया। साथ ही दी सेम एज बैंड जमशेदपुर, संतोष महतो के द्वारा झूमर संगीत, मुखी एवं घासी समाज के बच्चों के द्वारा पारंपरिक नृत्य और पश्चिमी नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम के माध्यम से मुखी समाज ने झारखंड में अपने अस्तित्व की लड़ाई के साथ अपने हक और अधिकार, अपनी कला संस्कृति को बचाने के लिए झारखंड सरकार से आह्वान किया। इस दौरान समाज के बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में टीएसएफ के ट्राइबल आइडेंटिटी के प्रमुख जिरेन जेवियर टोपनो, जुगसलाई के पूर्व विधायक मंगल राम करवा, समाजसेवी रितिका मुखी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयायी सुग्रीव मुखी, आदित्यपुर के पार्षद पंडी मुखी, झारखंड आंदोलनकारी गुरुचरण मुखी, 20 सूत्री के सदस्य जुगल किशोर मुखी, महिला नेत्री बबीता करवा, रेखा मुखी, नेशनल फुटबॉलर कोच जगन्नाथ बेहरा, विभिन्न मुखी बस्ती के मुखिया गण शामिल हैं। युवा महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुखी समाज यूथ कमेटी के अध्यक्ष देवन मुखी, उपाध्यक्ष नेहा मुखी, महामंत्री विक्रम मुखी, कोषाध्यक्ष रात्रि मुखी, कोर कमेटी के अध्यक्ष धनराज मुखी, संरक्षक कार्तिक मुखी, संयोजक आशीष मुखी, संरक्षक कार्तिक मुखी, प्रवक्ता शंभू मुखी डूंगरी, कार्यकारी सदस्य जोशना मुखी, रानी मुखी, ईशा मुखी, ज्वाला मुखी और भूमि मुखी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रिम्स से आगे निकला सदर अस्पताल, फाइब्रो स्कैन से हो रहा लीवर का इलाज

**रांची , एजेंसी।** रिम्स जैसे बड़े मेडिकल कॉलेज में गेस्ट्रोएंटेरोलॉजी जैसे जरूरी विभाग अब तक नहीं है, न ही पेट व लीवर का कोई विशेषज्ञ चिकित्सक है। इसी का परिणाम है कि सदर अस्पताल के कुछ विभाग एडवांस ट्रीटमेंट के मामले में रिम्स को पीछे छोड़ रहे हैं। यहां करीब चार महीने पहले गेस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग खुला है। गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. जयंत कुमार घोष अपनी सेवा दे रहे हैं। यहां लीवर के इलाज के लिए अत्याधुनिक फाइब्रो स्कैन मशीन इंस्टॉल की गई है।

यह मशीन एक विशेष अल्ट्रासाउंड तकनीक पर काम करती है, जो लीवर में कठोरता और वसायुक्त परिवर्तनों की जांच करने में कारगर है। यह लीवर में आ रहे सिकुड़न का तुरंत पता लगा लेती है। फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस का इस जांच के जरिए निदान पाया जा सकता है। इससे लीवर सिरोसिस की जांच महज 10 मिनट में हो जाती है, जबकि वर्तमान में बायोप्सी की रिपोर्ट आने में 10 घंटे से ज्यादा लगते हैं। डॉक्टरों की मानें तो फाइब्रोस्कैन से लीवर कैंसर के लक्षणों का भी पता लगाया जा सकता है।

गेस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग में हर दिन 25-30 मरीज आ रहे हैं। सदर अस्पताल में इस विभाग के खुलने के बाद रिम्स में पेट व लीवर के मरीज कम हो गए हैं। शुक्रवार को 23 मरीज आए। जबकि, गुरुवार को 26, बुधवार को 21, मंगलवार को 23 व सोमवार को 24 रोगी ओपीडी में पहुंचे थे।

रिम्स में मेडिसिन विभाग में ही पेट व लीवर की बीमारियों का भी इलाज होता है। यही नहीं झारखंड के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज रिम्स में एंडोस्कोपी टेस्ट तक की सुविधा नहीं है। परिणामस्वरूप रिम्स में भर्ती मरीज भी एंडोस्कोपी कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। पिछले 10 दिनों में 20 से ज्यादा मरीज रिम्स से सदर अस्पताल आकर एंडोस्कोपी करा चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि जल्द ही गोल ब्लैडर का इलाज भी एंडोस्कोपी से शुरू होगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

## बालू के अवैध खनन से मिट रही नदियां, मैदान बन रहीं



**बिरनी, एजेंसी।** बिरनी अंचल में बेतरतीब तरीके से हर दिन हो रहे बालू के उठाव से नदियों का आकार सिमटते जा रहा है, धीरे -धीरे नदियां अब नाले के रूप में परिवर्तित होने लगी हैं। अंचल की कई नदियां अब नाले की तरह दिखने लगी हैं। एक लंबी अवधि से बालू का हो रहे खनन से छोटी-छोटी नदियां अब नाला बन चुकी हैं। यही हाल रहा तो बराकर ओर इरगा नदी भी कुछ ही दिनों में अपना अस्तित्व खो देगी। प्रखण्ड के मरगोडा इरगा नदी, विजयडीह इरगा नदी, कोलकियारी इरगा नदी , बाराडीह बराकर नदी, चितनखारी बराकर नदी, चानो बराकार नदी, हरदिया बराकर नदी समेत विभिन्न नदियों के घाट से हर दिन बालू का अवैध उठाव होता है। प्रत्येक घाटों से हरदिन 50 से अधिक अवैध बालू की गाड़ियां कोडरमा जिले के मरकच्चो , राजधनवार होते हुए बिहार तक जाती हैं।

# अब पोस्ट ऑफिस में मिलने लगेगा श्रीरामलला का डाक टिकट, 21 जनवरी को पीएम मोदी ने किया था लॉन्च

**रांची, एजेंसी।** श्रीराम भारत की चेतना के कण-कण में रचे-बचे हैं। वह भारतीय जनमानस के दैनिक व्यवहार में प्राचीनकाल से सदैव व्यवहृत होते चले आ रहे हैं- जैसे प्रणाम में, आशीर्वाद में, दुख में और सुख में मुख से निकलने वाला पहला शब्द राम ही है। आज भी हमारे घर के बुजुर्ग जब पत्र लिखने बैठते हैं, तो पहले जयश्रीराम लिखकर ही पत्र लिखना आरंभ करते हैं।

यह ठीक है कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में पत्र-लेखन का कार्य कम हो गया है, लेकिन फिर भी श्रीराम जनमानस के केंद्र में ही रहे।

तभी तो जब श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि आई, तो उस दिन पूरा भारत राममय हो उठा और यह क्षण जनमानस के लिए अविस्मरणीय बन गया। इसलिए जब से श्रीरामलला का डाक टिकट जारी हुआ है तभी से लोगों में पत्र लिखने की उत्सुकता जगी है।

श्रीराम को पुन:व्यवहार में लाने के लिए प्रतीक्षारत हैं। डाक टिकट को संग्रहित करनेवालों के लिए तो यह किसी उत्सव से कम नहीं है इसलिए राजधानीवासियों के लिए यह प्रतीक्षा अब अब शीघ्र ही समाप्त होने वाली है।

मेन रोड शहीद चौक स्थित मुख्य डाक घर में जल्द श्रीराम लला का डाक टिकट आम लोगों को मिलने लगेगा। डाक टिकट मंगवाने की तैयारी में डाक विभाग पहले से ही जुट गया है। उम्मीद यह है कि पांच फरवरी से श्रीरामलला के चित्र वाला डाक टिकट पोस्ट ऑफिस में मिलने लगेगा।

डाक टिकट की डिमांड इसके लांच होते ही शुरू हो गई थी। रोजाना




एक दर्जन से अधिक लोग टिकट संबंधित जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। अब वैसे लोगों को रोजाना पोस्ट आफिस के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। पांच फरवरी से लोगों को यह टिकट आसानी से मिलने लगेगा। शुरुआती कीमत 100 रुपये होगी।

मेन रोड पोस्ट आफिस के डिप्टी पोस्टमास्टर संजय सिंह ने बताया कि 21 जनवरी को प्रधानमंत्री ने श्रीरामलला का डाक टिकट दिल्ली में लांच किया था। लोग इस डाक टिकट के संग्रह के लिए डाक टिकट खरीदने पोस्ट ऑफिस पहुंच रहे हैं।

डाक टिकट संग्रह करने वाले ही इसके मूल्य को समझ सकते हैं। शहर में कई लोग डाक टिकट संग्रहित कर रुपये कमा रहे हैं। डाक टिकट की कीमत समय के साथ बढ़ जाती है। - अरविंद कुमार, चुटिया निवासी।

मोबाइल के जमाने में भी मुझे पत्र लिखने की आदत है। श्रीरामलला का डाक टिकट आने का इंतजार कर रही हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रीरामलला का डाक टिकट लांच कर डाक टिकट का मान बढ़ाया है- रूना शुक्ला, चेशायर होम रोड।

पोस्ट ऑफिस के डिप्टी पोस्ट मास्टर संजय सिंह ने बताया कि श्रीरामलला की डाक टिकट की छपाई दिल्ली, नासिक और पुणे के प्रिटिंग प्रेस में शुरू हो चुकी है। छपाई का काम तेजी से हो रहा है। छपाई के बाद यह लोगों को मिल सकेगा। साथ ही सभी डाक घरों में यह डाक टिकट उपलब्ध होगा।

डाक घरों में लोगों की सुविधा के अनुसार हर चीज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। श्रीमरालला के डाक टिकट की डिमांड बढ़ गई। प्रधानमंत्री के द्वारा लांच करने के बाद से लोग इसकी खरीदारी के इंतजार में है- संजय सिंह, उप पोस्टमास्टर मेन रोड, रांची।

पत्र में डाक टिकट चिपकाने का मतलब यह होता है कि आपने डाक सेवाओं के शुल्क का भुगतान कर दिया है। पोस्ट ऑफिस के अलावा आधिकारिक डाक सेवा की वेबसाइट से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा, आप चाहें तो अधिकृत खुदरा विक्रेताओं से भी इसे खरीद सकते हैं। आमतौर पर इसकी कीमत पांच रुपये से शुरू होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल- बुंदेलखंड में सड़क, पुल, पेयजल की समस्या पर फोकस, पुल निर्माण के लिए 212 करोड़

लखनऊ , एजेंसी। राज्य सरकार ने समाज कल्याण विभाग की अनुसूचित जातियों की विशेष घटक योजना के तहत पूर्वांचल और बुंदेलखंड में सड़क, पुल और पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए 1320.74 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस धनराशि से अवस्थापना सुविधाओं का विकास होगा, जिससे प्रदेश के दोनों क्षेत्रों की तरक्की होगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बजट में नई योजनाओं के तहत जलजीवन मिशन की ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के लिए 360 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। पूर्वांचल क्षेत्र की विशेष योजनाओं के लिए 125 करोड़ रुपये, जबकि बुंदेलखंड की विशेष योजनाओं के लिए 75 करोड़ रुपये दिए गये हैं। वहीं नाबार्ड पोषित प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के मार्गों पर सेतुओं के निर्माण के नये कार्यों के लिए 201.50 करोड़ रुपये दिए गये हैं। इसी तरह प्रदेश के प्रमुख एवं अन्य जिला मार्गों के नए कार्यों के लिए 188.43 करोड़ रुपये की एकमुश्त व्यवस्था की गयी है। राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 153.44 करोड़ रुपये दिए गये हैं।

### बीएचयू में सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ हो रहा कॉपियों का मूल्यांकन, समय से परिणाम जारी करने की हो रही तैयारी

वाराणसी , एजेंसी। बीएचयू में शैक्षणिक सत्र 2023–24 को पटरी पर लाना विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए चुनौती बनी है। दिसंबर में परीक्षा शुरू होनी थी, लेकिन परीक्षा जनवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू हो पाई। परिणाम में किसी तरह की देरी न हो, इस वजह से सेमेस्टर परीक्षा चलने के साथ ही कॉपियों का मूल्यांकन कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर और इससे जुड़े कॉलेजों में स्नातक, स्नातकोत्तर की सेमेस्टर परीक्षा 17 जनवरी से शुरू हुई है। इसमें विश्वविद्यालय से जुड़े वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट, वसंत कन्या महाविद्यालय कमच्छा, आर्य महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं की परीक्षा उनके कैंपस में हो रही है, जबकि डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र–छात्राओं की परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में कराई जा रही है। इसमें एमए प्राचीन इतिहास प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा जनवरी माह में खत्म हो चुकी है। दूसरी ओर बीए आनर्स तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 5 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा के साथ ही कॉपियों का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। परीक्षा विभाग की टीम भी मूल्यांकन के साथ–साथ परिणाम जारी करने संबंधी तैयारी में लग गई है।

### कैंसर संस्थान के कर्मचारी डॉक्टर को जल्दी दिखाने के लिए लेते थे पैसे

वाराणसी , एजेंसी। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान सुंदरपुर में तैनात कर्मचारियों पर मरीजों को डॉक्टर को दिखाने, आर्थिक सहायता दिलाने के नाम पर जालसाजी करने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले की जांच शुरू हो गई हैं। कैंसर संस्थान में तैनात मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह की तहरीर पर चितईपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। तहरीर में मुख्य सुरक्षाधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को मऊ के कोपागंज दोस्तपुरा निवासी मुन्ना चौरसिया ने संस्थान में कार्यरत कर्मचारी पवन कुमार सिंह, राजकुमार और आलोक कुमार पर जालसाजी करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत की। प्रथम दृष्टया संस्थान के स्तर पर हुई जांच में यह जालसाजी उजागर हुई।
इसमें पता चला कि कानपुर के रतनपुर कॉलोनी के रहने वाले आलोक कुमार ने अस्पताल में मरीजों को चिकित्सक को दिखाने के लिए अपॉइंटमेंट की सुविधा दिलाने के लिए धोखाधड़ी की थी। इसके अतिरिक्त बी केयर फाउंडेशन के एक कर्मचारी द्वारा मरीज से रिश्वत लेकर आर्थिक सहायता दिलाने की शिकायत भी मरीज ने की थी।
मरीज की शिकायत पर अस्पताल प्रशासन द्वारा विभागीय जांच शुरू की गई। इसमें मरीज द्वारा बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग, बैंक से लेनदेन की दी गई पर्चियों की जांच की गई। जांच में अस्पताल के कर्मचारी पवन कुमार सिंह, बी केयर फाउंडेशन के कर्मचारी राजकुमार और आलोक कुमार का नाम उजागर हुआ है।
थानाध्यक्ष चितईपुर चंद्रदीप कुमार ने बताया कि मुख्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर आरोपी कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज की गई है।

## योगी सरकार ने पेश किया अब तक का सबसे बड़ा बजट

# विकास के लिए खर्च होंगे 7.3 लाख करोड़




लखनऊ , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रूपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रूपये) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है।

योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है।

यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रूपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है।

इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- ये बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित है

यूपी सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए प्रदेश का बजट विधानसभा में पेश कर दिया गया है। इस बजट का आकार 7 लाख 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। जो कि प्रदेश के अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये बजट आस्था, अंत्योदय व विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि यह बजट समग्र विकास की अवधारणा के साथ प्रभु श्रीराम को समर्पित है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। खास बात है कि हमने जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया है और इसके बावजूद प्रदेश के राजस्व को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। हमने राजकोषीय संतुलन बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से काम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में बेरोजगारी को नियंत्रित किया है जो कि अब 2.4 फीसदी के आसपास है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने से निवेश का माहौल बना है जिससे कि आने वाले समय में भी लाखों रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे एक करोड़ से अधिक रोजगार पैदा होंगे। हमने गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हो। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना कर दिया है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बजट लोक मंगल का है। इस बजट से पता चलता है कि उत्सव, उद्योग और उम्मीद अब नए यूपी की पहचान है।

### अखिलेश यादव ने दी प्रतिक्रिया, बोले- बजट का 90 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों के लिए है



यूपी सरकार ने वित्तवर्ष 2024–25 के लिए 7.36 लाख करोड़ का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। जो कि प्रदेश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में गरीबों व महिला सशक्तिकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। इस पर विपक्ष के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 के लिए पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट का 90 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ 10 प्रतिशत सम्पन्न लोगों के लिए है और 90 प्रतिशत लोगों के लिए सिर्फ 10 प्रतिशत दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए कुछ नहीं किया है। बजट में रोजगार देने की बात कही गई है। कहा गया है कि प्रदेश में 40 करोड़ का निवेश आएगा और इससे एक करोड़ से ज्यादा रोजगार पैदा होगा। सरकार ने ये नहीं बताया कि अब तक कितना निवेश आया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग करप्शन बढ़ा है। ईज ऑफ डूइंग क्राइम हुआ है और ईज ऑफ डूइंग चीटिंग बढ़ी है। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सरकार हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है पर उसे खर्च नहीं कर पाती है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस बजट से भी कुछ लोगों का ही लाभ होगा जनता को कोई लाभ नहीं होगा। जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब से कुछ ही देर में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे।

# गांव चलो अभियान: गांवों में नौ फरवरी से प्रवास करेंगे भाजपाई

## मतदाताओं से साधेंगे संपर्क; विकास पर होगी चर्चा



वाराणसी , एजेंसी। गांव के विकास पर चर्चा के लिए भाजपा के पदाधिकारी नौ फरवरी से प्रवास शुरू करेंगे। तीन दिवसीय गांव चलो अभियान की कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत विकसित गांवों के साथ ही विकसित हो सकता है। गांव चलो अभियान के तहत गांवों में जनता से 24 घंटे प्रवास के माध्यम से संपर्क करना है। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान बूथ स्तर पर लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम बनेगा। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि अभियान का काशी क्षेत्र का संयोजक अशोक चौरसिया, जिले का संयोजक दिनेश मौर्या और

वाराणसी। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सदियों से अत्यधिक महत्वपूर्ण रही है और शिक्षा एवं शिक्षकों के उत्थान के लिए भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। यह बातें प्रदेश भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक एवं शिक्षक विधायक श्रीशचंद शर्मा ने रोहनिया स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में काशी क्षेत्र शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण को पारदर्शी और परीक्षाएं भी कदाचार मुक्त कराया गया।

### पीएम के संकल्प के परिणाम से बहने लखपति दीदी बनी : सीमा द्विवेदी

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से रविवार को चेतगंज स्थित श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद में प्रबुद्ध महिला सम्मेलन में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा, सोच व संकल्प का ही परिणाम है कि आज कई करोड़ बहनें लखपति दीदी बन गईं। 26 जनवरी को परेड में तीनों सेनाओं की कमान हमारी महिला बहनें ही संभाल रही थीं। जो हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने महिलाओं से नमो एप डाउनलोड कराया। साथ ही उपस्थित महिलाओं ने केंद्र सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

### बीएचयू में सरस्वती पूजन के लिए चंदा न देने पर छात्रों ने दुकानदार को पीटा, पुलिस तक पहुंचा मामला

वाराणसी , एजेंसी। बीएचयू परिसर स्थित विश्वनाथ मंदिर के गेट के पास सरस्वती पूजन के नाम पर 11000 रुपये चंदा न देने पर छात्रों ने एक दुकानदार की पिटाई कर दी। रविवार शाम हुई घटना के बाद मौके पर पहुंचे प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सुरक्षाकर्मियों से छात्रों ने धक्कामुक्की भी की। इसमें पांच से अधिक सुरक्षाकर्मियों को हल्की चोट आई है। सूचना पाकर मौके पर पुलिस के साथ चीफ प्राक्टर पहुंचे तो दुकानदारों ने छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मामले में चीफ प्रॉक्टर ने लंका थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। विश्वविद्यालय परिसर में विश्वनाथ मंदिर के पास के दुकानदारों ने एक फरवरी को चीफ प्रॉक्टर से छात्रों पर सरस्वती पूजा के नाम पर 11–11 हजार रुपये का चंदा मांगने की शिकायत की थी। विरोध में दो दिन तक दुकानें बंद रखीं। चीफ प्रॉक्टर ने दुकानदारों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। रविवार को दो दुकानें खुली थीं। दुकानदारों ने चीफ प्रॉक्टर को बताया कि पहले दोपहर में कुछ छात्र आए थे लेकिन प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों को देखकर लौट गए। इसके बाद शाम 4.20 बजे 50 की संख्या में छात्र पहुंचे और चंदा मांगने लगे। मना करने पर पिटाई की।

#### बढ़ाई गई सुरक्षा, सीसी कैमरे से निगरानी

विश्वनाथ मंदिर के गेट पर रविवार को पिटाई की घटना के बाद से यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिवप्रकाश सिंह का कहना है कि दो–तीन दिन से छात्र चंदा मांगने आ रहे थे। सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही सीसी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।
**हॉस्टल को मिलता है पूजन के लिए सात हजार रुपये–** बीएचयू के छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा का कहना है कि जिस हॉस्टल में सरस्वती प्रतिमाएं स्थापित होती हैं, उनको विश्वविद्यालय के नियमानुसार आयोजन के लिए सात हजार रुपये दिए जाते हैं। दुकानदारों से चंदा मांगना गलत है।

#### इनका कहना

सरस्वती पूजन के नाम पर चंदा मांगा जाना उचित नहीं है। इस आयोजन के लिए छात्र अधिष्ठाता कार्यालय की ओर से धनराशि हॉस्टलों को दी जाती है। रविवार की घटना में दोषी छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी।
–प्रो. शिवप्रकाश सिंह, चीफ प्रॉक्टर, बीएचयू

## मां की डांट से नाराज बेटी ने काशी एक्सप्रेस के सामने कूदकर दी जान

#### घटना से परिवार में मचा कोहराम

वाराणसी , एजेंसी। वाराणसी जिले के लोहता थाना क्षेत्र के बनकट गांव के सामने युवती ने काशी एक्सप्रेस के सामने कूदकर जान दे दी। मां की डांट से नाराज होकर युवती ने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

काफी देर तक बेटी की खोज में परिजन निकले तो उन्हें इस हादसे के बारे में जानकारी ली। घटनास्थल पर पहुंचे तो प्रीती का शव देख फफक पड़े।

पुलिस के अनुसार परिजनों ने पूछताछ में बताया कि मां की डांट से नाराज होकर युवती ने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस अपने स्तर से भी घटना की जांच कर रही है।

#### यह है पूरा मामला

फत्तेगंज निवासी रमाशंकर यादव की पुत्री प्रीती यादव (20) की सुबह बर्तन धुलने को लेकर मां से कहासुनी हो गई। चूल्हा पर खाना पकाने के दौरान बर्तन अधिक जल गया था, जिसे लेकर मां ने प्रीती से कहा कि अच्छे से धुल दो।

इसे लेकर मां और बेटी में विवाद हुआ और कुछ देर बाद प्रीती चुपचाप घर से निकल गई। बनकट गांव के पास पहुंची और गोरखपुर से दादर जा रही काशी एक्सप्रेस के नजदीक आते ही वह कूद गई। घटनास्थल पर किसी ने पहचान नहीं किया।

## छुट्टी के दिन भी 470 आवेदनों पर लगाई गई रिपोर्ट

गोरखपुर , एजेंसी। तहसील कार्यालय और नगर निगम में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए देर से आवेदन करने वाले आवेदकों के आवेदनों में रिपोर्ट लगाने में तेजी आ गई है। रविवार को अवकाश के बावजूद ऑपरेटरों ने 14 सौ आवेदनों में से 470 में रिपोर्ट लगाई। सोमवार को हस्ताक्षर होने के बाद आवेदकों को प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा।

#### निस्तारण में आई तेजी

एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने निर्देश दिया है कि तीन दिन के अंदर लंबित आवेदनों में रिपोर्ट लगा दी जाए। यहीं कारण है कि छह ऑपरेटरों ने रविवार को भी कार्य किया। नियम के अनुसार जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के जिन मामलों में एक साल देर से आवेदन हो रहे हैं, उनमें एसडीएम के स्तर से जांच कराई जा रही है।

तहसील कार्यालय में ऑपरेटरों की कमी से रिपोर्ट लगने में देर हुई, जबकि नगर निगम कार्यालय में भी लापरवाही हुई। इस कारण 1400 से अधिक आवेदन लंबित हो गए थे। जिन आवेदनों पर रिपोर्ट नहीं लगी है, वे दो से तीन माह पुराने हैं। आवेदक दर-दर भटक रहे थे, लेकिन उनके आवेदनों पर रिपोर्ट नहीं लगाई जा रही है। रिपोर्ट लगाने में अब तेजी आ गई है। रिपोर्ट लगने के बाद एसडीएम के हस्ताक्षर होंगे, उसके बाद आवेदनों को नगर निगम के संबंधित जोन कार्यालय में भेजा जाएगा, जहां से प्रमाणपत्र निर्गत होंगे। एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि तहसील कार्यालय में लंबित आवेदनों में तेजी से रिपोर्ट लगाई जा रही है। रविवार को 470 आवेदनों में रिपोर्ट लगाई गई।



## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में नहीं चलेगी ओला, ऊबर की मनमानी, सरकार ने तय किया किराया

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक में अब ओला, उबर की मनमानी नहीं चलेगी। सिटी टैक्सियों और उबर और ओला जैसे एप-आधारित एग्रीगेटर्स के माध्यम से चलने वाली टैक्सियों को कर्नाटक परिवहन विभाग द्वारा घोषित नई किराया व्यवस्था का पालन करना होगा। इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी किया गया। एप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के साथ-साथ सिटी टैक्सियों के लिए किराया एक समान होगा। इससे पहले दोनों श्रेणियों की टैक्सियों के लिए किराया अलग-अलग था। संशोधित किराया पूरे राज्य में लागू हो गया है। कैब को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। जिन वाहनों की खरीद लागत 10 लाख रुपये या उससे कम है उनके लिए चार किमी तक न्यूनतम किराया 100 रुपये और इसके बाद प्रत्येक अतिरिक्त किमी के लिए 24 रुपये शुल्क तय किया गया है। 10 लाख रुपये से 15 लाख रुपये के बीच की लागत वाले वाहनों के लिए न्यूनतम किराया 115 रुपये है और प्रत्येक अतिरिक्त किमी के लिए किराया 28 रुपये होगा। 15 लाख से अधिक लागत वाले वाहनों के लिए न्यूनतम किराया 130 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक अतिरिक्त किलोमीटर के लिए 32 रुपये किराया होगा।

### गोवा में संदिग्ध हालात में मृत मिला बुजुर्ग, पीड़ित के शरीर पर मिले चोट के निशान; पुलिस कर रही जांच

**गोवा , एजेंसी।** उत्तरी गोवा के मार्रा में रविवार को एक 77 वर्षीय व्यक्ति की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। व्यक्ति एक विला में किराए में रह रहा था। पुलिस धिकारियों के मुताबिक, रविवार को सीमा सिंह ने ओर्डा कैंडोलिम में रहने वाले एनएस ढिल्लन की पिलेर्न के मार्रा स्थित विला होराइजन अजूरा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित का शव उसके कमरे से बरामद किया। शरीर पर चोट के निशान थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह लूट और हत्या का मामला लग रहा है। हालांकि इस विला में ढिल्लों अकेले रहते थे, फिर भी वह अक्सर मेहमानों की मेजबानी करते थे, जिसमें उनकी मृत्यु से पहले की रात भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि जांच में ढिल्लों के आभूषण, एक मोबाइल फोन और एक किराए की कार गायब होने का पता चला। आगे की जांच से महाराष्ट्र के नवी मुंबई में लापता किराये की कार का पता लगाया गया, जहां अपराध शाखा ने संदेह के आधार पर लोगों के एक समूह को हिरासत में लिया है। एकत्रित तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर। गोवा पुलिस की एक टीम संदिग्धों को हिरासत में लेने के लिए मुंबई जा रही है।

### विमान की मरम्मत के दौरान अचानक उछली सीट, भारतीय वायु सेना अधिकारी के सिर पर चोट लगने से मौत

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना के हकीमपेट वायु सेना स्टेशन पर एक विमान की मरम्मत के दौरान एक दुर्घटना में सिर में चोट लगने से वायु सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार दोपहर की है। कॉर्पोरल रैंक के अधिकारी हरवीर चौधरी -736 किरण विमान की मरम्मत कर रहे थे, तभी विमान की सीट अचानक उछल गई, जिसकी वजह से उनके सिर में चोट लग गई। घटना की सूचना मिलने पर वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाद में अलवाल पुलिस स्टेशन को सूचित किया।

### केरल के वित्त मंत्री बालगोपाल ने विधानसभा में पेश किया बजट

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का बजट पेश किया। अपने बजट भाषण में बालगोपाल ने कहा कि राज्य सरकार की अगले तीन साल में तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने की योजना है। उन्होंने कहा कि केरल देश में अग्रणी रहा है और लगातार आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने दक्षिणी राज्य की वित्तीय समस्याओं के लिए केंद्र की आर्थिक नीतियों और केरल की कथित उपेक्षा को भी जिम्मेदार ठहराया। केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, केरल एक बड़े कदम के लिए कुछ आउट-ऑफ-द-बॉक्स कार्यक्रम लाने की योजना बना रहा है। हम 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने की उम्मीद कर रहे हैं। हमने अंतरिम पैकेज के साथ-साथ दीर्घकालिक पैकेज की भी घोषणा की है।

# अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान, किराड़ी क्षेत्र में 10 नए स्कूल बनाने की घोषणा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में दो नए स्कूलों की नींव रखी। इनमें दो शिफ्टों में पढ़ाई होगी।

यहां 10 हजार बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस दौरान केजरीवाल ने इस विधानसभा क्षेत्र में 10 पुराने स्कूलों के अलावा 10 नए सरकारी विद्यालय बनवाने की घोषणा की। केजरीवाल ने कहा कि जो शिक्षा उन्होंने अपने बच्चों को दी है, वैसी ही अच्छी शिक्षा देश के हर बच्चे को मिलनी चाहिए। यही वजह है कि वह पिछले नौ साल से शिक्षा और स्वास्थ्य पर कुल बजट का 40 फीसदी खर्च कर रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी और रितुराज झा आदि मौजूद रहे।

**पांच वर्ष में कच्ची कॉलोनियों की सूरत बदली :** इस दौरान केजरीवाल ने कच्ची कॉलोनियों पर राजनीति करने वाले विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव के पहले दूसरी पार्टी वाले आकर कहते थे कि हमको वोट दे दो, हम जीत गए तो कच्ची कॉलोनियों के लिए बहुत कुछ कर देंगे पर किसी पार्टी ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कच्ची कॉलोनियों में जो काम पिछले 75 साल में नहीं हुए, वो काम केवल पांच साल में करके दिखा दिए। अब इन कॉलोनियों की सूरत बदल चुकी है।

**ये सुविधाएं मिलेंगी :** हर फ्लोर पर प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, एक्टिविटी रूम, टॉयलेट ब्लॉक और एक लिफ्ट होगी। 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक वातानुकूलित मल्टीपर्पज हॉल भी बनाया जाएगा।

**असल मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहाः** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि दिल्ली की जनता का असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी कुछ भी आरोप लगा रही है। मुख्यमंत्री स्वयं ऐसे सपने देख रहे हैं जो जीवन में संभव नहीं हो सकते हैं। दिल्ली सरकार चोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे मुख्यमंत्री को डर है कि कथित शराब घोटाले में जांच एजेंसी के सामने बचाव के लिए क्या साक्ष्य दे पाएंगे? अपनी बेगुनाही कैसे साबित कर पाएंगे।

### ‘भाजपा कुछ भी कर लें काम नहीं रुकेंगे’

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने सारी साजिश रच ली, लेकिन झुका नहीं पाई। मैं बताना चाहता हूं कि कुछ भी कर ले काम नहीं रुकेंगे। हम काम करते रहेंगे। आज ये सारी साजिशों के बाद भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे हैं, क्योंकि करोड़ों बच्चे जिन्हें हमने पढ़ाया उनका अर्शीवाद हमारे साथ है।

### ‘आप सरकार आने से शिक्षा में क्रांति आई’

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि जब से दिल्ली में केजरीवाल सरकार आई है, तब से शिक्षा में क्रांति भी आई है। पिछले सात वर्षों से दिल्ली के सरकारी स्कूलों के नतीजे निजी स्कूलों से बेहतर आ रहे हैं। बीते नौ वर्षों में लगभग 3 लाख बच्चों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है।

### मॉल-स्पा में चल रहा था सेक्स कारोबार, पुलिस ने मारा छापा; कई लड़के-लड़कियां गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंदिरापुरम क्षेत्र के नीति खंड में मसाज पार्लर की आड़ में चल रहे तीन स्पा सेन्टरों में सेक्स का कारोबार चलता हुआ पाया गया। एसीपी के नेतृत्व में की गई छापामार कार्रवाई के दौरान दो स्पा सेंटर के मैनेजर समेत कुल 17 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से पुलिस को आपत्तिजनक सामग्री के अलावा कई मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद हुई है। पकड़ी गई लड़कियों ने आरोप लगाया कि स्पा सेंटर के मैनेजर ब्लैकमेल कर उनसे जबरन गंदा काम कर रहे थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि रविवार की शाम उन्हें सूचना मिली की नीति खंड चौकी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक देह व्यापार का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने एसीपी इंदिरापुरम के नेतृत्व में थाना प्रभारी इंदिरापुरम और अन्य पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने नीति खंड स्थित बिहारी मार्केट के बॉडी साइन डायमंड स्पा सेंटर, डी मॉल में चल रहे दा गोल्ड स्पा और राजहंस प्लाजा में चल रहे स्पा सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान बॉडी साइन डायमंड स्पा सेंटर की मैनेजर गुलशन निवासी मेरठ और दा गोल्ड स्पा सेंटर के मैनेजर बुध विहार दिल्ली निवासी दुष्यंत कुमार सिंह के अलावा तीनों स्थानों से 11 युवतियों और चार युवकों को पकड़ लिया गया। जबकि राजहंस प्लाजा के स्पा सेंटर की मैनेजर रजनी मौके से फरार हो गई।

## गाजियाबाद में कुत्ता पालना पड़ेगा 5 गुना महंगा, 7 नियमों का पालन भी होगा जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद शहर में एक अप्रैल से कुत्ता पालना महंगा हो जाएगा। नगर निगम रजिस्ट्रेशन फीस 200 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये करने जा रहा है। पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों पर पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

पालतू कुत्तों के लिए निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नगर निगम पंजीकरण शुल्क अभी तक 200 रुपये ले रहा है। शहर में करीब 15 हजार पालतू कुत्ते हैं। इनमें से छह हजार का पंजीकरण है। निगम एक अप्रैल से पंजीकरण शुल्क बढ़ाकर एक हजार रुपये करने जा रहा है। हर साल पंजीकरण का नवीनीकरण भी कराना होगा। इसकी फीस बढ़ाकर 500 रुपये हो जाएगी। पंजीकरण नहीं कराने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि एक अप्रैल से यह नियम लागू हो जाएंगे। उन्होंने बताया पालतू कुत्ते के काटने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। लोगों से अपील है कि वह नसबंदी कराकर पालतू कुत्तों का पंजीकरण करा लें। इसके बाद सख्ती शुरू हो जाएगी।

प्रतिबंध के बाद भी इस नस्ल के कुत्ते पाले जा रहे प्रतिबंध के बाद भी लोग पिटबुल, रॉटविलर और डोगो अर्जेंटीनो नस्ल के कुत्तों को पाल रहे हैं। निगम ने एक साल पहले तीनों नस्ल के कुत्तों के पालने पर रोक लगा दी थी। निगम प्रतिबंध नस्ल के कुत्तों पालने वालों पर सख्ती नहीं कर रहा। जबकि इन नस्ल के कुत्ते ज्यादा हमला कर रहे हैं। तीनों नस्ल के कुत्तों को लोग पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर घूमाते हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल रहता है।

## सावधान ! दिल्ली एनसीआर में बारिश के साथ घने कोहरे का डबल अटैक, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में देखा जा रहा है। रविवार को हुई बारिश के बाद दिल्ली एनसीआर में आज मौसम साफ दिखा लेकिन सर्द हवाओं के चलते ठंड महसूस हो रही है। उधर कोहरे से भी दिल्लीवासियों को थोड़ी राहत मिलती नजर आई लेकिन ये राहत ज्यादा समय के लिए नहीं है। मौसम विभाग ने सोमवार रात को घने कोहरा छाए रहने की आशंका जताई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस बने रह सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार सुबह के लिए भी कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था।

वहीं दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में आज भी बारिश हो सकती है। इस दौरान नोएडा अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है।

इसके अलावा गुरुग्राम में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावा फरीदाबाद में भी कुछ ऐसी ही स्थिति नजर आ सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**बुधवार से बढ़ सकती है ठंडः** मौसम विभाग ने बुधवार से ठंड बढ़ने की आशंका जताई है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं मंगलवार को भी लोगों को ठंड का अहसास हो सकता है। इससे पहले रविवार को भी दिल्ली एनसीआर में हल्की बारिश हुई जिसके बाद तापमान में गिरावट देखने को मिली। हालांकि बारिश के बावजूद प्रदूषण में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान एक्यूआई 274 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है।

## सुप्रीम कोर्ट में तेजस्वी यादव की याचिका पर आदेश सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने कथित केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत को राज्य के बाहर किसी स्थान पर, विशेषकर दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है।

जस्टिस ए एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यादव द्वारा दायर माफी के एक ताजा बयान को रिकॉर्ड पर लिया। बेंच ने कहा, हम आदेश पारित करेंगे। शीर्ष अदालत ने 29 जनवरी को यादव को अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को वापस लेते हुए एक उचित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था। यादव ने 19 जनवरी को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपनी कथित गुजराती ठग टिप्पणी वापस ले ली।

शीर्ष अदालत ने आरजेडी नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पहले आपराधिक मानहानि शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और इसे दायर करने वाले गुजरात निवासी को नोटिस जारी किया था। कथित आपराधिक मानहानि के लिए यादव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत शिकायत दर्ज की गई थी।

गुजरात अदालत ने अगस्त में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 202 के तहत यादव के खिलाफ प्रारंभिक जांच की थी और एक स्थानीय व्यवसायी और कार्यकर्ता हरेश मेहता द्वारा दायर शिकायत पर उन्हें समन करने के लिए पर्याप्त आधार पाया था। शिकायत के अनुसार, यादव ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से बात करते हुए कहा था, वर्तमान स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी माफ कर दी जाएगी। बिहार के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा, अगर वे एलआईसी या बैंकों का पैसा लेकर भाग गए तो कौन जिम्मेदार होगा? मेहता ने दावा किया कि यादव की टिप्पणियों ने सभी गुजरातियों को बदनाम किया है।

### उद्धव गुट की याचिका पर सुनवाई करने को राजी हुआ सुप्रीम कोर्ट, महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले को दी गई है चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।

**कपिल सिब्बल ने किया याचिका का जिक्र :** ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी।

## दिल्ली की महिला ने मां के घर में कर डाली लाखों की चोरी, पकड़े जाने पर छोटी बहन से जलन का बताया कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में चोरी का एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। उत्तम नगर के पास मोहन गार्डन इलाके में 31 वर्षीय एक महिला ने पहनकर अपनी मां के घर से लाखों की चोरी की डाली। कोई उसे पहचान न पाए, इसलिए महिला ने बुर्का पहनकर इस वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने अपनी मां के घर से गहने और नकदी चुराने की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि यह कदम उसने वित्तीय संकट और अपनी मां से प्यार की कमी के चलते उठाया था।



पुलिस को 30 जनवरी को उत्तम नगर के एक घर में चोरी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता कमलेश ने पुलिस को बताया कि बुर्का पहने एक महिला दोपहर 2 बजे उसके घर में घुसी और सोने-चांदी के गहनों के अलावा 25,000 रुपये कैश चुराकर 2.30 बजे चली गई।

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिकायत के आधार पर इस मामले में आईपीसी की धारा 380 के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई और कई टीमों द्वारा जांच शुरू की गई। एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और बुर्का पहने एक महिला को संदिग्ध रूप से घर में प्रवेश करते देखा। डीसीपी ने कहा कि हमने पाया कि संदिग्ध महिला द्वारा घर में कोई जबरन प्रवेश नहीं किया गया था और ना ही अलमारी का दरवाजा तोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी में काला बुर्का पहने एक महिला को घर में घुसते देखा गया। इस पर पुलिस टीम का शक शिकायतकर्ता कमलेश की बड़ी बेटी 31 वर्षीय श्वेता पर गया। पुलिस ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपराध कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने श्वेता को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही चोरी के गहने भी बरामद कर लिए हैं। अधिकारी ने कहा कि आरोपी महिला ने अपना अपराध कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि उसकी मां अपनी छोटी बेटी को उससे ज्यादा प्यार करती है और उस पर कुछ कर्ज था और इसलिए ही उसने चोरी की यह साजिश रची थी। उसने अपनी बहन के गहने चुरा लिए।

### छत्तीसगढ़ में हुई रिकॉर्ड तोड़ धान खरीदी, किसानों ने बेचा 145 लाख मीट्रिक टन धान

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में किसानों ने इस साल रिकार्ड धान बेची है। प्रदेश के 24 लाख 72 हजार 310 किसानों ने इस साल 144.92 लाख मीट्रिक टन धान बेची है। जिसके एवज में 29 जनवरी तक किसानों को 28 हजार 401 करोड़ रुपये का भुगतान सरकार के द्वारा किया जा चुका है। बतादें कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों को किए गए वादे के अनुसार 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही थी। वही सरकार के द्वारा इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदा का लक्ष्य रखा था। जो धान खरीदी की अंतिम तारिख तक पूरा किया जा चुका है। वहीं धान खरीदी में वंचित किसानों को समय देते हुए सरकार ने इस तिथि को 4 फरवरी तक बढ़ा दिया था। यानी इस साल 2023-24 में हुई धान की खरीदी के अनुसार 144.92 लाख मीट्रिक टन की धान खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ में पिछले पांच के दौरान हुई धान खरीदी की बात करें तो लगातार धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ रहा है। पिछले पांच सालों में धान खरीदी 80 लाख मीट्रिक टन से 145 लाख टन मीट्रिक टन तक पहुंच गई है।

## खोड़ा कॉलोनी में रहने वालों को झटका, 50 हजार से अधिक मकानों से जुड़ा काम अटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली और नोएडा से सटे गाजियाबाद के खोड़ा में मकान नंबर आवंटित कर पते की समस्या दूर करने का काम बीच में ही लटक गया है। लोगों का कहना है कि उनकी समस्या का अब तक समाधान नहीं हुआ और इस बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं मिलता। हालांकि, अब नए सिरे से प्रस्ताव बनाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही जा रही है।

खोड़ा अनियोजित कॉलोनी है, जहां 50 हजार से अधिक मकान हैं। हजारों की संख्या में दुकानें भी हैं। इसीलिए पानी और सीवर के साथ यहां के लोग पते की समस्या से भी जूझ रहे हैं। कई संगठनों की मांग पर चार साल पहले खोड़ा के मकान-दुकान को पते देने की योजना आई। मार्च 2020 में केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने इसका उद्घाटन किया था। योजना थी कि खोड़ा को 10 सेक्टरों में बांटकर मकान और दुकान पर नंबर प्लेट लगाई जाएंगी। गूगल मैपिंग कराने के साथ दावा किया गया था कि तीन महीने में काम पूरा हो जाएगा, लेकिन काम बीच में ही लटक गया।



खोड़ा रेजिडेंट्स एसोसिएशन (केआरए) के अध्यक्ष दीपक जोशी के मुताबिक डाक, डिलीवरी ब्वॉय, गैस सिलेंडर तक लोगों के घर नहीं पहुंच पाते हैं। यहां तक कि रिश्तेदार भी रास्ता भूलते हैं तो रास्ता बताने वाला नहीं मिलता है।

हिंद स्वाभिमान फॉउंडेशन के अध्यक्ष कल्लू भैया का कहना है कि जल्द से जल्द नंबर प्लेट लगाने का काम शुरू करना चाहिए। खोड़ा-मकनपुर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता का ट्रांसफर होने के बाद एक अधिकारी ने बताया कि नंबर प्लेट लगाने का प्रस्ताव नए सिरे बनाया जा रहा है। अगली बोर्ड बैठक में इसे रखा जाएगा।

### बिना टेंडर काम शुरू कराया

लोगों के मकान पर नंबर प्लेट लगाने वाली एजेंसी पर आरोप लगाया गया कि वह बिना टेंडर के ही काम कर रही है और प्लेट लगाने के एवज में 200 रुपये लिए जा रहे हैं। अक्तूबर 2022 में जब ये आरोप लगाए तब 10 हजार मकानों पर नंबर प्लेट लग चुकी थी। कहा गया कि काम नियमानुसार ही हो रहा है और एग्रीमेंट में लिखा था कि हर घर से फर्म द्वारा 200 रुपये वसूली की जाएगी। फिर काम शुरू हुआ, लेकिन 500 मकानों पर नंबर प्लेट लगाने के बाद काम रोककर जांच शुरू कर दी गई। खोड़ा के पते के साथ इस जांच की रिपोर्ट का भी आज तक पता नहीं चल पाया।

# रोहित की कप्तानी में टूटा बैजबॉल का घमंड

## 500 विकेट से चूकने के बावजूद अश्विन ने रच दिया इतिहास

**विशाखातपत्तन, एजेंसी।** हैदराबाद टेस्ट गंवाने के बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए सीरीज में विशाखातपत्तन टेस्ट में जीत हासिल की। सीरीज अब 1-1 से बराबर हो गई। भारत ने इसके साथ ही रोहित शर्मा की कप्तानी में इंग्लैंड के 'बैजबॉल' के घमंड को तोड़ दिया। जबसे बैंडम मैकुलम इंग्लैंड के टेस्ट कोच बने हैं, यह टीम बहुत ही आक्रामक क्रिकेट खेल रही है। उन्हें इसमें काफी सफलता भी मिली लेकिन विशाखापत्तनम में भारत ने इस बैजबॉल का बेदम कर दिया।

मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड की एशिया में यह पहली हार है। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान में 2022-23 में तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली थी। इंग्लैंड ने यहां 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। वहीं भारत के खिलाफ भी उन्होंने सीरीज का पहला मैच अपने नाम किया था। भारत ने 106 रन से हराकर एशिया में बैजबॉल का घमंड तोड़ा।





### अश्विन ने रचा इतिहास

भारत की इस जीत में उसके गेंदबाजों का अहम रोल रहा। भारतीय स्पिन गेंदबाज अश्विन के पास इस मैच में 500 टेस्ट विकेट पूरे करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। अश्विन ने इस टेस्ट में तीन विकेट लिए जिससे इस फॉर्मेट में उनके नाम 499 विकेट हो चुके हैं। अश्विन ने इसके साथ एक बड़ा रिकॉर्ड कायम किया।

### अश्विन ने की राहुल द्रविड़ की बराबरी

अश्विन टेस्ट में भारत की 56 टेस्ट जीत का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने भारतीय हेड कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है। इस लिस्ट में उनसे आगे केवल तीन खिलाड़ी हैं। सचिन 72, विराट कोहली 59 और चेतेश्वर 58 टेस्ट जीत में टीम इंडिया का हिस्सा रहे हैं। भारत अगर यह सीरीज जीत जीती है तो वह चेतेश्वर पुजारा से आगे निकल सकते हैं।

साउथ अफ्रिका वर्सेस न्यूजीलैंड

# रचिन रविंद्र ने तोड़ा 25 साल पुराना रिकॉर्ड

## करियर के चौथे ही टेस्ट में ठोक डाला दोहरा शतक




**ओवल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार सुबह माउंट माउंगानुई में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक जमाया। भारत के खिलाफ डेब्यू करने वाले रचिन रविंद्र करियर का चौथा टेस्ट मैच खेले रहे थे। बे ओवल मैदान पर रचिन ने रविवार को करियर का पहला टेस्ट शतक जमाया और अगले ही दिन इसे दोहरे शतक में बदल दिया। रचिन ने इसके साथ ही 25 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यंग बिग्रेड के साथ खेल रही कीवी टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अब मजूबत स्थिति में पहुंच गई है।

### रचिन रविंद्र ने जमाया दोहरा शतक

2021 में भारत के खिलाफ कानपुर में यह पारी खेली थी। न्यूजीलैंड के इस साल के पहले घरेलू टेस्ट में रचिन ने सारी कसर पूरी कर दी। उन्होंने 546 मिनट तक क्रीज पर बल्लेबाजी की और 240 रन बनाए रचिन रविंद्र को नील ब्रैंड ने बोल्ड किया। ब्रैंड की ही गेंद पर रचिन को जीवनदान भी मिला था जब डुआने ओलिवियर ने उनका कैच ड्रॉप कर दिया था। रचिन उस समय 80 रन बनाकर खेल रहे थे।

### रचिन और केन विलियमसन के बीच हुई मजबूत साझेदारी

रचिन और केन विलियमसन जिस समय बल्लेबाजी करने आए तब कीवी टीम की स्थिति अच्छी नहीं थी। उन्होंने 39 रन के स्कोर पर दो विकेट खो दिए थे। उन्होंने189 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया था। इस दौरान उन्होंने केन विलियमसन के साथ तीसरे विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी भी की। केन विलियमसन 118 रन बनाकर आउट हुए। विलियसन के टेस्ट करियर का यह 30वां शतक है। वहीं पिछले छह टेस्ट में पांचवां शतक है।

### रचिन रविंद्र ने तोड़ा 25 साल पुराना रिकॉर्ड

रचिन रविंद्र ने अपनी इस पारी के साथ 25 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। 1999 में न्यूजीलैंड के मैथ्यू सिनक्लेयर ने अपने पहले ही शतक को 214 रनों की पारी में बदला था जबकि रविंद्र ने अपने पहले टेस्ट शतक को 240 रनों तक पहुंचाया। रविंद्र अपने पहले टेस्ट शतक को सबसे बड़ी पारी में बदलने वाले कीवी क्रिकेटर बन गए हैं।

फीफा वर्ल्ड कप



# न्यूजर्सी करेगा विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल अटलांटा और डलास सेमीफाइनल की मेजबानी करेंगे, जबकि तीसरे स्थान के लिए होने वाला मैच मियामी में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल मैच लॉस एंजिल्स, कैनसस सिटी, मियामी और बोस्टन में होंगे। तीनों देशों के कुल 16 शहर खेलों की मेजबानी करेंगे, जिनमें से अधिकांश मैच यूएसए में आयोजित किए जाएंगे।

फीफा ने रविवार को घोषणा की कि 2026 फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यूयॉर्क/न्यूजर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 11 जून को मेक्सिको सिटी के प्रतिष्ठित एज्टेका स्टेडियम में मैच के साथ शुरू होगी और खिताबी मुकाबला 19 जुलाई को खेला जाएगा। न्यूयॉर्क को फाइनल मुकाबले की मेजबानी के लिए डलास से मजबूत चुनौती मिली। फीफा विश्व कप 2026 48 टीमों के बीच खेला जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको इस टूर्नामेंट के सह मेजबान हैं।

### फीफा अध्यक्ष ने क्या कहा?

फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो ने कहा, अब तक का सबसे समावेशी और प्रभावशाली फीफा विश्व कप अब सपना नहीं बल्कि वास्तविकता बन गया है जो कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका के 16 अत्याधुनिक स्टेडियमों में 104 मैचों के रूप में आकार लेगा। प्रतिष्ठित एस्टाडियो एज्टेका में उद्घाटन मैच से लेकर न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी में शानदार फाइनल तक, खिलाड़ी और फैंस इस गेम-चेंजिंग टूर्नामेंट के लिए हमारी योजना के केंद्र रहे हैं। यह टूर्नामेंट न केवल नए कीर्तिमान स्थापित करेगा बल्कि लोगों के मन में एक अमिट छाप भी छोड़ेगा।

### यहां होंगे सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल मैच

अटलांटा और डलास सेमीफाइनल की मेजबानी करेंगे, जबकि तीसरे स्थान के लिए होने वाला मैच मियामी में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल मैच लॉस एंजिल्स, कैनसस सिटी, मियामी और बोस्टन में होंगे। तीनों देशों के कुल 16 शहर खेलों की मेजबानी करेंगे, जिनमें से अधिकांश मैच यूएसए में आयोजित किए जाएंगे। 1994 का विश्व कप भी संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित किया गया था और फाइनल लॉस एंजिल्स के पास पासाडेना में रोज बाउल में हुआ था।

### 2010 में हुआ था मेटलाइफ स्टेडियम का उद्घाटन

न्यूयॉर्क ने पुराने जायंट्स स्टेडियम में उस टूर्नामेंट में खेलों की मेजबानी की थी, जिसे बाद में मेटलाइफ स्टेडियम के लिए रास्ता बनाने के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। मेटलाइफ स्टेडियम का उद्घाटन 2010 में हुआ था। उत्तरी अमेरिका में एक लाइव टीवी शो पर फैसलों की घोषणा की गई जिसमें इन्फेंटिनो के साथ कॉमेडियन और अभिनेता केविन हार्ट, रैपर ड्रेक और सेलिब्रिटी किम करदाशियां शामिल थे।

### 82,500 दर्शक स्टेडियम में बैठ सकते हैं

न्यूजर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में न्यूयॉर्क से हडसन नदी के पार 82,500 सीटों वाला मेटलाइफ स्टेडियम, एनएफएल के न्यूयॉर्क जायंट्स और न्यूयॉर्क जेट्स का होम ग्राउंड है, लेकिन यहां 2016 कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के फाइनल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेल आयोजित किए जा चुके हैं। न्यूयॉर्क ने मेजबानी को लेकर अपने तर्क में कहा था कि वहां प्रशंसकों के लिए आसान परिवहन व्यवस्था के साथ-साथ रहने की तमाम सुविधाएं हैं। वहीं, एज्टेका 1970 और 1986 के बाद तीन अलग-अलग संस्करणों में विश्व कप टूर्नामेंट खेलों की मेजबानी करने वाला पहला स्टेडियम बन जाएगा। इस टूर्नामेंट ने 1970 और 1986 के टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की। विश्व कप अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के जश्न के दौरान होगा।

### 16 जुलाई से राउंड ऑफ 16 के मैच

राउंड ऑफ 16 के मैच चार जुलाई से फिलाडेल्फिया में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर खेले जाएंगे जहां अमेरिकी स्वतंत्रता घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे। संयुक्त राज्य अमेरिका में मैचों के शुरुआत 12 जून को लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में ग्रुप चरण मैच के साथ होगा। कनाडा में पहला मैच टोरंटो में खेला जाएगा। वैंकूवर कनाडा का दूसरा स्थल है जो मैचों की मेजबानी करेगा। 2026 फीफा विश्व कप में टीमों की संख्या को 32 से बढ़ाकर 48 कर दिया गया। इसका मतलब है कि 24 अतिरिक्त मैच खेले जाएंगे। 16 स्थानों पर कुल 104 मैच आयोजित होंगे।

चार टीमों के 12 ग्रुप बनाए जाएंगे

टूर्नामेंट में चार टीमों के 12 ग्रुप होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें टूर्नामेंट में आगे बढ़ेंगी। इसके बाद टूर्नामेंट सीधा नॉक-आउट में प्रवेश करेगा। फीफा ने कहा कि मैच के कार्यक्रम की घोषणा क्वालिफिकेशन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही की जाएगी। टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ आने की संभावना 2025 के अंत तक उम्मीद है।

टूर्नामेंट के 16 मेजबान शहर हैं: अटलांटा, बोस्टन, डलास, ग्वाडलाजारा, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स, मैक्सिको सिटी, मियामी, मॉन्टेरी, न्यूयॉर्क-न्यूजर्सी, फिलाडेल्फिया, सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र, सिएटल, टोरंटो और वैंकूवर।

# फॉर्म में लौटे तो इस दिक्कत में फंसे शुभमन गिल, कहीं तीसरे टेस्ट से न हो जाएं बाहर

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही भारतीय टीम चोटिल खिलाड़ियों से परेशान है। चोट के कारण रविंद्र जडेजा और केएल राहुल दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए। विराट कोहली ने निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से ब्रेक लिया था। तीनों खिलाड़ी आगे उपलब्ध होंगे या नहीं यह अभी साफ नहीं है। इस बीच एक और खिलाड़ी चोटिल हो गया है। यह खिलाड़ी हैं शुभमन गिल। उनकी उंगली में चोट लगी है।

भारत-इंग्लैंड के बीच विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी जानकारी दी। बोर्ड ने कहा कि उंगली में चोट के कारण गिल चौथे दिन फील्डिंग के मैदान पर नहीं उतरेंगे। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने विशाखापत्तनम टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा था। फॉर्म में लौटने के बाद वह चोटिल हो गए हैं। चोट कितनी गंभीर है यह जानकारी सामने नहीं आई है। अगर चोट गंभीर हुई और वह अगले टेस्ट से बाहर हुए तो भारत की दिक्कत बढ़ जाएगी।



### बीसीसीआई ने क्या कहा?

बीसीसीआई ने शुभमन गिल की चोट की जानकारी देते हुए एक्स पर कहा, दूसरे दिन फील्डिंग करते समय शुभमन गिल की दाहिनी तर्जनी ( में चोट लग गई। वह आज मैदान पर नहीं उतरेंगे। चोट के बाद भी गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 104 रन की पारी खेली। वह किसी दिक्कत में नहीं दिखे। भारत को 399 रन का टारगेट सेट करने में अहम भूमिका निभाई।

### क्या इंग्लैंड बनाएगा रिकॉर्ड

भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर आउट हो गई। अगर इंग्लैंड 399 रन का टारगेट चेज कर लेती है तो वह एशिया में टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर चेज करने वाली टीम बन जाएगी।

यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है। दो साल पहले टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 295 रन का टारगेट चेज किया था। भारत में 387 रन काट टारगेट चेज हुआ है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 2008 में ऐसा किया था।।

इंडियन प्रीमियर लीग 2024

# मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को क्यों सौंपी टीम की कमान, हेड कोच ने खोला राज

**नईदिल्ली, एंजेंसी।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने बताया है कि क्यों फ्रेंचाइजी ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया। पिछले साल पंड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया गया।

फिर नीलामी से कुछ दिन पहले रोहित शर्मा की जगह उन्हें कप्तान बनाया गया। मुंबई इंडियंस के कोच का कहना है कि वे चाहते थे कि रोहित अपनी बल्लेबाजी का आनंद लें, ऐसे में कप्तानी का बोझ उनके कंधों से हटा दिया गया। बाउचर ने स्मैश स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर कहा, मेरे हिसाब से यह पूरी तरह से एक क्रिकेट से जुड़ा निर्णय था। हमने हार्दिक को एक खिलाड़ी के रूप में वापस लाने का विंडो पीरियड देखा। मेरे लिए यह ट्रांजिशन फेज है।



भारत में बहुत से लोग समझ नहीं पाते हैं। लोग काफी भावुक हो जाते हैं, लेकिन आप जानते हैं कि आप भावनाओं को दूर रखना पड़ता है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ क्रिकेट से जुड़ा निर्णय है। मुझे लगता है कि यह एक खिलाड़ी के रूप में रोहित के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सामने लाएगा। उन्हें आनंद लेने दीजिए और कुछ अच्छे रन बनाने दीजिए।

# दिव्यांग होने के बावजूद कबड्डी सीरीज स्टार शिवन्नागौड़ा ने भरी हौसलों की उड़ान, भारत के लिए खेलना है सपना



**पुडुचेरी, एजेंसी।** कबड्डी अपनी तेजी और शारीरिक बल का प्रयोग करने वाले दमदार खिलाड़ियों के लिए जाना जाता है लेकिन कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने हौसले के दम पर दिव्यांग होने के बावजूद इस खेल में अपना जौहर दिखाया है।

कबड्डी को ग्रासरूट लेवल पर नया आयाम देने वाले युवा कबड्डी सीरीज में खेल रहे दिव्यांग शिवन्नागौड़ा एक ऐसे ही खिलाड़ी हैं। वे बोल-सुन नहीं सकते हैं, हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने इस सीजन टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया है और उनका सपना एक दिन भारत के लिए खेलना है। शिवन्नागौड़ा ने युवा कबड्डी सीरीज स्टार विंटर एडिशन 2023 में हम्पी हीरोज के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है और अबतक 16 मैचों में 51 अंक ले चुके हैं। हालांकि, कर्नाटक के रायचूर से आने वाले इस रेडर के लिए करियर की शुरुआत आसान नहीं रही और लोगों ने कदम-कदम पर खेलन को छोड़ने की सलाह दी। अपनी कहानी बयां करते हुए शिवन्नागौड़ा ने साइन लैंग्वेज बताया, मैंने अपने भाई शंकर गौड़ा को देखकर 18 साल की उम्र में कबड्डी खेलना शुरू किया।

जब गांव में लोगों को मेरा खेल पसंद आया और उन्होंने मुझे बेंगलुरू में एकेडमी में जाने की सलाह दी जिसे मैंने माना और मेरा सफर शुरू हो गया। ट्रेनिंग के शुरुआती वर्षों में मुझे लोगों से बात करने में कठिनाई होती थी। हालांकि, समय के साथ मैंने और आसपास के लोगों ने मुझसे बात करना सीख लिया। प्रैक्टिस या मैच के लिए यात्रा करते समय, मैं आसपास के व्यक्ति को फोन दे देता हूं और अपने परिवार को अपने अपने बारे में बताता हूं। मैं होठों की हरकतों और अपने आस-पास की स्थितियों को समझता हूं, जिससे बात करना थोड़ा आसान हो जाता है। मैच के दौरान भी मैं ऐसे ही बात करता हूं।

उन्होंने साइन लैंग्वेज में समझाया, शुरुआती दिनों में लोग मुझे कहते कि मैं कबड्डी में करियर बनाने का विचार मन से निकाल दूं क्योंकि मैं बोल-सुन नहीं सकता और इस वजह से मुझे खेलने में बहुत दिक्कत होगी। हालांकि, मैंने हार नहीं मानी और खेलना जारी रखा। मेरे माता–पिता को भी शुरुआत में चिंताएं थी क्योंकि हमारी वित्तीय स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं थी लेकिन धीरे-धीरे मैं अच्छा करने लगा और उनका विश्वास भी जीत लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट तीसरे वनडे से बाहर

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मंगलवार को खेले जाने वाले तीसरे वनडे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में क्वींसलैंड के बल्लेबाज बेन मैक्डरमॉट को शामिल किया गया है।



वेस्टइंडीज टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है। तीन वनडे मैचों की सीरीज के सिडनी में खेले गए दूसरे मैच में मैथ्यू शॉर्ट को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने 41 रन बनाए थे, लेकिन इंजरी की वजह से फील्डिंग के लिए मैदान में नहीं उतरे। इसी वजह से उन्हें तीसरे वनडे से बाहर होना पड़ा है।

**मैथ्यू के बाहर होने के बाद टीम में नहीं बचा कोई अतिरिक्त बल्लेबाज**

मैथ्यू के भी चोट की वजह से ऑस्ट्रेलियाई स्क्वाड से बाहर होने के बाद टीम में कोई अतिरिक्त बल्लेबाज नहीं बचा है। ट्रेविस हेड को मेलबर्न में खेले गए पहले वनडे के बाद उन्हें आराम दिया गया है। वहीं मैकडरमॉट ने शनिवार को तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में क्वींसलैंड के लिए नाबाद 146 रनों की शानदार पारी खेली। वह सोमवार को कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे।

# ओलंपिक : लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित पीटी उषा बोलीं- ओलंपिक की मेजबानी के लिए आईओसी से बात शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते वर्ष मुंबई में आयोजित आईओसी के सत्र में 2036 के ओलंपिक और यूथ ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जता चुके हैं। वहीं ओलंपिक के लिए आधिकारिक बोली आईओए की ओर से ही लगाई जानी है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कहा कि 2036 के ओलंपिक और 2030 के यूथ ओलंपिक की मेजबानी के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के फ्यूचर होस्ट कमीशन से बातचीत शुरू कर दी गई है। यह पहली बार है जब आईओए ने स्वीकार किया है कि ओलंपिक की बोली के लिए उसकी ओर से आईओसी से बातचीत शुरू की जा चुकी है।

### सीईओ नहीं हटेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते वर्ष मुंबई में आयोजित आईओसी के सत्र में 2036 के ओलंपिक और यूथ ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जता चुके हैं। वहीं ओलंपिक के लिए आधिकारिक बोली आईओए की ओर से ही लगाई जानी है। उषा ने आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति का समर्थन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकारी समिति के विरोध के बावजूद वह इसे वापस नहीं लेंगी।



उनकी नियुक्ति साफ-सुथरे तरीके से की गई है। उन्होंने कार्यभार संभाल लिया है और वह आगे भी कार्य जारी रखेंगे।

### शुक्ला और राणा ने किया सम्मानित

इस मौके पर भारतीय खेल पत्रकार संघ और दिल्ली खेल पत्रकार संघ की ओर से पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। उन्हें स्वर्ण पदक बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और प्रमाण पत्र जाने-माने निशानेबाज जसपाल राणा ने प्रदान किया। विजय अमृतराज, प्रकाश पादुकोण, सुनील गावस्कर और मिल्खा सिंह के बाद वह यह अवॉर्ड प्राप्त करने वाली पांचवीं खिलाड़ी हैं।

## एक नजर

### छेड़खानी मामले में दो को पांच साल कैद

**औरंगाबाद (कां. सं.)।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की के घर में घुसकर छेड़खानी और मारपीट करने के दो आरोपियों रिसियप थाना के सुंदरगंज निवासी विशाल कुमार और कुंदन कुमार को भादवि की सुसंगत धाराओं और पोक्सो एक्ट में सजा और जुर्माना सुनाया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्तों को भादवि की धारा 323 में एक साल की सजा और एक हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी। धारा 354 में तीन साल की सजा, पांच हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी। धारा 452 में पांच साल की सजा और दस हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी। धारा 456 में तीन साल की सजा, दस हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी, और 8 पोक्सो एक्ट में चार साल की सजा और दस हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। दोनों अभियुक्तों को 03 फरवरी को निर्णय पर दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था।

### 10 फरवरी को होगा गौरेश्वर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**नवीनगर (औरंगाबाद) (कां. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ ग्राम पंचायत के चंद्रगढ़ गांव निवासी शिक्षाविद् गौरेश्वर नारायण सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह 10 फरवरी को आयोजित किया जाएगा डॉ० जी पी सिंह एन के एन सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज एवं जी एन एस टीचर ट्रेनिंग कॉलेज चंद्रगढ़ के सचिव पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गौरेश्वर नारायण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पदम श्री डॉर रवीन्द्र नारायण सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह बिहार विधान परिषद पूर्व सदस्य पूर्व अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह सम्मानित अतिथि के द्वारा किया जाएगा।

### बाइक से महुआ शराब ले जा रहा धंधेबाज गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (कां. सं.)।** गोह के उपहारा थाना मुख्यालय के मध्य विद्यालय के समीप पुलिस ने बाइक से जाते हुए एक धंधेवाज को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया की गुप्त सूचना मिली कि मध्य बिद्यालय के समीप बाइक से एक युवक शराब ले जा रहा है।सत्यापन को लेकर निकली पुलिस ने बिद्यालय के समीप से खैरा गांव निवासी बीरेंद्र पासवान के पुत्र अखिलेश पासवान को बाइक से ले जाते हुए साढ़े तीन लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया।

# अपराधियों ने एक किसान को मारी गोली, घटना की जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** अज्ञात अपराधियों ने 40 वर्षीय एक किसान को गोली मारकर हत्या कर दी। मामला औरंगाबाद ज़िले के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेय कर्मा गांव की हैं। रविवार की देर रात घटना को अंजाम दिया गया। किसान की पहचान उस गांव के कमलेश पांडेय के रूप में हुई है। घटना को लेकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर तहकीकात शुरू कर दी। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। सोमवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि कमलेश गांव में ही खेतीबारी का कार्य करते थे। रविवार की रात अपने गांव से पश्चिम दिशा की ओर विद्यालय के समीप शिव मंदिर के समीप बैठे हुये थे, इसी क्रम अज्ञात अपराधियों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी तक हुई, जब इस रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति की नज़र ज़मीन पर पड़े कमलेश पर पड़ी तो, आसपास शोर मचाया जिसकी शोर सुनकर आस-पास और परिजन दौड़ पड़े। इसके बाद परिजन कमलेश को जिंदा समझकर अस्पताल लेकर गये, जहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन शव से लिपटकर चित्कार कर उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पुरी करायी और परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के भाई अखिलेश पांडेय ने बताया कि कमलेश गांव मे ही खेतीबारी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गांव में किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, गोलीबारी की घटना कैसे और क्यों हुई जिसका कारण स्पष्ट नहीं है। मृतक का एक बेटा और एक बेटी है। बड़ा बेटा इशांत कुमार (20 वर्ष) पटना में रहकर पढ़ाई करता है, बेटी रिचा पांडेय (18 वर्ष) घर पर ही रहकर पढ़ाई करती है। घटना के बाद से पत्नी संजू पांडेय समेत अन्य परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना को लेकर युवक की पत्नी ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मंडल ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# कोर्ट ने आचार संहिता के उल्लंघन मामले में किया नवीनगर के विधायक समेत 21 को बरी

- विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह ने कहा कि हम सब पर परेशान करने के लिए झुठा मुकदमा दर्ज कराया गया था।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एसीजेएम-1 के कोर्ट ने बारूण थाना कांड संख्या-24/21,जीआर-191/21, टीआर-2224/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह समेत 21 आरोपियों साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया है। अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह तथा जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिकी के सभी अभियुक्त विजय कुमार सिंह, कामता सिंह, अरविंद सिंह, मनीष कुमार, सुशील कुमार, हरेंद्र पाल, रणधीर सिंह, सरोज कुमार चौधरी, युगल यादव, चंदन कुमार, ददन सिंह, राजा सिंह, सतीश कुमार सिंह, ललन सिंह, बलि सिंह, सुनील यादव, अमरेश शर्मा, अनुज कुमार, संजय कुमार, नितीश कुमार तथा सतीश कुमार को भादंवि की धारा-186, 188, 434, 290, 341, 147, 149, 427, 353 और 3/4 सरकारी सम्पत्ति विरूपण अधिनियम में साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया है। अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी 03 फरवरी 2021 को दर्ज की गई थी जिसमें कहा गया था कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोननगर स्थित रेलवे ब्रिज के दोनों तरफ लगें हाइट गेज को तोड़ा जा रहा है जो रेलवे ब्रिज को बड़े वाहनों से क्षतिग्रस्त होने से बचाने और अवैध खनन कर राजस्व चोरी से बचाने के लिए लगाया गया था। प्राथमिकी सूचक मुकेश कुमार ने फोन पर मिले सूचना के आधार पर प्राथमिकी उल्लेखितों पर दर्ज कराई थी। नवीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह ने कहा कि हम सब पर परेशान करने के लिए झुठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। हमें न्याय के लिए न्यायालय पर पूरा विश्वास था और आज सत्य की जीत हुई है।

### औरंगाबाद में छह फरवरी से मौसम साफ होने की संभावना

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद में 6 फरवरी से मौसम साफ रहने की संभावना है। कृषि विज्ञान केंद्र, सिरिस के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे ने बताया कि मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी पांच दिनों- 6, 7, 8, 9 व 10 फरवरी को अधिकतम तापमान 25, 26, 24, 24 व 22.5 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 13, 10.5, 8.5, 7 व 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र में 3.5 एमएम बारिश दर्ज किया गया है।

इस हल्की बारिश से सभी फसलों को लाभ ही हुआ है। सबसे ज्यादा दलहन फसलों को क्योंकि अधिकतर किसान दलहन फसलों में सिंचाई नहीं करते हैं। सरसों के फसल जिसमें फूल आया है, उसमे थोड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि धान की फसल विलम्ब से कटाई होने के कारण रबी फसलों की बुआई भी विलम्ब से हुई थी।

# गोह शहर में जाम की समस्या से नहीं मिल रहा निजात, लोग परेशान

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह शहर में जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। आए दिन लोगों को घंटों जाम में उलझना पड़ रहा है। जाम की समस्या को दूर करने के लिए कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। कहने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम तो लगा है मगर इसकी उपयोगिता साबित नहीं हो पा रही है। सड़क किनारे लग रही दुकानें जाम का कारण बन रही है।साथ ही कुछ लोग सड़क किनारे बेतरतीब ढ़ंग से वाहन खड़ी कर खरीदारी करने चले जाते है जिससे जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है। कभी-कभी तो जाम के चलते वाहन रेंगते नजर आते है। गोह जगतपति चौराहे से लेकर थाना तक जाम की सबसे ज्यादा समस्या है। यहां हर दिन जाम की नौबत आ जाती है। जाम को खत्म कराने के लिए यहां लगे थाना पुलिसकर्मी के पसीने छूटे जाते है। जाम से बचने के लिए लोग दूसरा रास्ता ढ़ंढते है। फुटपाथ पर अतिक्रमण व बड़े वाहनों के चलते यहां भी जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। लंबा जाम देखकर लोग अपना रास्ता बदल लेते है। बाइक सवार लोगों को गलियों का सहारा लेना पड़ता है।

### बड़े बकायेदारों पर निगम ने शुरू की कार्रवाई, 40 लाख की हुई वसूली

**पटना(नि.सं.)।** संपत्ति कर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सोमवार को पटना नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी। पहले दिन 10 लोगों के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई होनी थी, लेकिन इससे पहले ही लोगों ने बकाया 40 लाख रुपये जमा कर दिया। पटना नगर निगम ने 220 बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की जब्ती का नोटिस भेजा था। ऐसे लोगों पर एक लाख रुपये से अधिक बकाया है। सोमवार को बड़े बकायेदारों के घर नगर निगम की टीम पुलिस के साथ पहुंची थी। टीम ने बकाये राशि के लिए दबाव बनाया अन्यथा संपत्ति को कुर्क करने की चेतावनी दी गई। उसके बाद लोगों ने बकाया राशि जमा की। पटना नगर निगम की ओर से नवंबर 2023 में ही सभी बकायेदारों को नोटिस एवं मांग पत्र निर्गत कर दिया गया था।

### शिक्षक को किया गया निलंबित

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के नवीनगर स्थित राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक सुदर्शन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। नवीनगर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह नगर शिक्षक नियोजन समिति के सचिव ने एक पत्र जारी किया है। जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि उच्चतर माध्यमिक शिक्षक सुदर्शन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा रहा है। इस अवधि में उनका मुख्यालय राजकीय कृत कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, नवीनगर होगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुकूल जीवन यापन भत्ता दिया जाएगा। वहीं विभागीय कार्रवाई संचालित करने के लिए अलग से पत्र निर्गत करने की बात कही गई है। इसकी प्रतिलिपि संबंधित शिक्षक के अलावा प्रभारी प्रधानाध्यापक और स्थापना डीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को दी गई है। औरंगाबाद के स्थापना डीपीओ के निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है।

# एसडीपीओ ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्ला खां ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में सदर अनुमंडल के सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में एसडीपीओ ने बालू के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध सतत छापेमारी करने, मद्य निषेध अभियान के तहत निरंतर छापेमारी, प्रतिवेदित कांडों का ससमय निष्पादन, महिला एवं बालकों से संबंधित अपराधों पर त्वरित अनुसंधान, वारंट-कुर्की का ससमय निष्पादन, क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने, एससी-एसटी मामलों का त्वरित अनुसंधान एवं अन्य विविध मामलों में कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# महिला मजदूरों के बच्चों की देखभाल के लिए खुलेगा मॉडल पालना घर

निज संवाददाता



**पटना।** महिला मजदूरों के बच्चों की देखभाल के लिए पटना में मॉडल पालना घर खुलेगा, जहां महिला मजदूरों के बच्चों के रहने की सुविधा होगी। जीविका के सतत जीविकोपार्जन योजना-शहरी की मदद से मोबाइल क्रेचेज की ओर से पालना घर खोला जाएगा। पालना घर गायघाट स्थित रैन बसेरा में खोला जाएगा। महिला मजदूरों की परेशानी यह होती है कि या तो वे काम पर अपने बच्चों को नहीं ले जा पाती जिनसे उनके बच्चे की ठीक ढंग से देखभाल नहीं हो पाती। या फिर बच्चे को काम पर ले जाने के कारण उनके कार्य की अवधि घट जाती है, जिससे उन्हें अच्छी मजदूरी नहीं मिल पाती। इसी समस्या के समाधान के लिए यह मॉडल पालना घर खोला जा रहा है। मोबाइल क्रेचेज के राज्य प्रतिनिधि रूपेश सिन्हा ने बताया कि बिहार में पायलट प्रोजेक्ट के तहत पालना घर खोला जा रहा है। यह अत्यंत गरीब परिवारों के लिए है। इससे पहले गया में एक मॉडल पालना घर खोला गया है। पटना में यह पहला है। पूरे बिहार में यह मॉडल लाया जाएगा।

खाने- पीने के साथ देखभाल की होगी व्यवस्था : पालना घर में 0-3 साल तक के बच्चों को रखा जाएगा। देखभाल के लिए दो कर्मी 8 घंटे तक मौजूद रहेंगे। उनके पोषण का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। पालना घर में केवल पंद्रह बच्चे रखे जाएंगे। नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से रैन बसेरा में इसके लिए जगह दी गई। गौरतलब है कि पटना में कई सरकारी विभागों में पालना घर है, लेकिन यहां खोले जाने वाले पालना घर अत्यंत गरीब कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए हैं, इसलिए यह घर मॉडल पालना घर होगा।

# राज्य में अपराध से जुड़े मामलों के आंकड़े तीन स्तरों पर संग्रहित होंगे

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अपराध से जुड़े मामलों के आंकड़े तीन स्तरों पर संग्रहित होंगे। राज्य के सभी थानों, रेल सहित सभी जिलों एवं पुलिस मुख्यालय में डाटा सेंटर के माध्यम से आंकड़ों को संग्रहित किया जाएगा। इस सेंटर से प्राप्त होने वाले आंकड़े के आधार पर पुलिस के क्रियाकलाप तथा कार्यकुशलता में और उत्कृष्टता लाने एवं जन सेवा की भावना से कार्य करने के लिए नीतियां बनायी जाएगी। सोमवार को अपर सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण) विशाल शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

एआईजी विशाल शर्मा ने बताया कि राज्य के एक हजार से अधिक थानों, रेल जिला सहित सभी जिलों तथा पुलिस मुख्यालय में अपने विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए त्रिस्तरीय डाटा सेंटर की स्थापना की गयी है। प्रत्येक सेंटर में डाटा इंट्री के लिए एक पुलिस अवर निरीक्षक तथा कम से कम तीन पुलिसकर्मियों को तैनात करने के उद्देश्य से सभी सेंटरों में 3692 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों की तैनाती की गयी है। श्री शर्मा ने बताया कि त्रि-स्तरीय डाटा सेंटरों में तैनात 2200 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इनमें करीब 60 प्रतिशत महिलाएं तथा 40 प्रतिशत पुरूष पुलिसकर्मी है। शेष तैनात कर्मियों को भी जल्द ही प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों द्वारा डाटा संग्रह का काम शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस के मिशन जनसेवा के तहत 9 प्रकार की पुलिस सेवाएं डाटा सेंटरों के माध्यम से ऑनलाइन या वाट्सएप के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसके लिए पूर्व में ही निर्णय लिया गया था।

# चलती ट्रेन से गिरी युवती, आरपीएफ ने इलाज के लिए कराया भर्ती



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सोमवार को रफीगंज रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरकर एक युवती घायल हो गयी। घायल की पहचान गया जिला के गुरारू प्रखंड के खेखरा गांव निवासी ललन यादव के 16 वर्षीय पुत्री चिलम कुमारी के रूप में की गई है। आरपीएफ के एएसआई नितेश कुमार, आरक्षी उपेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस बल ने इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर विनोद कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायल ने बताया कि वह परीक्षा देने गई थी। महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन की जगह बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर चढ़ गई। रफीगंज स्टेशन पर ट्रेन धीमा होने के कारण वह उतरने की कोशिश की जिससे वह जख्मी हो गई। डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि घायल को सिर में चोट है।

# 14 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य आशा संघ, बिहार राज्य आशा फैसिलिटेटर संघ, बिहार राज्य वैक्सिन कुरियर संघ, बिहार राज्य ममता संघ एटक के बैनर तले सोमवार को जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया गया।

14 सूत्री मांगों को लेकर किया गया। संघ के महासचिव कौशलेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि सभी वेतन 25 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग किया। उन्होंने कहा कि मांग पूरा नहीं होने तक सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। उनके नेतृत्व में पटना जिला के एडीएम राजेश रोशन से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात बताया कि 15, 16 व 17 फरवरी को जेल भरो अभियान कार्यक्रम किया जाएगा। 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल है।

# डा. अनिल सुलभ की अध्यक्षता में भारत मौरिशस मैत्री संघ का हुआ पुनर्गठन

निज संवाददाता



**पटना।** भारत-मौरिशस मैत्री संघ का पुनर्गठन किया गया है। संघ के निर्वाचित अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने अपनी 35 सदस्यीय नयी कार्यसमिति अधिसूचित की है। नयी कार्य समिति में ६ उपाध्यक्ष, एक प्रधान सचिव, छह महासचिव, 6 सचिव बनाए गए हैं। पुनर्गठित मैत्री संघ में, डा अनिल सुलभ (अध्यक्ष), डा उपेंद्र नाथ पाण्डेय, श्री संजय मयूख, डा शंकर प्रसाद, डा राज कुमार नाहर, डा मधु वर्मा, दिलीप कुमार (सभी उपाध्यक्ष), पारिजात सौरभ (प्रधान सचिव), डा पूनम आनंद, राजेश भट्ट, देव नारायण ओझा, डा पुष्पा जमुआर, प्रो सुशील कुमार झा, ई अशोक कुमार (सभी महासचिव), शशि भूषण कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, सागरिका राय, डा शालिनी पाण्डेय, (सभी सचिव), कुमार अनुपम (कोषाध्यक्ष), श्याम बिहार प्रभाकर, डा प्रतिभा रानी, चंदा मिश्र, कमल किशोर वर्मा, सदानन्द प्रसाद, इन्दु उपाध्याय, डा विद्या चौधरी, डा पीयूष रंजन झा, प्रेमलता सिंह राजपुत, डा सुषमा कुमारी, किरणकांत वर्मा, सिद्धेश्वर, नीरव समदर्शी तथा नेहाल कुमार सिंह 'निर्मल' (सभी कार्यकारिणी सदस्य ) सम्मिलित किए गए हैं। स्मरणीय है कि गत आठ जनवरी को संपन्न हुई मैत्री-संघ की आमसभा में संघ के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ को सर्वसम्मति से आगामी कार्यकाल के लिए पुनः अध्यक्ष निर्वाचित करते हुए उन्हें नयी कार्यसमिति गठित करने के लिए अधिकृत किया गया था। डा सुलभ के अनुसार, भारत में मौरिशस के राजदूत रहे मुखेश्वर चुनी, जिनकी उपस्थिति में वर्ष 2005 में संघ की स्थापना की गयी थी, संघ के मुख्य संरक्षक तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की साहित्यकार और मौरिशस सरकार द्वारा गठित 'भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन' की अध्यक्ष डा सरिता बुधु और पूर्व सांसद डा रवींद्र किशोर सिन्हा संरक्षक बनाए गए हैं।

# तीनों साहित्यिक विभूतियों की जयंती पर साहित्य सम्मेलन में दी गयी गीतांजलि

- हिन्दी साहित्य के गौरव-स्तम्भ हैं आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री
- महनीय है मथुरा प्रसाद दीक्षित और पं शिवदत्त मिश्र का साहित्यिक अवदान

निज संवाददाता



**पटना।** गीति-साहित्य के अतुल्य कवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री बिहार के ही नहीं, हिन्दी साहित्य के विशाल आगार के गौरव-स्तम्भ हैं। हिन्दी के गीत-साहित्य की चर्चा, उनके विना सदा अधूरी रहेगी। हिन्दी-साहित्य से 'गीत' बेमौत मर गया होता, यदि जानकी जी और नेपाली जैसे कवियों ने इसमें प्राण न फूंके होते। वे संस्कृत और हिन्दी के मूर्द्धन्य विद्वान तो थे ही साहित्य और संगीत के भी बड़े तपस्वी साधक थे। कवि-सम्मेलनों की वे एक शोभा थे। अपने कोकिल-कंठ से जब वे गीत को स्वर देते थे, हज़ारों-हज़ार धड़कने थम सी जाती थी। यह बातें सोमवार को, महाकवि जानकी वल्लभ शास्त्री, आचार्य मथुरा प्रसाद दीक्षित और चिंतकि कवि पं शिवदत्त मिश्र की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, इन तीनों विभूतियों को एक साथ स्मरण करना किसी बड़े तीर्थ की यात्रा के समान है। उन्होंने कहा कि मथुरा प्रसाद दीक्षित हिन्दी के विद्वान आचार्य, स्वतंत्रता-सेनानी, वरेण्य साहित्यकार और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापकों में से एक थे। डा सुलभ ने पं शिवदत्त मिश्र को स्मरण करते हुए कहा कि, मिश्र जी एक संवेदनशील कवि और दार्शनिक-चिंतन रखने वाले साहित्यकार थे।'कैवल्य' नामक उनके ग्रंथ में, उनकी आध्यात्मिक विचार-संपन्नता और चिंतन की गहराई देखी जा सकती है।

इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए, सम्मेलन के प्रधान मंत्री डा शिववंश पाण्डेय ने महाकवि के साहित्यिक-कृतित्व की सविस्तार चर्चा की तथा उन्हें गीत का शिखर-पुरुष पुरुष कहा। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा मधु वर्मा, प्रो जंग बहादुर पाण्डेय, प्रो सुशील कुमार झा, राजेश भट्ट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ स्वर्गीय शिवदत्त जी की पत्नी और कवयित्री चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवयित्री डा मीना कुमारी परिहार, डा शालिनी पाण्डेय, कुमार अनुपम, जय प्रकाश पुजारी, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सदानन्द प्रसाद, मधुरानी लाल, नेहाल कुमार सिंह 'निर्मल', बिन्देश्वर गुप्ता, ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के संरक्षक सदस्य ई अवध बिहारी सिंह, डा विजय कुमार, सत्य प्रकाश, नन्दन कुमार मीत, अमन वर्मा, राहूल कुमार, मयंक कुमार मानस, उषा सिंह आदि प्रबुद्धजन आयोजन में उपस्थित थे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433